स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, बृहस्पतिवार
15 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 3
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -263 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर


मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

## मां वैष्णो देवी मंदिर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा बहाल

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा बुधवार को फिर से शुरू हो गई। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य गतिरोध के कारण यह सेवा करीब एक सप्ताह से निलंबित थी। हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने से एक दिन पहले ही जम्मू और श्रीनगर सहित 32 हवाई अड्डों पर उड़ानें बहाल की गई थीं। दोनों पड़ोसी देशों के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद यह कदम उठाया गया है।

## 21 दिन बाद बीएसएफ जवान की भारत वापसी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने बुधवार को पंजाब में अटारी-वाघा सीमा के रास्ते 23 अप्रैल को पकड़े गए बीएसएफ जवान

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बैकफुट पर पाकिस्तान

पूर्णम कुमार शॉ को भारत को सौंप दिया। कॉन्स्टेबल को पाकिस्तान रेंजर्स ने सुबह 10.30 बजे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सौंप दिया गया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार की गई।

दरअसल, पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) को गलती से पार करने के बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान को पकड़ लिया था। मामला 23 अप्रैल का है। जवान की पहचान 182वीं बीएसएफ बटालियन के कॉन्स्टेबल पूर्णम कुमार शॉ के रूप में हुई थी। वह भारत-पाकिस्तान सीमा के पास खेत के पास ड्यूटी पर थे। नियमित गतिविधि के दौरान वे अनजाने में भारतीय सीमा की बाड़ को पार कर पाकिस्तानी क्षेत्र में चले गए थे, जहां उन्हें पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। पूर्णम मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रिशरा के रहने वाले हैं।

### पत्नी बोलीं मोदी हैं तो सब कुछ संभव है

पश्चिम बंगाल में पूर्णम की पत्नी रजनी शॉ ने उनकी सुरक्षित रिहाई के लिए पीएम मोदी और केंद्र को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी हैं तो सब कुछ संभव है। 22 अप्रैल को जब पहलगाम हमला हुआ तो उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए 15-20 दिन के अंदर सबके सुहाग का बदला ले लिया। 4-5 दिन बाद उन्होंने मेरे 'सुहाग' को वापस ला दिया। इसलिए मैं हाथ जोड़कर दिल से आभार व्यक्त करना चाहती हूं।




सेनाओं के सम्मान में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' को रवाना करते सीएम योगी आदित्यनाथ व अन्य।

## हाईकोर्ट की फटकार के बाद मंत्री विजय शाह पर एफआईआर दर्ज



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर आखिर बुधवार को रात 12 बजे के पहले एफआईआर दर्ज हो ही गई। यह केस महू के मानपुर थाने में दर्ज किया गया। इसमें उन सभी धाराओं का उल्लेख है जिनके बारे में कोर्ट ने कहा था। इससे पहले आज दिन में हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सख्ती दिखाई थी और कहा था कि आज ही केस दर्ज किया जाए। मालूम हो कि कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए विवादित बयान के बाद विजय शाह का लगातार विरोध हो रहा है। मंत्री विजय शाह मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश का अक्षरशः पालन होगा। उन्होंने विधि सम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

# अब चौराहों पर लगेगी मिलावटखोरों की तस्वीर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की



जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं जो लगातार निगरानी रखें।

साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ होना चाहिए। योगी को बताया गया कि राज्य में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं के नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्व में कार्यरत छह प्रमुख मंडलों के अलावा अब अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन मंडलों में भी नई प्रयोगशालाएं और कार्यालय स्थापित किए गए हैं। लखनऊ, गोरखपुर और झांसी में प्रयोगशाला भवनों का उच्चीकरण किया गया है। औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा भी बैठक में की गई।

## न्यायमूर्ति बीआर गवई बने भारत के 52वें सीजेआई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश और देश के पहले बौद्ध न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उन्हें राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में एक संक्षिप्त समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली है जो 65 वर्ष की आयु होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति गवई न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन के बाद भारतीय न्यायपालिका का नेतृत्व करने वाले दूसरे दलित प्रधान न्यायाधीश हैं।

न्यायमूर्ति गवई ने महाराष्ट्र के अमरावती में 24 नवंबर 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति गवई को 24 मई 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उनका कार्यकाल छह महीने से अधिक समय का होगा और वह 23 नवंबर तक पद पर रहेंगे। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में 24 मई 2019 को पदोन्नत किए गए न्यायमूर्ति गवई उन संविधान पीठों का हिस्सा थे, जिन्होंने अनुच्छेद 370, चुनावी बॉण्ड और 1,000 रुपये एवं 500 रुपये के नोट को अमान्य घोषित किए जाने सहित कई महत्वपूर्ण मामलों पर फैसले सुनाए।

## दिल्ली हाई कोर्ट का फैसला : पति का विवाहेतर संबंध 'क्रूरता' नहीं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि किसी व्यक्ति का विवाहेतर संबंध क्रूरता या आत्महत्या के लिए उकसाने के समान नहीं है, जब तक कि यह साबित न हो जाए कि इससे पत्नी को परेशान या पीड़ा हुई है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि विवाहेतर संबंध दहेज हत्या के लिए पति को फंसाने का आधार नहीं है, क्योंकि कथित संबंध और दहेज की मांग के बीच कोई संबंध नहीं है। इसके परिणामस्वरूप, अदालत ने एक व्यक्ति को जमानत दे दी, जिसे 18 मार्च, 2024 को अपनी पत्नी की उसके ससुराल में अप्राकृतिक मृत्यु के बाद आईपीसी की धारा 498ए (क्रूरता)/304-बी (दहेज हत्या) के अलावा धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत गिरफ्तार किया गया था। यह घटना शादी के लगभग पांच साल के भीतर हुई थी। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने इस बात का संकेत देने के लिए सामग्री का सहारा लिया कि आवेदक एक महिला के साथ विवाहेतर संबंध में शामिल था। इसके समर्थन में कुछ वीडियो और चैट रिकॉर्ड का हवाला दिया गया है। हालांकि, यह मानते हुए भी कि ऐसा कोई संबंध था, कानून में यह तय है कि विवाहेतर संबंध, अपने आप में, धारा 498ए आईपीसी के तहत क्रूरता या धारा 306 आईपीसी के तहत उकसावे के दायरे में नहीं आता है, जब तक कि यह नहीं दिखाया जाता है कि मृतक को परेशान करने या पीड़ा पहुंचाने के लिए संबंध बनाए गए थे। फैसले में कहा गया विवाहेतर संबंध आरोपी को धारा 304बी आईपीसी के तहत फंसाने का आधार नहीं हो सकता।

## जेवर में बनेगी भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रीमंडल की बुधवार को हुए बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। यह इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। केंद्र सरकार का कहना है कि पांच सेमीकंडक्टर इकाइयां पहले से ही निर्माण के उन्नत चरणों में हैं।

## 'अमेरिकी पापा ने वॉर रुकवा दी क्या?'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब में एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता कराने का श्रेय लिए जाने पर कांग्रेस ने विवादित टिप्पणी की और कहा

### संघर्ष विराम पर ट्रंप के बयान को लेकर कांग्रेस की विवादित टिप्पणी

कि प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को इस बारे में बताना चाहिए कि क्या उन्होंने अमेरिका के दबाव में देश के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया? कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कुछ दिन पहले हमें ट्रंप से पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम का पता चला। अब कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने संघर्ष विराम के लिए व्यापार प्रतिबंध की धमकी दी थी।जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि



'इस बारे में बातूनी प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है? क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव में भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया?' बीते साल भाजपा ने इस बात को खूब प्रचारित किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस-यूक्रेन वॉर रुकवा दी। इसके लिए एक विज्ञापन भी तैयार कराया, जिसमें दिखाई दिया कि एक लड़की ने अपने पिता से कहा कि मैंने कहा था ना कि कैसी भी परिस्थिति हो, मोदी जी हमें घर ले आएंगे, वॉर रुकवा दी पापा और फिर हमारी बस निकाली पापा।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा सवाल

## सेना की कानूनी शाखा में क्यों नहीं जा सकतीं महिलाएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया है कि अगर महिलाएं भारतीय वायुसेना में राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती हैं

### कहा राफेल उड़ा सकती हैं तो इसमें क्या मुश्किल है

तो फिर वे सेना की कानूनी शाखा में शीर्ष पदों पर क्यों नियुक्त नहीं हो सकतीं? सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है और केंद्र सरकार के जवाब के बाद पीठ अपना फैसला सुना सकती है। पीठ ने दो महिला अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की



याचिका पर फैसला सुरक्षित करते हुए यह टिप्पणी की।

याचिकाकर्ताओं ने बताया कि जज एडवोकेट जनरल की परीक्षा में उनकी चौथी और पांचवीं रैंक आई थी, इसके बावजूद उनसे कम रैंकिंग वाले पुरुष अधिकारियों की नियुक्ति की गई। याचिका में कहा गया है कि विभाग में सिर्फ छह पद निकले थे, जिनमें से महिलाओं के लिए तीन ही रिक्तियां थीं। सुनवाई के बाद जस्टिस दत्ता ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एश्वर्या भाटी से पूछा कि अगर भारतीय वायुसेना में महिलाएं लड़ाकू विमान राफेल उड़ा सकती हैं तो फिर सेना की जज एडवोकेट जनरल पदों पर ज्यादा महिलाओं को शामिल करना क्यों मुश्किल है? इसके साथ ही पीठ ने याचिकाकर्ता अर्शनूर कौर को सेना की कानूनी शाखा में शामिल करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी याचिकाकर्ता आस्था त्यागी ने भारतीय नौसेना ज्वाइन कर ली है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने केंद्र से सवाल किया कि उन्होंने महिलाओं के लिए कम पद निर्धारित किए हैं, जबकि दावा किया गया है कि ये पद लैंगिक रूप से तटस्थ हैं।

## भुज एयरबेस का दौरा करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भुज एयरबेस का दौरा करेंगे। वे शुक्रवार को भुज पहुंचेंगे। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री शुक्रवार और शनिवार को दो दिनों के लिए गुजरात में भारत-पाकिस्तान सीमा का दौरा करेंगे। उनके साथ पश्चिमी वायु कमान प्रमुख भी होंगे।

## अब बुलेटप्रूफ कार में चलेंगे विदेश मंत्री जयशंकर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में बढ़ोतरी की जा रही है। एजेंसी ने

### पाकिस्तान से तनाव के बीच बढ़ाई गई सुरक्षा

सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान से तनाव के बीच जयशंकर अब बुलेटप्रूफ कार में चलेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जयशंकर की बढ़ी हुई सुरक्षा में विशेष बुलेटप्रूफ कार को शामिल किया है। दिल्ली में उनके आवास के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जयशंकर को पहले से ही जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है, जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो की ओर से प्रदान की जाती है। उनकी सुरक्षा के लिए 33 कमांडो की एक टीम 24 घंटे तैनात रहती है। पिछले साल अक्तूबर में जयशंकर की सुरक्षा का स्तर वाई से बढ़ाकर जेड श्रेणी कर दिया गया था।

## छत्तीसगढ़ में इस साल मारे गए 31 नक्सली : पुलिस

**रायपुर।**छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा में,

### नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या तेजी से घटी

सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने घोषणा की कि भारत में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या नाटकीय रूप से घट गई है - 126 से घटकर सिर्फ 18 रह गई है। यह विकास संघर्ष क्षेत्र के केंद्र में वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के भारत के चल रहे प्रयासों में एक प्रमुख मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लिए गए संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने 31 शव (नक्सलियों के) बरामद किए हैं और यह 1200 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र है और हमें जानकारी है कि बड़ी संख्या में नक्सलियों को निष्प्रभावी कर दिया गया है। ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि निष्प्रभावी किए गए 31 नक्सलियों में से 28 की पहचान कर ली गई है। ऑपरेशन को ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया गया था और कोबरा, सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस की टीमें इस ऑपरेशन में शामिल थीं। इससे पहले किसी भी ऑपरेशन में इतनी बड़ी बरामदगी कभी नहीं हुई। यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। सीआरपीएफ प्रमुख ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान का विवरण भी दिया।

## शोपियां में हथियारों का जखीरा बरामद

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। 13 मई को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की थी।

## उपलब्धि : ड्रोन के झुंड से निपटेगा भारत का 'भार्गवास्त्र'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** ड्रोन के झुंड का मुकाबला करने के लिए अब भारत ने भार्गवास्त्र

### गोपालपुर फायरिंग रेंज में हुआ सफल परीक्षण

विकसित कर लिया है। इसे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड ने तैयार किया है। हार्ड किल मोड में तैयार हुआ कम लागत वाला यह काउंटर ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन का मुकाबला करेगा। काउंटर-ड्रोन सिस्टम में इस्तेमाल किए गए माइक्रो रॉकेटों का गोपालपुर के सीवर्ड फायरिंग रेंज में कठोर परीक्षण किया गया। यह परीक्षण पूरी तरह सफल रहा।

भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 13 मई 2025 को गोपालपुर में रॉकेट के तीन परीक्षण किए गए। एक-एक रॉकेट दागकर दो परीक्षण किए गए। इसके बाद एक परीक्षण दो सेकंड के भीतर साल्वो मोड में दो रॉकेट दागकर किया गया। सभी चार रॉकेटों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों को कम करने में तकनीक की बड़ी भूमिका निभाते हुए आवश्यक लॉन्च मापदंडों को हासिल किया।




### भार्गवास्त्र की विशेषताएं

भार्गवास्त्र 2.5 किमी तक की दूरी तक आने वाले छोटे ड्रोन का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम है। इसमें लगा माइक्रो रॉकेट 20 मीटर तक की घातक त्रिज्या वाले ड्रोन के झुंड को बेअसर कर सकता है। जबकि इसकी दूसरी परत में लगी माइक्रो मिसाइल प्वाइंट सटीकता के लिए है। एसडीएएल ने इसमें मॉड्यूलर प्रणाली का उपयोग किया है। इसके चलते उपयोगकर्ता इसके सेंसर और शूट को नियंत्रित कर सकते हैं। नई सीवाईएल तकनीकी से बने इस हथियार का रडार छह से 10 किमी दूर से छोटे हवाई खतरों का पता लगा सकता है। यह ड्रोन मेक इन इंडिया मिशन के लिए एक और उपलब्धि है।

## एक माह से सैटेलाइट इमेज खरीद रहा था पाक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** पहलगाम में जब हमला हुआ उससे पहले वहां की सैटेलाइट तस्वीरें पाकिस्तान ने खरीदी थी। सैटेलाइट इमेज बेचने वाली कंपनी मैक्सर से पाकिस्तानी फर्म बीएसआई ने ये

### पहलगाम पर साजिश

### अमेरिका के खुलासे से असलियत आई सामने

तस्वीरें खरीदी और उसके बाद किस तरह से पहगलाम में हमला करने की साजिश रची गई। भारत के मीडिया संस्थान द प्रिंट ने पहलगाम हमले और उसके बाद के घटित घटनाक्रम को लेकर बहुत बड़े खुलासे किए हैं। दरअसल, अमेरिका की एक कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजी भू स्थानिक फर्म है। वो सैटेलाइट इमेज कैप्चर करती है। उसके पास रियल टाइम इमेज होता है। वहीं बिजनेस सिस्टम



इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (बीएसआई) यूएस कंपनी है। ये पाकिस्तानी कंपनी है। पहलगाम हमले के कुछ दिनों पहले अचानक पाकिस्तान की बीएसआई प्राइवेट लिमिटेड ने अमेरिका की कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजी को बड़े पैमाने पर पहलगाम की सैटेलाइट इमेज का ऑर्डर दिया।

लगातार जब तक पहलगाम की घटना घटी नहीं यानी 1 तारीख तक रोजाना बीएसआई प्राइवेट लिमिटेड ने मैक्सार टेक्नोलॉजी से पाक रोज मंगाता रहा। इस बीएसआई कंपनी का मालिक अब्दुल्ला सैय्यद है जो पाकिस्तान के परमाणु हथियार कार्यक्रम में सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। 2020 में अमेरिका ने बीएसआई की जांच की थी। होमलैंड सिक्योरिटी ने तब पाया कि अब्दुल्ला सैय्यद के पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय और एनडीसी व परमाणु ऊर्जा आयोग से सीधे संबंध रहे हैं। वहां के कोर्ट ने बकायदा इस कंपनी को अमेरिका में बैन कर रखा है। 2020 में अमेरिकन कोर्ट इस पर बैन लगाता है। फिर अब्दुल्ला सैय्यद दूसरी कंपनी बनाकर 2023 में मेक्सार टेक्नोलॉजी के साथ फिर से पार्टनरशिप कर लेता है। बड़ा खुलासा ये है कि अब्दुल्ला सैय्यद पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय के सीधे संपर्क में था।

## आटो ने युवक को मारी टक्कर,घायल

उन्नावः मियागंज के आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार को मियागंज-संडीला मार्ग पर एक आटो से उतरकर सड़क पार कर रहे युवक को पीछे से आ रहे दूसरे आटो ने टक्कर मार दी। घायल युवक की पहचान फतेहपुर चौरासी थआना क्षेत्र के महपरापुर गांव निवासी संजू पुत्र रामचंद्र के रूप में हुई। संजू अफनी बहन के घर जा रहा था। जिसकी शादी औरास थाना क्षेत्र के सिधूर गांव में हुई है। हादसे के बाद घायल संजू को पहले मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सफीपुर में मूर्ति तोड़ने वाला हथौड़े के साथ गिरफ्तार, 4 दिन में 4 मूर्ति तोड़ी

उन्नावः सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में शिवलिंग तोड़ने की घटनाओं का आरोपी पकड़ा गया है। पुलिस ने सुब्बखेड़ा निवासी प्रेमसागर को परियार क्षेत्र में एक मंदिर से हथोड़े के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पिछले चार दिन में क्षेत्र में चार शिवलिंग तोड़े गए थे। आरोपी को बीती रात मंदिर के पास से पकड़ा गया। प्राथमिक जांच में आरोपी की मानसिक स्थिति संदिग्ध पाई गई। पूछताछ के दौरान उसका व्यवहार असामान्य रहा। कोतवाली प्रभारी सुब्रत तिवारी ने बताया कि आरोपी का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। सीओ मधुप नाथ मिश्रा के निर्देशन में पुलिस टीम ने क्षेत्र में कड़ी निगरानी के बाद आरोपी को पकड़ा। स्थानीय हिन्दू संगठनों ने इश घटना पर रोष जताया है। संगठन के नेता ने इसे साजिश की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने कहा कि मामले की हर दिशा में जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बांगरमऊ में बस की टक्कर से युवक की मौत

### लुधियाना से शादी में आया था, कानपुर हैलट में तोड़ा दम

उन्नावः जिले में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान अनिल कुमार (38) के रूप में की गई। वह लुधियाना में रहकर शादी समारोहों में खाना बनाने का काम करता था। वह अपनी मौसी के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए 9 मई को गांव आया था। शनिवार की रात को अनिल बाइक से मौसी के गांव जा रहा था। बांगरमऊ क्षेत्र के लखनऊ रोड पर मुस्तफाबाद गांव के सामने एक बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अनिल को पहले बांगरमऊ सीएचसी ले जाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में अनिल का फोन टूट गया था। एक सिपाही के मोबाइल में सिम डालने के बाद रविवार को परिजनों को घटना की सूचना दी गई। हालत में सुधार न होने पर उन्हें हैलट रेफर किया गया। सोमवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मंगलवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। मृतक की पत्नी पुष्पा देवी, बेटी आरती, सिया और बेटा अभिषेक पिता की मौत से दुखी हैं। बांगरमऊ कोतवाल चंद्रकांत सिंह के अनुसार मृतक के भाई जितेंन्द्र ने बस मालिक और चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है।

## वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौत

उन्नावः अचलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को सुबह हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर आटा गांव के समीप आजाद गेस्ट हाउस के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। मृतक की पहचान कोरारी गांव निवासी मांगू के रूप् में हुई है। मांगू बुधवार सुबह किसी आवश्यक कार्य से बाइक लेकर निकला था। आटा गांव के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। वाहन का पहिया युवक के ऊपर से गुजर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बात स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। अचलगंज थाने की पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाई और परिजनों को खबर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वाहन और उसका चालक अभी फरार है। परिजनों ने प्रशासन से वाहन चालक की गिरफ्तारी और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की है। बुधवार दोपहर मोर्चरी हाउस में परिजन रो-रोकर बेहाल थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जांच कर रही है।

## मजदूरी मांगने पर मालिक ने धक्का देकर गिराया

उन्नावः जिले के बांगरमऊ में एक ढाबा कर्मचारी के साथ मारपीट किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। उक्त घटना हरदोई-उन्नाव रोड पर आगरा एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा के निकट स्थित हरित लोक ढाबे पर काम करने वाले विपिन कुमार कटियार निवासी गांव हैबतपुर के साथ घटित हुई है। उसने इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। जिसमें विपिन ने कहा है कि 6 मई 25 को ढाबे से नौकरी छोड़कर जा चुका था। उनकी 14,880 रुपये की मजदूरी ढाबा संचालक वेदांत विक्रम उर्फमोना निवासी नसिरापुर के पास बकाया थी। सोमवार की शाम 4 बजे जब वह अपने बकाया पैसे लेने ढाबे पर गए तो वेदांत विक्रम ने उन्हें गालियां दीं और पैसे देने से मना कर दिया। विपिन के मुताबिक जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो वेदांत ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और मारपीट करने की कोशिश की। इतना ही नहीं वेदांत ने उन्हें धमकी भी दी कि वह पैसे नहीं देगा और विपिन जहां चाहे शिकायत कर सकता है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बांगरमऊ कोतवाली पुलिस का कहना है कि शिकायत मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## शिक्षकों की कार टकराई, चार घायल

उन्नावः कानपुर से औरास के प्राथमिक विद्यालय भुड़कुंडी में ड्यूटी पर जा रहे शिक्षकों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे कस्बा औरास के बाजार में हनुमान मंदिर के पास कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। दुर्घटना में कार में सवार शिक्षिका सारिका शुक्ला, प्रियंका, शिक्षक संतोष सिंह और चालक मनोज चौहान घायल हो गए। सभी कानपुर के विभिन्न मोहल्लों के रहने वाले हैं।

## यूएई का शाही परिवार उन्नाव में करेगा बड़ा निवेश

**4000 करोड़ से बनेगा मछली पालन का हब, एक लाख मछली पालकों को मिलेगा प्रशिक्षण**



स्वतंत्र भारत उन्नावः जिले में मछली पालन का हब बनेगा। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शाही परिवार ने यहां 4000 करोड़ रुपये का मेगा निवेश मंजूर किया है। दुबई की मशहूर कंपनी एक्रॉब्रिज होल्डिंग्स के चेयरमैन शेख अहमद बिन मना बिन खलीफा अल मकतूम ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की दुबई में शेख अहमद से हुई मुलाकात के बाद यह ऐतिहासिक फैसला लिया गया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का शाही परिवार उन्नाव में मत्स्य पालन में बड़ा निवेश करेगा। यूएई के शाही परिवार के सदस्य और एक्रॉब्रिज होल्डिंग्स के चेयरमैन शेख अहमद बिन मना बिन खलीफा अल मकतूम ने 461 मिलियन डालर ( करीब 4000 करोड़ रूपये) के निवेश को मंजूरी दे दी है। दुबई में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शेख मकतूम को राज्य सरकार की ओर से पूरे सहयोग का आश्वासन दिया गया तथा उन्हें यूपी आने का न्योता भी दिया। उन्नाव इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में होने वाले इस निवेश से राज्य में मत्स्य पालन को नई दिशा मिलेगी और यूपी बड़ा गढ़ बनकर उभरेगा। शाही परिवार की होल्डिंग कंपनी इस रकम का निवेश फिश हैचरी, फिश प्रोसेसिंग प्लांट सेंटर आफ एक्सीलेंस और फिश फीड प्लांट में करेगी। पूरा प्रोजेक्ट यूपी एग्रीज प्रोजेक्ट का हिस्सा होगा। इस बड़े प्रोजेक्ट को यूपी में लाने के लिए विश्व बैंक की अहम भूमिका रही। ऐसे ही एक प्रोजेक्ट में विश्व बैंक और शाही परिवार मॉरीशस में साथ काम कर रहे हैं। यह निवेश उन्नाव के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में किया जाएगा, जहां फिश हैचरी, प्रोसेसिंग प्लांट, फिश फीड यूनिट और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तैयार किया जाएगा। इस योजना को यूपी एग्रीज प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया गया है। जिसके जरिए 1 लाख मत्स्य पालन में तकनीकी सुधार होगा, राज्य की उत्पादन क्षमता में भारी इजाफा होगा। अब तक उत्तर प्रदेश और बिहार की 40 प्रतिशत से अधिक जरूरत बांग्लादेश से अवैध तरीके से पूरी होती थी। इस प्रोजेक्ट से राज्य आत्मनिर्भर बनेगा और अन्य राज्यों को भी मछली व मछली बीज सप्लाई कर सकेगा। शाही परिवार की कंपनी के एक्सपर्टस ने उन्नाव के जल स्रोतों की टेस्टिंग की। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि यहां का पानी मछली पालन के लिए बेहद अनुकूल है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शेख मकतूम को उत्तर प्रदेश आने का न्योता भी दिया है ताकि वे राज्य के अन्य निवेश अवसरों को भी करीब से देख सकें। सरकार ने उन्हें हर स्तर पर सहयोग देने का आश्वासन दिया है। यह निवेश केवल उन्नाव ही नहीं पूरे यूपी को मत्स्य उत्पादन में देश का लीडर बना सकता है। इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया जीवन मिलेगा।




## पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने को इको क्लब का गठन

### विद्यालय के दस बच्चों ने गमले में पौधे किए रोपित

स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नावः क्षेत्र के ग्राम धन्नापुरवा सकरौली स्थित कंपोजिट विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इको क्लब का गठन किया गया। इस क्लब का उद्देश्य बच्चों के जीवन में कुशल नेतृत्व क्षमता विकास करना है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। इको क्लब फार मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत शिक्षक अभिषेक गुप्ता ने बच्चों को स्वच्छता अभियान पौधारोपण जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पहल विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण और जीवन कौशल विकास को बढ़ावा देती है। इस दौरान इको क्लब के बच्चों ने अपनी अपनी मां के नाम पर पौधे लगाकर पृथ्वी को सुरक्षित करने का संकल्प लिया। विद्यालय के दस बच्चों ने गमले में पौधे लगाकर पृथ्वी को सुरक्षित करने का संकल्प लिया। विद्यालय के दस बच्चों ने गमले में पौधे रोपित किए। बच्चों ने सांसें हो रही हैं कम आओ वृक्ष लगाएं हम और हमारा वृक्ष हमारी पहचान जैसे स्लोगन लिखे। इस योगदान में विद्यालय के बच्चों में पहले स्थान पर अभिषेक दूसरे स्थान पर आयुष तथा तीसरे स्थान पर पारूल विजेता रही। इस अवसर पर शिक्षक गीता यादव, अभिषेक गुप्ता, ठाकुर प्रसाद, कौशलेंद्र पाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, शिखा सिंह, अभिषेक तिवारी उर्फ लंकेश, रजिया खातून व संतोष कुमार सिंह सहित बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## ऋण के लिए दिव्यांग करें आवेदन

उन्नावः जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने जनपद के समस्त दिव्यांगों को जानकारी दी है कि कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के यहां वर्ष 25-26 के लिए दुकान निर्माण संचालन ऋण योजनान्तर्गत आवेदन पत्र स्वीकार किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत आवेदक को दुकान निर्माण हेतु 20000 रुपये का ऋण दिया जाता है। जिसमें 15000 रुपये पर 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में 5000 रुपये अनुदान के रूप में एवं दुनकान संचालन हेतु 10000 रुपये का ऋण दिया जाता है। जिसमें 7500 रुपये पर 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में एवं 2500 रुपये अनुदन के रूप में होगा। उन्होंने बताया कि दुकान निर्माण, संचालन ऋण हेतु पात्रता एवं शर्तों के तहत आवेदक जनपद का निवासी हो, आवेदक की दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो। आवेदक उ.प्र.का स्थाई निवासी या कम से कम पांच वर्ष से उसका अधिवासी हो। आवेदक किसी आपराधिक मामले में दंडित न किया गया हो एवं उसके द्वारा पूर्व में कोई ऋण बकाया न हो। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 60 वर्ष से अधिक न हो। आवेदक आयकर दाता की श्रेणी में न आता हो। आवेदक का राष्ट्रीयकृत बैंकों में संचालित बैंक खाता संबंधी बैंक पासबुक। नवीनतम दिव्यांगता दर्शाती हुई फोटोग्राफ जिनके पास निर्माण हेतु स्वयं की 110 वर्ग की फिट भूमि हो या अपने संस्रोतों से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने लेने में समर्थ हों। इच्छुक पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध विकल्प में जाकर निर्धारित प्रारूप पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र साइबर कैफे, निजी इंटरनेट केंद्र लोकवाणी के माध्यम से स्थापित जनसुविधा केंद्रों आदि के माध्यम से भरा सकता है।

## यात्रियों के मोबाइल,पर्स चुराने वाला गिरफ्तार

उन्नावः पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देश पर पुउपा रेलवे के पर्यवेक्षण में थाना जीआरपी उन्नाव ने रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल पर्स और अन्य कीमती सामान की चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। उसके पास से एक चोरी का मोबाइल फोन, नकद धनराशि बरामद हुई। उसने कई वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की है। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफपहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं और अब उसे न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

## आज उन्नाव आएंगी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**कई कार्यक्रमों में करेंगी शिरकत,योजनाओं की समीक्षा भी होगी**

**राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर डीएम एवं एसपी ने दिए निर्देश**



स्वतंत्र भारत उन्नावः राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के गुरुवार को प्रस्तावित दौरे की तैयारियां अंतिम चरण में है। डीएम गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने निराला प्रेक्षागृह सभागार में संयुक्त ब्रीफिंग की। दोनों अधिकारियों ने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्यपाल सुबह 10 बजे पुलिस लाइन में हेलीकाप्टर से पहुंचेंगी। वहां से कार से निराला प्रेक्षागृह जाएंगी। उनके स्वागत और सुरक्षा के लिए पूरे मार्गआ को दुरूस्त कर लिया गया है। राज्यपाल जिले की उपलब्धियों और नवाचार पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगी। वह केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और किट वितरित करेंगी। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री.स्कूल और हाईजीन किट, पोषण पोटली, आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व योजना के तहत घरौनी,टीबी किट शामिल है। एनआरएलएम के तहत चेक, बीसी सखी और विद्युतसखी को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के चेक, पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित होंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रमाणपत्र, उज्ज्वला योजना के अनुदान चेक और दिव्यांगजन को ट्राई-साइकिल का वितरण किया जाएगा। राज्यपाल जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी करेंगी। डीएम ने अधिकारियों को पूर्ण समर्पण से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पुलिस विभाग से बेहतर समन्वय बनाने को कहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने भी सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढिलाई न बरती जाए और राज्यपाल के कार्यक्रम को पूर्णतः सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप् में यातायात व्यवस्था, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण पर ध्यान देने के निर्देश दिए। डीएम एवं एसपी ने हवाई पट्टी का भी निरीक्षण किया। ब्रीफिंग के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार सिंह सहायक कलेक्टर शौर्य अरोड़ा, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, प्रभारी सीडीओ -पीडी तेजवंत सिंह, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा.हरिनंदन प्रसाद, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज दिवेदी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## सफीपुर में कपड़ा दुकान में चोरी का प्रयास

स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नावः सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में स्टेट बैंक के पास स्थित आरबी फैशन स्मार्ट प्वाइंट पर एक चोरी का मामला सामने आया है। दो महिलाएं बुर्का पहनकर दुकान में ग्राहक बनकर आईं। कपड़े देखने के दौरान उन्होंने कुछ कपड़े बुर्के में छिपा लिए। दुकान में मौजूद अन्य महिलाओं को इन दोनों पर शुक हुआ। उन्होंने तलाशी ली तो चोरी किए गए कपड़े मिल गए। दोनों महिलाओं से पूछताछ की गई और उनसे मारपीट भी की गई। सीसीटीवी में कैद वीडियो में दोनों महिलाएं हाथ जोड़कर माफी मांगती दिख रही हैं। दुकान मालिक के अनुसार यह घटना दो दिन पहले की है। दुकान के स्टाफने समय रहते दोनों को पकड़ लिया और कपड़े बरामद कर लिए। दुकानदार ने कहा कि वह थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग करेगा। कोतवाल ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय व्यापारियों ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि ऐसी घटनाएं व्यवसाय के लिए खतरा है। उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने गर्दन पर मारा ब्लेड

उन्नावः शुक्लागंज स्थित सीताराम कालोनी में एक युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश की। लखनऊ के बगला बाजार निवासी 32 वर्षीय राजू अपनी पत्नी के भतीजे के जन्म दिन समारोह में शामिल होने ससुराल आया था। शाम को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर राजू ने गुस्से में आकर ब्लेड से अपनी गर्दन पर वार कर लिया। घटनास्थल पर मौजूद परिजन और मेहमान स्तब्ध रह गए। ससुराल पक्ष ने तुरन्त पुलिस को सूचना दी। घायल राजू को जिला अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों के अनुसार युवक की गर्दन पर गहरे जख्म आए हैं। समय पर इलाज मिलने से उसकी हालत धीरे धीरे स्थिर हो रही है। परिवार के अनुसार राजू और उसकी पत्नी के बीच पहले भी कई बार अनबन हुई थी। राजू को पत्नी के अन्य लोगों से बात करने पर ऐतराज रहता था। इस बार भी यही विवाद की वजह बनी। बालूघाट चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद का है। युवक का बयान उसकी स्थिति सामान्य होने के बाद दर्ज किया जाएगा। घटना के संबंध में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कानपुर देहात समाचार

## फेंक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती की तस्वीरें वायरल

उन्नावः थाना बिहार क्षेत्र में एक युवती के साथ सोशल मीडिया पर प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता अभी दिल्ली में एक निं कंपनी में काम करती है। उसकी मां का निधन बचपन में हो गया था। वह अपने नाना-नानी के साथ रहकर पढ़ाई कररही थी। करीब एक साल पहले उसकी जान पहचान धानीखेड़ा के सुमित सिंह उर्फलाला से हुई। पीड़िता की नोएडा में शादी तय हुई। इसके बाद आरोपी, सुमित ने शादी तोड़वाने के लिए दबाव बनाना शुरू किया। उसने पीड़िता की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो वायरल कर दी। इस वजह से पीड़िता की शादी टूट गई। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर वह अपनी सैलरी का आधा हिस्सा नही देगी या कहीं और शादी करेगी तो वह और भी तस्वीरें वायरल कर देगा। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। उसे आशंका है कि आरोपी और उसके साथी कोई गंभीर वारदात कर सकते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## विवाहिता की मौत, परिजनों ने ससुरालपक्ष पर लगाया आरोप

उन्नावः भगवंतनगर कस्बे में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतका पूजा निर्मल की तबीयत रविवार को सुबह अचानक बिगड़ गई। उस समय उसकी सास गंगा स्नान के लिए गई हुई थी। परिजन पूजा को पहले सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से डाक्टरों ने उन्नाव जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान पूजा की मौत हो गई। पूजा का विवाह 9 फ्रवरी वर्ष 2018 में हुआ था। उसका पति देवराज बहरीन में रहता है। मृतका का मायका लालगंज रायबरेली में है। पूजा के पिता रामसेवक और भाई आकाश भी बाहर रहते हैं। सूचना मिलने पर उसका मौसेरा भाई दीपांशु मौके पर पहुंचा। पूजा के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

स्वतंत्र भारत उन्नावः मियागंज के आसीवन थाना क्षेत्र में एक ऐनी खुर्द गांव का 18 वर्षीय विशाल उर्फतेज शंकर मंगलवार दोपहर को अपने दोस्तों के साथ गोंसाईखेड़ा गांव के पास स्थित सई नदी में नहाने गया था। नहाते समय विशाल अचानक नदी के कुंड में फंस गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन पानी की गहराई अधिक होने के कारण वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद उन्होंने घर पर सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने नदी में जाल डालकर काफी देर बाद विशाल को बाहर निकाला। उसे तुरन्त औरास अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विशाल दो भाइयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई सुभाष और एक बहन सुभाषिनी है। मां संगीता बेटे की मौत से बेहाल हैं। मृतक इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## हर्षित की कामयाबी से चारों दिशाओं में आगे बढ़ा स्मृति शेष मौजी लाल गुप्ता का नाम



**कानपुर देहात** समर्पित कांग्रेस नेता अकबरपुर के हरीगंज निवासी स्मृति शेष मौजी लाल गुप्ता के नाम को अब उनके सुपौत्र ने आगे बढ़ाया हैए भावनाओं मर्यादाओं शिक्षा और सामने वाले की मदद करने के जज्बे से ओतप्रोत परिवार में हर्षित ने वह चार चांद लगाए हैं जिसकी जानकारी लगते ही हर कोई अपने कदमों को स्मृति शेष श्री गुप्ता के आवास की ओर बढाता नजर आ रहा हैए सीबीएसई की हाईस्कूल परीक्षा में टॉप टेन रहे तो इंटरमीडिएट में भी उसे बरकरार रखाए मंगलवार देर शाम घोषित इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में हर्षित ने 91ए60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी को यह संदेश दे दिया कि प्रतिभा और विद्या केवल अच्छे संसाधनों से ही नहीं प्राप्त होती है बल्कि यदि अपने लक्ष्य पर फोकस किया जाए तो ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसे आज के दौर का इंसान संपन्न ना कर लेए हर्षित को मिली बड़ी कामयाबी पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य एएच अंसारी ने जहां उसका मीठा करा कर अपना आशीर्वाद दिया वहीं पूर्व विधान परिषद सदस्य दिलीप यादव उर्फ कल्लू भैया ने श्री गुप्ता के आवास पहुंचकर मेधावी की हौसला आफजाई करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

केंद्रीय विद्यालय माती में अध्ययनरत हर्षित को दस बच्चों में छठा स्थान मिला है सीबीएसई द्वारा संचालित परीक्षाओं में इंटर मीडिएट का परिणाम मंगलवार की शाम घोषित किया गया हैए केंद्रीय विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहाए प्रिंसिपल एएच अंसारी ने बताया कि कुल 88 बच्चे परीक्षा में बैठे थेए एक परीक्षार्थी किसी कारण परीक्षा में नहीं बैठ सकाए बाकी सभी छात्र.छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैंए नतीजों में केंद्रीय विद्यालय का छात्र रौनक सिंह पहले और श्रेयस शुक्ला दूसरे स्थान पर आएंएइधरए अकबरपुर के हरीगंज मोहल्ला निवासी हर्षित गुप्ता ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। उसने 91ण्60 प्रतिशत नंबर पाए। टॉप टेन में उसे जगह मिली है। इसके पहले 2023 में हुई हाई स्कूल की परीक्षा में उसने बेहतरीन प्रदर्शन किया थाए 89ण्20 प्रतिशत नंबर पाने के साथ उसे टॉप टेन में जगह मिली थीए इस बार उसने और भी अच्छा प्रदर्शन कियाए हर्षित ने अपनी सफलता का श्रेय केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल और गुरूजनों को दिया और कहा कि उनके कुशल मार्ग दर्शन से ही सफलता प्राप्त हुई हैए हर्षित की कामयाबी पर दिन भी बधाइयों का सिलसिला जारी रहाए बड़ी संख्या में लोगों ने घर पहुंच कर उसे टॉप टेन में जगह बनाने के लिए बधाई दीए जिले के वरिष्ठ पत्रकार हनुमान गुप्ता के सुपुत्र को मिली बड़ी कामयाबी की जानकारी लगते ही ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास्तव जय कुमार मिश्रा उपदेश पांडेय अंजनी पांडेय त्रिपुरेश अवस्थी रियाज अहमद चारुतोश जायसवाल अनुपम द्विवेदी अनुराग शुक्ला संजय दीक्षित लखन पांडेय अजय तिवारी अशोक चौहान गौरव शुक्ला रमाकांत गुप्ता आलोक तिवारी उमाकांत कश्यपएअभिषेक पांडेय विवेक त्रिवेदी यासीन अली सोनू उमंग अग्रवाल आदि ने हर्षित के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई दी है।

## मांगलिक कार्यक्रम में गए गृहस्वामी, घर से नकदी समेत हजारों की संपत्ति चोरी

बांगरमऊ, उन्नावः सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने कमरे के अंदर संदूक में रखी नगदी और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित करीब पांच लाख रुपये कीमत की संपत्ति चोरी कर ली। गृहस्वामी सपरिवार घर में ताला डालकर रिश्तेदारी में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। गृहस्वामी ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। नगर के ब्लाक रोड नौनिहाल गंज निवासी केशन शर्मा सोमवार को शाम करीब पांच बजे अपने मकान में ताला बंद कर सपरिवार अपने साढ़ू के यहां आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने गौसगंज (हरदोई) गए थे। तभी रात में चोरों ने सदरी दरवाजे का ताला तोड़ दिया और मकान के अंदर घुस गए। चोरों ने कमरे का ताला तोड़ दिया किसी तरह कमरे में अंदर रखी अलमारी और संदूक के लाक तोड़कर उसमें रखी 90 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। साथ ही चोरों ने अलमारी और संदूक तथा अटैची में रखे करीब चार लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात और कीमती साड़ियां तथा अन्य कपड़े चोरी कर भाग निकले।मंगलवार को सुबह पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा देखकर घटना की जानकारी गृहस्वामी को दी। तब वो मांगलिक कार्यक्रम से वापस आए गृहस्वामी ने जेवर और नकदी तथा कपड़े आदि चोरी होने की जानकारी दी। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा चोरी का खुलासा जल्द करने का आश्वासन दिया।

## प्रतिभा शुक्ला के तत्वावधान में आधार कार्ड का 15 दिवसीय कैंप अकबरपुर ब्लाक में



**माती कानपुर देहात** अकबरपुर रनिया विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रवासियों की आधार कार्ड संबंधित समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर ब्लॉक में विशेष आधार कार्ड सुधार कैंप का आयोजन किया जा रहा हैए राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा बताया गया कि उपरोक्त कैंप में आधार कार्ड से सम्बंधित समस्याओं का सुलभ समाधान किया जाएगाए बताते चलें कि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण को पत्र लिखकर क्षेत्र वासियों की आधार कार्ड से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया थाए जिसके चलते 15 दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है । बताया गया कि यह कैंप दिनांक 15ध्05ध्2025 गुरुवार से लेकर 30ध्05ध्2025 शुक्रवार तक चलेगा। राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सभी क्षेत्रवासियों से उक्त कैंप में आधार कार्ड से सम्बंधित समस्याओं का निस्तारण कराने का आवाहन किया है ।

## दो पक्षों में हुई मारपीट दो धायल

**माती कानपुर देहात** मंगलपुर थाना क्षेत्र के नैपलापुर गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्षों से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गएए दोनों को मेडिकल के लिए भेजा गया है । मंगलपुर क्षेत्र के नैपलापुर गांव में मंगलवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष से प्रशांत और दूसरे पक्ष से भरत गंभीर रूप से घायल हो गए ।वहीं अन्य के भी चोटे आयीं।दोनों को मेडिकल के लिये भेजा गया है।वही जगत नारायण ने गांव के प्रेम नारायणए विजय नारायण अक्षय व कपिल के विरुद्ध व दूसरे पक्ष की प्रियंका देवी ने जगत नारायण एप्रशांत दुबेए विकास दुबे व आरजू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

## युवक ने जहर खाकर दी जान

उन्नावः सदर कोतवाली क्षेत्र के खुद्दू खेड़ा गांव में एक मजदूर की मौत होने से क्षेत्र में तनाव व्याप्त है। मृतक की पहचान दिनेश कुमार (25) के रूप् में हुई है। दिनेश की मौत के पीछे पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। दिनेश की शादी चार साल पहले सुनीता से हुई थी। दोनों की एक तीन साल की बेटी है। कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। मंगलवार को दोनों में कहा सुनी हो गई। इसके बाद सुनीता के मायके से उसका भाई, पिता और बहनें गांव पहुंचे।परिजनों का आरोप है कि सुनीता के मायके वालों ने मजदूरी कर रहे दिनेश को पकड़कर घर लाए। एक कमरे में बंद कर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद दिनेश ने रात में नशीली वस्तु का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया। रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# कलक्टरगंज अग्निकांड : थिनर गोदाम से मिला कर्मचारी का जला शव



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**कानपुर।** कलक्टरगंज में केमिकल की पैकिंग के दौरान धमाका होने के बाद भीषण आग लग गई थी। इस दौरान दो महिलाओं समेत पांच लोग तरह झुलस गए। वहीं आग में जलकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। बुधवार को गोदाम से एक कर्मचारी का जला कंकाल मिला। पति को तलाशते हुए पत्नी पहुंची तो शिनाख्त करते ही बेहोश हो गई। बता दें क मंगलवार को अग्निकांड के दौरान सिलिंडर, बैट्री, केमिकल ड्रम फटने से आग और बेकाबू हो गई। एक के बाद एक 75 छोटी-बड़ी दुकानें आग की चपेट में आ गईं थीं। दमकल की दो दर्जन से अधिक गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से करीब पांच करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसमें करीब आधा दर्जन लोग झुलस गए थे तथा एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी।

बुधवार सुबह गोदाम में जल कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। शव की शिनाख्त थिनर गोदाम कर्मचारी गया प्रसाद विश्वकर्मा के रूप हुई। पत्नी उर्मिला पति को रात भर तलाशती रही, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला, फोन भी उसका बंद था। सुबह कंकाल और उसके पास के कपड़े देख उसने पति की शिनाख्त की। वो बार-बार बेहोश हो रही थी और कह रही थी कि अब किसके सहारे जिऊंगी।

## महापौर पहुंची गल्ला मंडी, व्यापारियों ने जानी स्थिति

कानपुर। केमिकल गोदाम में हुए धमाके के बाद कलक्टगंज गल्लामंडी में खाक हुई 100 से अधिक दुकानों की स्थितियों का जायजा लेने महापौर प्रमिला पांडेय पहुंची। उन्होंने पीड़ित व्यापारियों से घटना की जानकारी ली। व्यापारियों ने बताया कि केमिकल गोदाम के कारण आग लगी। पीड़ित दुकानदारों ने मुआवजे की मांग की। जिस पर महापौर ने कहा कि जल्द ही डीएम से मुलाकात करेंगी।ब्रिटिश काल से स्थापित कलक्टरगंज गल्लामंडी में कल दोपहर केमिकल गोदाम में धामके में बाद आग लग गई थी। कुछ ही देर में आग ने आस-पास की घी, तेल, सौफसमेत अन्य करीब 100 से अधिक दुकानों को अपनी जद में ले लिया था। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं आग बुझाने में 14 लोग झुलस गए थे, जिसमें पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के 4 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया था। घटना के बाद बुधवार को महापौर प्रमिला पांडेय क्षेत्रीय पार्षद पवन पांडेय के साथ अग्निकांड पीड़ितों से मिलने पहुंची। बातचीत के दौरान व्यापारियों ने बताया कि घटना में करीब 25 से 30 करोड़ का नुकसान हुआ है। व्यापारियों के बताया केमिकल व्यापारी को गोदाम किराए पर दिया गया था। केमिकल के कारण ही मंडी में आग लगी।



## पीड़ित व्यापारियों को मुआवजा दिए जाने की मांग



**कानपुर।** कलक्टरगंज मंडी मे भीषण अग्निकांड से पीड़ित व्यापारियों को मुआवजा व जाँच किये जाने की मांग को लेकर बुधवार को भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का एक प्रतिनिधि मण्डल डीएम से मिला और कहा कि अग्निकांड से व्यापारियों को करोड़ों रूपए का नुकसान हुआ है। जिनको उचित मुआवजा दिलाया जाए। डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र व जिला अध्यक्ष गुरूजिन्दर सिंह ने कहा कि शार्ट सर्किट से अक्सर अग्निकांड की घटनाएं होती हैं, जिसे रोकने के लिए केस्को द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाए। वहीं फायर ब्रिगेड की चार गाडियों को कोपरगंज स्थित चाचा नेहरू अस्पताल में खड़ा किया जाए और कलक्टगंज गल्ला मंडी में पक्का निर्माण कराया जाए। व्यापारियों ने मांग की कि अग्निकांड के पीड़ित व्यापारियों को सरकारी विभाग द्वारा परेशान न किया जाए। इस दौरान डीएम ने आश्वासन दिया कि अग्निकांड पीड़ित व्यापारियों को मुआवजा दिलाने के लिए सूची मुख्यमंत्री को भेजी जाएगी। इसके साथ ही डीएम ने बाजारों व बस्तियों में आग न लगे, इसके लिए व्यापारियों से सुझाव मांगे हैं। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री मनीष गुप्ता, सलोने, आशीष मिश्र, अनुराग जायसवाल, अब्दुल वहीद, मनोज विश्वकर्मा, विनायक पोद्दार, पवन गुप्ता, पवन गौड़, भोला मिश्र, रमेश अग्रहरी, जयहिंद गुप्ता, अमित आनंद, अशोक अग्रहरि, संतोष अग्रहरी, सुरेंद्र जायसवाल,अमित गुप्ता समेत भारी तदाद में व्यापारी मौजूद रहे।

## अग्निकांड में झुलसे मरीजों का कैबिनेट मंत्री ने जाना हाल



कानपुर। भीषण अग्निकांड में झुलसे मरीजों को देखने बुधवार को मंत्री नंद कुमार नंदी उर्सला अस्पताल पहुंचे। यहां पर उन्होंने मरीजों से उनका हाल चाल जाना और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में डॉक्टरों से पूछा। इसके बाद उन्होंने मरीजों के परिवार वालों से भी मुलाकात की। उनको पूरा भरोसा दिलाया कि यहां उन्हें हर तरह की दवा और अच्छा इलाज मिलेगा। मंत्री को देख परिवार के लोग भावुक हो गए। मंत्री नंदी ने एक-एक मरीज के पास जाकर पहले उनका हाल जाना। मरीजों से पूछा कि कैसी सुविधा मिल रही हैं। उनके तीमारदारों से भी अस्पताल मे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। इसके अलावा उन्होंने डॉक्टरों से भी उनके हाल के बारे में जानकारी की।

## लोहिया वाहिनी व मुलायम सिंह यूथ विग्रेड की हुई संयुक्त मासिक बैठक



**कानपुर।** बुधवार को सपा कार्यालय में लोहिया वाहिनी तथा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की संयुक्त कार्य समिति की बैठक हुई। यह बैठक अध्यक्ष दीपक खोटे व शादाब आलम की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि नौजवानों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है। जिसके कारण नौजवान नौकरी की तलाश में भटक रहा है, लेकिन भाजपा सरकार नौजवानों को नौकरी देने के बजाय निजीकरण को बढ़ावा देकर बड़े घरानों के हाथों को मजबूत कर युवा पीढ़ी के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसे सपा का नौजवान बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में लाखों स्थान रिक्त पड़े हैं, लेकिन सरकारी भर्ती नहीं कर रहे हैं जिसकी वजह से युवा पीढ़ी में आक्रोश बढ़ना आरंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि लोहिया वाहिनी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड नगर के प्रत्येक बूथों पर पीडीए की मजबूती को लेकर सर्वेक्षण करेंगे और आंदोलन की रणनीति को अमली जामा फहराएंगे। इसके साथ ही यूथ विग्रेड की टीम मतदाता सूची में नाम बढ़ाने तथा पीडीए पर्चा प्रत्येक दरवाजे पहुंचकर बाटेंगे और सबसे संपर्क तेज करके तैयारी करेंगे। बैठक मे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, आनंद शुक्ल, सुभाष द्विवेदी, अरशद दद्दा, चंदन बादशाह, साहेबे आलम, रोहित बाल्मिक समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डेयरी कारोबारी पर जानलेवा हमला करने वाले शातिर गिरफ्तार



**कानपुर।** रंगदारी न देने पर डेयरी कारोबारी पर जानलेवा हमला करने वाले शातिर बदमाशों को फजलगंज पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि फजलगंज थाने के पास रहने वाले जितेन्द्र शुक्ला डेयरी कारोबारी हैं। उनके भाई दीपेन्द्र ने बताया कि 12 मई को रात दस बजे जितेन्द्र व्यापारिक प्रतिष्ठान को बंद कर रहे थे। उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाला दबंग आमिर व सरवन गुप्ता वहां पहुंचे और धमकी देते हुए जितेन्द्र से कहा कि तुझे बार-बार कहने पर भी तू वसूली नहीं दे रहा। आज तुम्हारा वो हाल करूंगा कि तुम्हारा अंजाम देखने के बाद दूसरे वसूली देने से मना नहीं करेंगे। आमिर के साथ उसके अन्य साथी थे। जितेन्द्र ने विरोध किया तो आरोपी ने उन पर पेंचकस से वार कर दिया। जिसमे जितेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायल कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया। डीसीपी ने बताया कि कुछ समय पहले कारोबारी की बहन दुकान पर मौजूद थी। आमिर उस पर भी गलत नियत रखता था। उसने युवती से भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। डीसीपी सेन्ट्रल ने कहा खुलेआम गुंडई करने वाले शातिर और उसके साथी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया है। जो कि सराहनीय कार्य है। आरोपी को मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## सीटीआई नहर को पक्का करने हेतु विधायक ने मांगा 10 करोड़ रुपये



**कानपुर।** विधायक सुरेंद्र मैथानी ने लखनऊ स्थित कैंप कार्यालय मं नगर विकास मंत्री एक शर्मा को मांग पत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी छठी मैया का पूजन गोविन्द नगर विधानसभा में होती है। नगर विकास मंत्री से उन्होंने आग्रह किया कि शहर के लाखों लोग विधानसभा से निकलने वाली 3 किलोमीटर सीटीआई नहर को पक्के होने के बाद उस पर सुंदर वातावरण में छटी मैया के पूजन को पूर्ण कर करें। उक्त 03 किलोमीटर लंबी नहर को पक्का करने के लिए बने प्रोजेक्ट, जिसकी लागत कुल 17 करोड़ है, उसमें से एक पार्ट को पक्का करने के लिए 7 करोड रुपए दिए गए हैं। शेष 10 करोड़ रुपए जारी किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इसका सीधा लाभ फतेहपुर एवं जहानाबाद तथा घाटमपुर और महाराजपुर तक किसानों को सिंचाई के लिए टेल तक धारा प्रवाह प्रदूषण मुक्त जल प्राप्त के साथ किसानों को भी मिल सके। साथ ही नहर के अक्सर कट जाने से 40 से 50 साल पुरानी घोषित गरीब बस्तियों में बेमौसम बाढ़ जैसी जानलेवा स्थिति से निजात मिल सके। जिसके कारण पिछले दिनों दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। जिसप मंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द ही उक्त 10 करोड रुपए की व्यवस्था कर नहर को पक्की करने का काम किया जाएगा।

## ओवरब्रिज निर्माण के विरोध फर्नीचर कारोबारियों ने निकाला जुलूस

कानपुर। जरीब चौकी चौराहे पर बन रहे ओवरब्रिज का निर्माण के विरोध में बुधवार को कानपुर फर्नीचर एंड प्लाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने काले झण्डे लेकर जुलूस निकाला। इसक विरोध में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखी। व्यापारियों ने कहा कि पुल निर्माण से करोड़ों का फर्नीचर कारोबारी प्रभावित होगा। पहले पुल का निर्माण टी शेप में होना था, लेकिन देखते ही देखते डिजाइन बदल दी गई। अनवरगंज से मंधना तक 18 रेलवे क्रासिंग के कारण जीटी रोड पर भीषण जाम की समस्या बनी रहती है। जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए रेलवे ट्रैक को एलिवेटेड किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। एलिवेटेड रेलवे ट्रैक निर्माण के लिए जरीब चौकी पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण होना है। जिसकी शासन से स्वीकृति भी मिल चुकी है। जरीब चौकी चौराहे पर बनने वाले आरओबी में एक लेन जरीब चौकी से घंटाघर रोड पर भी उतरेगी, जिसका फर्नीचर कारोबारी विरोध कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि पुल निर्माण होने से व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो जाएगा। व्यापारी अरुण पांडेय ने बताया कि बिना जरूरत के हमारे ऊपर पुल थोपा जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। इससे पहले जो डिजाइन तैयार हुई थी, उसके अनुसार पुल फजलगंज से शुरू होना था और जरीब चौकी क्रासिंग पार कर पुल टी आकार में घूम जाना था, लेकिन अचानक पुल की डिजाइन में परिवर्तन कर दिया गया। व्यापारियों ने कहा कि ओवरब्रिज निर्माण के विरोध में आज पूरा बाजार बंद रखा गया है।

## सीबीएसई रिजल्ट : गांव के गरीब बच्चों ने किया टॉप



**कानपुर।** सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित हो गया है। जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर के कक्षा 10 के छात्र शशांक सोनकर ने 96.4 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया है। शशांक के पिता झोले की छपाई का कार्य करते हैं। शशांक ने कंप्यूटर विषय में 100 अंक प्राप्त किए। सामान्य परिवार से आने वाली वाली कक्षा 12 की छात्रा निधि दीक्षित ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंटरमीडिएट में टॉप किया। बिल्हौर के पास नदिहा बुजुर्ग गांव निवासी किसान की बेटी वैष्णवी मिश्रा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता, पूरे गांव एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। अध्यापक के पुत्र मंगलनाथ यादव ने विज्ञान वर्ग में टॉप किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी जी ने छात्र-छात्राओं को उज्जवन भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## खबर एक नजर

### ससुरालीजनों ने विवाहिता को किया प्रताड़ित, दहेज में मांगी जमीन

**कानपुर।** ससुरालीजनों ने दहेज की मांग न पूरी करने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। हद तो तब हो गई जब विवाहिता से मायके की जमीन की डिमांड करने लगे। परेशान होकर पीड़िता ने ससुरालीजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। चकेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरम कोयला नगर निवासी शालिनी सिंह की शादी 9 दिसम्बर 2021 को ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल मथुरा के डायरेक्टर राजकिशोर सिंह के बेटे सौरभ सिंह से हुई थी। स्कूल डायरेक्टर का परिवार पनकी में गंगागंज में रहता है। शालिनी ने बताया कि शादी के कुछ दिनो तक सब ठीक चला, लेकिन उसके बाद ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि उनके पिता के पास 12 बीघा जमीन है। ससुराल वालों ने शालिनी को धमकी देते हुए कहा कि तेरा कोई भाई तो है नहीं, तो अपने पिता को बोलो कि आधी जमीन दे दें। उस पर हमलोग स्कूल बना लेंगे। जमीन के अलावा ससुराल वालों ने 30 लाख रुपए की अतिरिक्त डिमांड रखी थी, जो वो पूरा नहीं कर पा रही थी। इस पर ससुराल वालों ने धमकी देते हुए कहा था कि इसे मार डालो और फिर सौरभ की दूसरी शादी कर लेंगे। जिससे डर कर पीड़िता ने चकेरी थाने में तहरीर देकर सौरभ सिंह, उसके स्कूल डायरेक्टर पिता समेत पांच ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करा दी। चकेरी थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूली बच्चों को दिया गया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**कानपुर।** सरसौल ब्लाक स्थित लाला कालिका प्रसाद श्रीवास्तव इंटर कॉलेज तिलसहरी में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शक्ति ब्रिगेड के आपदा प्रबंधन अभियान के तहत दिया गया। उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन के मुख्य प्रशिक्षक लखन कुमार शुक्ला और शक्ति ब्रिगेड की संस्थापक अध्यक्ष डॉ अन्नपूर्णा बाजपेई ने प्रशिक्षण दिया। इसमें छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को आपदा से बचने के उपाय बताए गए।

प्रशिक्षण में गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, इसका प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत और प्रेरक गीत भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, यूपी हायर सेकेंडरी स्कूल बौसर से बीपी विद्यार्थी, आशुतोष अवस्थी, संजय तिवारी, विष्णु प्रकाश, श्रवण यादव, जितेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, मुकेश प्रजापति, मलखान सिंह, योगेंद्र सिंह, वैभव द्विवेदी, आशीष यादव, प्रीति श्रीवास्तव, पिंकी देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### सोलर सॉल्यूशंस की ईएपीएल ने आयोजित की नई श्रृंखला

कानपुर। इनोवेटिव पॉवर सॉल्यूशंस प्रदान करने वाले ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड ने लखनऊ में 8 मई से 10 मई के बीच आयोजित हुई लखनऊ एनर्जी एक्सपो में अपने सोलर सॉल्यूशंस की नई श्रृंखला पेश की, जिसमें ग्रिड-टाई, ऑफग्रिड और हाईब्रिड सहित संपूर्ण सेगमेंट में सोलर एनर्जी सॉल्यूशन शामिल हैं। ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर शेखर सिंघल ने कहा ईस्टमैन में हम अत्याधुनिक और एंड-टू-एंड सोलर समाधानों के साथ भारत में ऊर्जा का भविष्य मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लखनऊ एनर्जी एक्सपो में हिस्सा लेकर हमने इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और ऑन-ग्रिड, ऑफग्रिड एवं हाईब्रिड सेगमेंट्स में भरोसेमंद उत्पाद प्रदान करने पर अपना फोकस प्रदर्शित किया है।

### विश्वविद्यालय के यूआईईटी के निदेशक बने डॉ आलोक कुमार

-डॉ संदेश गुप्ता को मिली नई जिम्मेदारी

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में अकादमिक, प्रशासनिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कई अहम बदलाव किए हैं। ये जानकारी कानपुर विश्वविद्यालय के ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डॉ बृष्टि मित्रा के स्थान पर डॉ आलोक कुमार को नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यूआईटी के अंतर्गत संचलित कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में डॉ संदेश गुप्ता को विभागाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने नव नियुक्तियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन का यह निर्णय छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, शोध कार्यों को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रेरित करने के उद्देश्य से लिया गया है। हमें विश्वास है कि इन नियुक्तियों से हमारे शिक्षण संस्थान के शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक बदलाव आएगा। ये बदलाव हमारी शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता को मजबूत करेंगे।

## निबंधन भवन के नवनिर्माण कार्यों का डीएम ने लिया जायजा



**कानपुर।** सिविल लाइन्स स्थित निबन्धन भवन का 43.06 लाख रूपए की लागत से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कराए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा निबन्धन भवन के अग्र भाग के भूतल व प्रथम तल पर 43.06 लाख की लागत से 136 वर्गमीटर क्षेत्रफल में वेटिंग हॉल,रिकार्ड रूम का नव निर्माण तथा लोक निर्माण विभाग भवन खण्ड 25.86 लाख की लागत से क्षतिग्रस्त विभागों की मरम्मत, फर्श में टाईल्स लगाने का कार्य कार्य किया जा रहा है। नव निर्माण अनुरक्षण की अवधि में कार्यालय उप निबन्धक सदर प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ अपर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में अस्थायी रूप से स्थानान्तरित किये गये हैं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के उपस्थित संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि अधिकतम 3 माह में उपरोक्त नव निर्माण कार्य मानक के अनुसार पूर्ण कराया जाए। डीएम ने सहायक महानिरीक्षक निबन्धन को निर्देश दिए कि विलेखों के निबन्धन जैसे महत्वपूर्ण व जन सामान्य से जुड़े कार्य के गुणवत्तापूर्वक व सुविधाजनक किसी भूखण्ड का आवंटन करायें तथा नये निबन्धन भवन निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत करें। बता दें कि आम जनमानस की सुविधा की दृष्टि से निबंधन कार्यालय का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिसमें आने वाले लोगों की सुविधा के अनुसार समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। निरीक्षण के दौरान सहायक महानिरीक्षक निबन्धन श्याम सिंह बिसेन, सहायक अभियन्ताए उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड रनंजय चतुर्वेदी, अवर अभियन्ता उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड आशीष बाजपेयी, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभागए भवन खण्ड राहुल सिंह, अवर अभियन्ता लोक निर्माण विभाग भवन खण्ड कोमल सिंह, आरपी सिंह, उप निबन्धक सदर प्रथम विजय प्रकाश पाण्डेय, उप निबन्धक सदर तृतीय पद्मा सिंह, उप निबन्धक सदर चतुर्थ उपस्थित रहे।

## उर्सला अस्पताल में पीएमबीजेपी का डीएम ने किया शुभारंभ

**कानपुर।** उर्सला अस्पताल में प्रधानमंत्री भारतीय औषधी केंद्र का डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने उद्धघाटन किया। प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना के तहत स्थापित यह केंद्र आम जनता को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने हेतु खोला गया है। इस केंद्र के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को सस्ती दवाओं की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र आम जनमानस को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने में एक मील का पत्थर साबित होगा। सरकार की यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। डीएम ने कहा कि महंगी ब्रांडेड दवाइयों का विकल्पः मार्केट में जो दवाइयाँ 150 रुपये में मिलती हैं, वही जेनरिक दवाइयाँ 30 से 40 रुपये में जनऔषधि केंद्रों पर मिलेंगी। साथ ही जेनरिक और ब्रांडेड दवाइयों में सॉल्ट एक ही होता है। यानी चाहे दवा का नाम कुछ भी हो, गुणवत्ता और प्रभाव एक जैसा होता है। बड़ी कंपनियाँ ब्रांड नेम का उपयोग कर कीमतें बढ़ा देती हैं, लेकिन पेटेंट समाप्त होने पर कोई भी कंपनी वही दवा बना सकती है। साथ ही कई कंपनियाँ एक ही फैक्ट्री से दवाइयाँ बनवाती हैं। जनपद में 17 स्थानों पर केंद्र खोले गए हैं। इससे अधिक लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

## खबर एक नज़र



### ब्लॉक प्रमुख ने दिव्यांगों बच्चों को को बांटी ट्राइसाइकिलें

**खण्ड विकास अधिकारीएएडीओ पंचायतए एडीओ ;सीद्ध व खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ पतारा में किया वितरण**

घाटमपुर। बुधवार को बीआरसीए पतारा मे महिला सशक्तिकरण के तहत एन जी ओ द्वारा उपलब्ध कराई गयी 4 ट्राई साईकिलो बीपीएल स्तरीय व निराश्रित बेसिक के विद्यालयों मे पढ़ने वाली 4 बालिकाओं क्रमशः संजना स्योढारीए खुशी पहेवाए दीपाली कम्पोजिट रघुनाथपुर व प्राची कम्पोजिट छाजा को ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कोमल सिंह सेंगर ने बीडीओ पतारा शिव नरेशए एडीओ पंचायत राघवेंद्र प्रताप सिंहए एडीओ ;सीद्ध संजय पाण्डेय व खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश के साथ वितरण किया गया।इस अवसर पर पंकज सक्सेनाए सुंदरम पाण्डेयए हेमा सिंहए मोहित निगमए विक्रम सिंहए राघवंन्द्र सिंह व एआरपी अभिषेक सैनीए संजीव पाण्डेय आदि भी उपस्थित रहे। कार्य क्रम का संचालन उदय बीर सिंह भदौरिया द्वारा किया गया।

# अकेडिया इंटरनेशनल स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने किया नाम रोशन




**बिल्हौर** कानपुर जनपद की बिल्हौर तहसील के प्रतिष्ठित अकेडिया इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अभिभावकों सहित पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग के परिणामस्वरूप इस वर्ष विद्यालय के कई छात्रों ने बेहतरीन अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के टॉप तीन छात्र.छात्राओं में दक्ष यादव ने 93ण्4 प्रतिशत और अनिरुद्ध शुक्ल ने 93 प्रतिशत एवं अंशिका कमल ने 92ण्2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके टॉप किया है। इन विद्यार्थियों ने अपनी कठिन परिश्रम अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनका यह प्रदर्शन न केवल प्रेरणादायक है बल्कि आने वाले छात्रों के लिए एक आदर्श भी प्रस्तुत करता है।

विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर सभी सफल छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य महोदय ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों द्वारा अर्जित की गई इस सफलता से हम सभी गर्व महसूस कर रहे हैं और यह हमारा संकल्प है कि हम भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम लाते रहेंगे। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय ने यह भी घोषणा की है कि आगामी दिनों में इन मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष समारोह आयोजित किया जाएगाए जिसमें उन्हें प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगे। अकेडिया इंटरनेशनल स्कूल परिवार सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देता है और उन्हें नई ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करता है।



# विधायक ने संयुक्त समिति की बैठक में उठाए महत्वपूर्ण मुद्दे

**विधान मंडल की अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति व विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति की हुई बैठक**

घाटमपुर। बुधवार को विधानसभा में विधान मंडल की अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति व विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति की नगर विकास विभाग बैठक हुई।जिसमें समिति के सदस्य के रूप में घाटमपुर विधानसभा की विधायक श्रीमती सरोज कुरील ने भी प्रतिभाग किया। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिवों की उपस्थिति में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिका रियों के साथ की गई एवं बैठक में नगर पालिका घाटमपुर के सीमा विस्तार की बात भी विधायक ने रखी। विधायक ने समिति की बैठक में इस बात पर भी नाराजगी जताई कि ग्राम्य विकास योजना के तहत सड़कों के कराए जाने वाले निर्माण के सम्बंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जाती है। साथ ही विधायक ने आसरा आवासों का आवंटन अब तक न किए जाने पर भी चिंता जताई। विधायक ने प्रधान मंत्री आवास योजना का घाटमपुर में सही से क्रियान्वन न किए जाने का आरोप लगाया।

# सदर विधायक की मेहनत से सेतु निर्माण हेतु मिली वित्तीय स्वीकृति



स्वतंत्र भारत संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा गंगा पुल निर्माण हेतु जारी प्रयासो पर वित्तीय स्वीकृति के साथ शासनादेश जारी हो गया बताते चले कि गंगाघाट क्षेत्र के ब्रिटिश कालीन जमाने के निर्मित पुल के टूटने से समस्या विकराल हो गयी थी सदर विधायक पंकज गुप्ता ने क्षेत्रीय जनता से विभिन्न मंचो पर नवीन पुल बनवाये जाने का वायदा किया अपने वायदे को पूरा करने के लिये अनवरत् प्रयास जारी रहे। पुल की आवश्यकता को लेकर जिला प्रशासन से शासन की चौखट पर पत्राचार के साथ व्यक्तिगत मुख्यमंत्री से मिलकर मांग उठाई तो सदन में नियम.51 के तहत सवाल उठाया नियम.301 के तहत अपनी ही सरकार में विषय रखने की मांग रखी जनहित याचिका प्रस्तुत की इस पर जारी कार्यवाहियो के बीच सदन सत्र में अभिभाषण के जरिये सरकार का ध्यान आकृष्ट करने का कार्य किया जो विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन पीठ से इस पुल की जरुरत पर सदर विधायक पंकज गुप्ता का समर्थन करते हुये सरकार से जवाब मांगा प्रतिफल में जारी प्रयासो पर आज उनके राजनैतिक जीवन में कराये गये वृहद कार्यो की सेवा में एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई और सरकार द्वारा पुल निर्माण की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी 23525ण्63 लाख की वित्तीय स्वीकृति के साथ शुक्लागंज सहित जनपदवासियो ने मां दुर्गा मन्दिर में सदर विधायक पंकज गुप्ता का ढोल नगाड़ो अतिशबाजी के बीच फूलमालाओ से लादकर जोरदार स्वागत किया वही सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मां दुर्गा के चरणो में पूजा.अर्चना आरती करते हुये कहा कि मां दुर्गा की कृपा से इतना बड़ा कार्य सम्पन्न हो सका है। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठीए मनीष जायसवालए सुरेश शुक्लाए विकास मिश्राए ध्रुव अवस्थीए पप्पू चौहानए विजयराज सिंहए धीरज सिंहए प्रत्यय गुप्ताए सुरेश तिवारीए गोल्डी गुप्ताए अंकुर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे

# वी वी आई पी स्कूल के छात्र और छात्राओं ने परचम फहराया



**चौबेपुर** क्षेत्र के शिव शक्तिनगर चौबेपुर में स्थित वी वी आई पी स्कूल ने सी बी एस ई बोर्ड हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा में शत प्रतिशत अंकों के साथ अपना परचम लहराया वही छात्र और छात्राओं ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक पाकर विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रोशन किया इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन डाक्टर पुरूषोतम बाजपेई ने बुधवार को अविभावकों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया और छात्र छात्राओं को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढ़ाया कई छात्र और छात्राओं ने नब्बे प्रतिशत से लेकर छानबे प्रतिशत तक अंकों के साथ नया कीर्तिमान स्थापित किया जिसका सारा श्रेय अविभावकों ने विद्यालय के शिक्षकों को दिया और इस कामयाबी पर विद्यालय की भूरि भूरि प्रशंसा की वही हाई स्कूल में शत शिवम् ने पंचानबे अंकों के साथ सहविश खान ने 92 प्रतिशत और सरस मिश्रा ने भी 92 प्रतिशत अंकों के साथ बाजी मारी तथा इंटर मीडिएट में सुंदरम शुक्ला और वैष्णवी ने 93 प्रतिशत और 96 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता पाई इस अवसर पर चेयरमैन डाक्टर पुरूषोतम बाजपेई सेक्रेटरी आदित्य बाजपेई प्रिंसिपल अंकित बाजपेई डायरेक्टर राजेश बाजपेई डिप्टी डायरेक्टर बीना दुबे वाइस प्रेसिडेंट कैफ़ी काजमी संदीप त्रिपाठी संजय अमरीश सोनाली शैली राणा श्यामजीत रजत मनीष शुभम आशुतोष श्यामा अंकित सागर शिवा आदि लोग मौजूद रहे

# असेंट पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई में दिया सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट


Saumya Sachan (96%)


Utkarsh Tiwari (83%)


Avani Tiwari (92%)


Tanu Sachan (97%)


Saurabh Chauhan (87%)


Arjun Tripathi (91%)


Disha Chandra Kish (95%)


Shivansh Gupta (95%)


Ansh Raj Singh (93%)


Nivedita Sachan (94%)

**■ मेधावियों ने सर्वश्रेष्ठ विद्यालय होने के बरकरार रखा गौरव,10 वीं व 12 वीं के परीक्षा परिणाम देख खुशी से झूमे**

**घाटमपुर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित किए गए 10 वीं व 12 वीं के परिणाम में असेंट पब्लिक स्कूल ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम दिया। मेधावियों ने सर्वश्रेष्ठ विद्यालय होने के गौरव भी बरकरार रखा।10 वीं व 12 वीं के परीक्षा परिणाम देख छात्र छात्राओं ने स्कूल व घरों में जश्न मनाया। जिसकी जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या डॉव मंजू सिंह सिकरवार ने आगे बताया कि कक्षा.10 वीं की परीक्षा में सौम्या सचान ने 96%, शिवांश गुप्ता ने 95%, दिशा चंद्र किशोर 95:एनिवेदिता सचान ने 94%, अंश राज सिंह ने 93%, राम जी ने 92%,माधव विजय न 90%,नयनशी ने 90?एनविका सिंह ने 90%, निदा खातून ने 88? अंकों से परीक्षा पास कर अपना व अपने स्कूल तथा अभिभा वकों का नाम रौशन किया। इसी तरह कक्षा.12 वीं की परीक्षा में तनु सचान ने 97%,अवनी तिवारी, 92%, अर्जुन त्रिपाठी ने 91%, सौरभ चौहान ने 87%, उत्कर्ष तिवारी ने 83%, दिव्यान्शी शुक्ला ने 82%, रिया सिंह ने 82%, तान्या सचान ने 81%,आराध्या त्रिपाठी ने 80:एयश परिहार ने 80% अंकों से परीक्षा पास की।इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन रमेश वर्मा ने छात्र छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यालय की मेहनतए अनुशासन व समर्पण का परिणाम बताया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सचिव संदीप वर्मा ने शानदार परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी और इसे परिश्रम का फल बताया।विद्यालय की निर्देशक श्रीमती आरती वर्मा ने विद्यार्थियों की उपलब्धि को विद्यालय की श्रेष्ठ शैक्षणिक परंपरा का प्रमाण बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या डॉण् मंजू सिंह सिकरवार ने विद्यार्थियों की मेहनतए शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की तथा विद्यार्थियों को आगे भी निरंतर सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी।





# दृढ़ इच्छा शक्ति से निश्चित ही मिलती है सफलता - पंकज गुप्ता

**शुक्लागंज क्षेत्र के 203 मेधावी बच्चो को किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र भारत संवाददाता शुक्लागंज ;उन्नाव हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुये शुक्लागंज क्षेत्र के 203 मेधावी बच्चो के सम्मान समारोह का सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा एक स्थानीय गेस्ट हाउस में आयोजन कर उन्हे मालाए पटकाए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन की सभी चुनौतियो का सामना सम्भव है प्रतिभाये किसी परिस्थिति की मोहताज नही होती है उन्होने कहा कि उन्हे सर्वश्रेष्ठ बच्चो को सम्मानित करने का अवसर पाकर स्वयं गर्व महसूस हो रहा है जीवन में कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नही होता है दृढ़ इच्छा शक्ति से कोई भी मुकाम हांसिल किया जा सकता है मेहनत लगन का न कोई विकल्प होता है और न ही कोई शार्टकट उन्होने अभिभावको से भी मुखातिब होते हुये कहा कि बच्चो को उनकी रुचि के क्षेत्र में ही आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना चाहिये छात्र.छात्राओ अभिभावको से सीधा संवाद स्थापित करने के साथ सभी को शुभकामनाये देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की व कहा कि यह बच्चे सिर्फ गंगाघाट ही नही उन्नाव व हम सबका नाम रोशन करेगे। उन्होने बच्चो से परिचय प्राप्त कर उन्हे सम्मानित कर पीठ थपथपा कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर राजकुमार यादवए अभिषेक तिवारीए विकास मिश्राए ध्रुव अवस्थीए विनय तिवारीए प्रदीप सविता आदि लोग मौजूद रहे।

# टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर की नव निवार्चित कार्यकारिणी ने किया शपथ ग्रहण



**कानपुर** बुधवार को जीएसटी भवन लखनपुर में टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर की 2025.26 के लिए निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष मंत्री समेत 8 पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शपथ ग्रहण की एडवोकेट हरिओम गुप्ता को अध्यक्ष एडवोकेट पंकज श्रीवास्तव को महामंत्री एडवोकेट रत्नेश वेबरवाल को कोषाध्यक्ष आदि सभी लोगों को शपथ ग्रहण कराई गई इस अवसर पर अध्यक्ष व मंत्री ने कहां की पिछली कार्यकारिणी द्वारा जो कार्य अधूरे रह गए हैं उनका पूरा किया जाएगा जीएसटी में व्यापारियों को जो समस्याएं आ रही हैं उसका निवारण करने का प्रयास किया जाएगा शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से अवधेश श्रीवास्तव शैलेश शुक्ला सुनील तनेजा मोहम्मद इकलक राकेश कुमार पांडे राहुल सिंह यादव शमशेर अली सचिन केसरवानी आनंद गुप्ता मोहम्मद यूसुफ राकेश कुमार पांडे आदि लोग उपस्थित रहे

# भाजपा नेता के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

घाटमपुर। सजेती कस्बे में चोरों ने भाजपा नेता के घर को निशाना बनाया। उनके मकान का ताला तोड़कर चोर एक लाख से अधिक की कीमत के बैटरी व क्लच प्लेट चोरी कर ले गए। भाजपा नेता ने थाने में तहरीर दी है। अकबरपुर बीरबलपुर निवासी भाजपा नेता अमित कुमार तिवारी ने बताया कि सजेती कस्बे में भी उसका मकान है। मंगलवार की रात्रि के चोर मेनगेट का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए। हाल में रखे 6 बैट्रा व क्लच प्लेट समेत एक लाख से अधिक कीमत का सामान चोरी कर ले गए। बुधवार की सुबह जब छोटा भाई पहुंचा घर पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। थाना प्रभारी का कहना था कि मामले की जांच के साथ चोरों का पता लगाया जा रहा है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हमीरपुर। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग/विकास कार्यो के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्योध् योजनाओं की प्रगति की रैंकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होने कहा कि किसी तरह की शिथिलता नही होनी चाहिए जिन विभागों की रैंकिंग खराब है। उनके द्वारा विभागीय कार्यो की प्रगति में तेजी लाकर रैंकिंग में सुधार किया जाए। कहा कि गलत डाटा फीड करने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो संबंधित विभागीय अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। कहा कि पोर्टल पर डाटा फीड करने से पूर्व उस डाटा को संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा स्वयं देखा जाये। फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाए। गौशालाओं का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर उसके संबंध में रिपोर्ट दिया जाए। गौवंशों के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड कार्यक्रम में सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैंकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं।

**कानपुर विकास प्राधिकरण** — आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं०–823 ब्लाक–वाई–1, किदवई नगर, कानपुर नगर क्षेत्रफल 200 वर्गगज अर्थात 167–226 वर्गमी० भू–प्रयोग आवासीय की लीज डीड कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 04.08.1994 को श्रीमती आशा देवी पत्नी श्री अशोक कुमार के पक्ष में निष्पादित की गयी। जिसके उपरान्त उक्त भूखण्ड के मूल पट्टाधारिका श्रीमती आशा देवी द्वारा उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.10.1995 को श्रीमती अन्नपूर्णा मिश्रा उर्फ श्रीमती रति मिश्रा पत्नी श्री आदित्य कुमार मिश्रा के पक्ष में किया गया। तत्पश्चात बैनामा धारिका श्रीमती अन्नपूर्णा मिश्रा उर्फ श्रीमती रति मिश्रा द्वारा उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 24.12.2008 को श्री अरविन्द कुमार साहू व श्री अरूण कुमार साहू पुत्रगण स्व० मोती लाल साहू के पक्ष में किया गया। उक्त भूखण्ड के सह बैनामा धारक श्री अरविन्द कुमार साहू की मृत्यु दिनांक 14.04.2016 को हो चुकी है। जिसकी पुष्टि प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र से होती है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड के सह बैनामा धारक श्री अरूण कुमार साहू पुत्र स्व० मोती लाल साहू एवं मृतक अरविन्द कुमार साहू के वरिसान श्रीमती शान्ती साहू व नेहा साहू द्वारा शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड का पंजीकृत वैनामा/विरासतन के आधार पर संयुक्त रूप से नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है।

प्रश्नगत भूखण्ड की मूल पत्रावली न ही चार्ज में प्राप्त है और न ही प्राधिकरण के अभिलेखागार में उपलब्ध हो पा रही है। मूल पत्रावली के अभाव में नामान्तरण की कार्यवाही लम्बित है। आवेदक द्वारा निरन्तर उपस्थित होकर डुप्लीकेट पत्रावली खोलकर नामान्तरण की कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया जा रहा है। भविष्य में होने वाली आपत्तियों के दृष्टिकोण से समाचार पत्र में इस आशय से विज्ञप्ति प्रकाशित करायी जा रही है कि उपरोक्त शपथ पत्र/प्रार्थना पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड की डुप्लीकेट पत्रावली खोलते हुए श्री अरूण कुमार साहू श्रीमती शान्ती साहू व नेहा साहू का नाम प्राधिकरण अभिलेखों में अंकित किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिवसों के भीतर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विक्रय जोन–4 अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दाखिल कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त कोई आपत्ति कलेम मान्य नहीं होगा तथा प्राधिकरण अभिलेखों में श्री अरुण कुमार साहू श्रीमती शान्ती साहू व नेहा साहू का नाम अंकित किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन–4)**

# फतेहपुर समाचार

## तीसरे दिन ही लाइन हाजिर हुए बिंदकी कोतवाल

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने 10 मई को बड़े पैमाने में निरीक्षक समेत उपनिरीक्षकों के तबादले किए थे। जिसमें निरीक्षक राज किशोर को बिंदकी कोतवाली की कमान सौंपी गई थी। कमान संभालने के तीन दिन बाद यानी बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने उनको लाइनहाजिर करते हुए साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक लाल सिंह को बिंदकी कोतवाली का नया प्रभारी नियुक्त कर दिया। जैसे ही यह खबर आम हुई तो लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।

## बैठकः आईजीआरएस की शिकायतों का संवेदनशीलता से करें निस्तारण



फतेहपुर। आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के फीडबैक की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने आईजीआरएस, सीएम पोर्टल, ऑनलाइन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के फीडबैक की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करें। शिकायतकर्ता से सम्पर्क अवश्य करें जब क्षेत्र में जाये तो शिकायतकर्ता को पूर्व में सूचित करें। इस कार्य में लापरवाही/शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों की निस्तारण की समीक्षा निरंतर करते रहने के निर्देश सम्बधितो को दिये। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक भी ले और यह प्रयास किया जाये कि ज्यादा से ज्यादा शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, बन्दोबस्त चकबंदी अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता जलनिगम ग्रामीण, अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ : पुजारी व सेवादार का दूसरा हत्यारा भी गिरफ्तार

- मृतक का मोबाइल व तमंचा-कारतूस भी बरामद

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलंदा के हाईवे किनारे स्थित मंदिर के पुजारी व सेवादार की हत्या में शामिल दूसरे अभियुक्त से इंटेलीजेंस विंग, एसओजी व थरियांव थाना पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त घायल हो गया जिसे गिरतार करके उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उसके पास से मृतक का मोबाइल व तमंचा-कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलंदा गांव के बाहर हाईवे के समीप स्थित बालाजी मंदिर में बीते पहर पुजारी कृष्ण गोविंद तिवारी पुत्र स्व0 षिव कुमार तिवारी व गांव के ही सेवादार अवधेष प्रजापति पुत्र राम आसरे के ऊपर अज्ञात लोगों ने सोते समय सिर कूचकर निर्मम हत्या कर दी थी। इस मामले में घटना के मुख्य आरोपी राजू पासवान को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें चन्द्रषेखर उर्फ लाला पुत्र राजू पासवान की संलिप्तता प्रकाश में आई।

अभियुक्त चन्द्रशेखर उर्फ लाला को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के केषवपुर मोड़ के निकट जनपदीय इंटेलीजेंस विंग, एसओजी सहित थरियांव थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी करके गिरतारी का प्रयास किया। जिस पर अभियुक्त ने बचाव में पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन सहित एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस भी बरामद किया। अभियुक्त को उपचार के लिए पीएचसी हसवा भेजा गया। एसपी ने बताया कि अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल का पुलिस महानिदेषक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज व उन्होंने निरीक्षण किया था। अभियुक्तों की गिरतारी किए जाने पर पुलिस टीम को पंद्रह हजार रूपए के पुरस्कार से पुरूस्कृत किया गया है।

गिरतारी करने वाली टीम में एसओजी प्रभारी विनोद कुमार यादव, मुख्य आरक्षी अनिल सिंह, कांस्टेबल अभिमन्यु पटेल, बृजेष पाल, राहुल कुमार, अमन सिंह, इंटेलीजेंस विंग प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार चतुर्वेदी, कांस्टेबल रामकुमार, विकास कुमार, प्रमोद कुमार के अलावा थरियांव थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक विनोद कुमार पटेल, राजेष कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी षैलेन्द्र सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, कांस्टेबल सर्वेष कुमार, मनोज कुमार व प्रवीण चौधरी षामिल रहे।

## दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बिंदकी, (फतेहपुर)।** ट्रैक्टर की टक्कर से घायल तीन लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया था जिसमें दो की हालत नाजुक देखते हुए हैलट अस्पताल कानपुर रेफर किया गया था जिसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि मंगलवार की देर शाम को कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत खिदिरपुर गांव के समीप जय गुरुदेव मंदिर के निकट ट्रैक्टर की टक्कर से एक ही बाइक में सवार राजू 35 वर्ष, विमल 27 वर्ष तथा आयुष 15 वर्ष पुत्र शिवबरन निवासीगण घरही खेड़ा कोतवाली बिंदकी गंभीर घायल हो गए थे। सभी को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। हालत में सुधार न होने पर मंगलवार की रात को जिला अस्पताल से गंभीर हालत में राजू व विमल को हैलट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर किया गया था। हैलट अस्पताल कानपुर में बुधवार की भोर इलाज के दौरान राजू की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन रो रोकर बेहाल हो रहे।

## मदर सुहाग एजुकेशन सेन्टर रिजल्ट रहा शत प्रतिशत





- हंस ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में भी मेधावी चमके

**फतेहपुर।** सी.बी.एस.ई. बोर्ड की 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मदर सुहाग एजुकेशन सेन्टर के मेधावियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सेंटर के प्रबन्धक में मोहित सिंह चंदेल ने बताया कि 10वीं और 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सृष्टि ने 94.7 फ़ीसदी, आयेंश- 94.6 फ़ीसदी, कीर्ति गुप्ता- 93.4 फ़ीसदी, इरम फातिमा - 93.2 फ़ीसदी, कार्तिकेय सिंह - 93.2 फ़ीसदी, इशिका जायसवाल- 92.8 फ़ीसदी, आरहया पटेल- 91.8 फ़ीसदी, शौर्य प्रताप- 91.2 फ़ीसदी, आदित्य राज ने 92.8 फ़ीसदी अंक प्राप्त करके अपनी मेधा का परिचय दिया।

इस मौके पर सेंटर के प्रबन्धक में मोहित सिंह चंदेल, प्रधानाचार्य डी.के. श्रीवास्तव व विद्यालय के सभी अध्यापकों ने मेधावी छात्रों व अभिभावकों का मुंह मीठा कराया व शुभकामनाएं दी। प्रमुख रुप से अतुल तिवारी, अमन वर्मा, अनिल अग्रहरि, पंकज मिश्रा, दिव्यांश वर्मा, रोहित जैस, मंजीत पटेल, विक्रम विकास, श्रद्धा वर्मा व परीक्षित सिंह आदि उपस्थित रहेइसी कड़ी में हंस ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल अहिरानखेड़ा (मलवा) का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें 12वीं के आयुष कुमार तिवारी, मोहित पटेल, आकाश, 10वीं की राधिका सिंह, पुष्पेंद्र कुमार व आर्यन यादव सफल रहे। विद्यालय के प्रबंधक चंद्रभान सिंह यादव, व्यवस्थापक रवींद्र सिंह, प्रधानाचार्या का नाम श्रीमती शिवानी खन्ना ने मेधावियों का मुंह मीठा कराकर शुभाशीष दिया।

## अंतरविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता में महर्षि के बच्चों ने मारी बाजी



**फतेहपुर।** सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संगठन सहोदया रुप ऑफस्कूल के तत्वावधान में नूरुल हुदा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता जिसका विषय था- सोशल मीडिया एक वरदान या अभिशाप विषय पर जूनियर वर्ग की अर्न्तविद्यालयीय वाद-विवाद प्रतियोगिता हुयी जिसमें जनपद के विद्यालय सेन्ट मेरी स्कूल खागा ए0पी0एस0 खागा, चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल फतेहपुर, सेन्ट मेरी स्कूल फतेहपुर, नुरुल हुदा आर0एस0एक्सेल, सागर कान्वेन्ट, मदर सुहाग, महर्षि विद्या मन्दिर, आर0जी0 चिल्ड्रेन एकेडमी आदि 12 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया, जिसमें महर्षि विद्या मन्दिर की छात्रा आराधना साहू (पक्ष में) प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल फतेहपुर की छात्रा पीहू सिंह चौहान द्वितीय स्थान पर व सेन्ट मेरी खागा के छात्र विशाल चौरसिया तृतीय स्थान पर रहे। दिये गये विषय के विपक्ष में महर्षि विद्या मन्दिर की छात्रा अर्पिता श्रीवास्तव प्रथम स्थान पर व सी0पी0एस0 फतेहपुर की छात्रा वरुण्या द्वितीय स्थान पर और ए0पी0एस0 खागा की अग्रिमा सिंह तृतीय स्थान पर रहे। आयोजक विद्यालय ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया।

## अवैध खनन को लेकर समिति ने सीएम को भेजा शिकायती पत्र

- नदी की जलधारा को प्रभावित किए जाने का आरोप

**फतेहपुर।** जनपद में हो रहे अवैध खनन को लेकर मुख्यमंत्री, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशक, मण्डलायुक्त मण्डल, जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेज कार्यवाही की मांग की गई। संचालित बालू साइडों पर पट्टाधारकों द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल से काफी आगे बढ़कर बेखौफबालू का खनन किया जा रहा है। खननकर्ताओं द्वारा नदी की जलधारा को बांधकर व पुल बनाकर लिटिंग मशीनों व पोकलेन मशीनों द्वारा बालू का खनन किया जा रहा है, जबकि एनजीटी एवं उत्तर प्रदेश सरकार का आदेश है कि बालू खनन के लिए किसी भी दशा में नदी की जलधारा को प्रभावित नहीं किया जा सकता एवं लिटिंग मशीन व पोकलैण्ड का प्रयोग भी प्रतिबंधित है। इसके बावजूद भी बालू खननकर्ताओं द्वारा नदी की जलधारा को बांधकर लिटिंग मशीन और पोकलेन मशीन के द्वारा बालू खनन का कार्य किया जा रहा है, जिससे नदी के मूल स्वरूप व अस्तित्व पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। वहीं दूसरी तरफ प्रतिदिन असंख्य जलीय जीव जंतुओं का जीवन समाप्त हो रहा है। जो सीधे पर्यावरण के लिए खतरा है जिसका असर मानव जीवन पर भी पड़ेगा। इस संबंध में युवा विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि बालू लीज/पट्टाधारको द्वारा लीज एरिया से बढ़कर नदी की जलधारा में किये जा रहे बालू खनन पर रोक लगाई जाने, बालू का खनन व ट्रैक्टरों पर लोडिंग मशीन द्वारा न कराकर मजदूरों द्वारा कराये जाने, बालू खनन के लिए नदी की जलधारा को मोड नहीं जा सकता इसके बावजूद नदी की जलधारा को मोड़कर व पूल बनाकर मशीनों द्वारा किये जा रहे बालू खनन पर रोक लगाये जाने, बालू लीज स्थल पर रेट बोर्ड लगाए जाने, बालू लीज स्थल के प्रत्येक कोने पर सीमा स्तंभ व लीज होल्डर का बोर्ड लगाये जाने जिस पर लीज होल्डर का पूरा नाम पता मोबाइल नंबर तथा रखवा लिखे जाने की मांग मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों से की गई है। अन्यथा की स्थिति में जनहित को ध्यान में रखते हुए युवा विकास समिति धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

## चौबीस घंटे में पुलिस के हत्थे चढ़े चाचा के हत्यारे भाई

- आल कत्ल डण्डा व ईंट भी बरामद

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ककरैहा गांव में मंगलवार को चाचा की डण्डा व ईंट से प्रहार कर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों भाईयों को चौबीस घंटे के भीतर गिरतार कर लिया। दोनों की निषानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल डण्डा व ईंट भी बरामद कर लिया है। दोनों के खिलाफसुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। बताते चलें कि ककरैहा गांव निवासी सूरजपाल का पुत्र षेरा व मदन उर्फ राधेमोहन नषे की हालत में विवाद कर रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले सगे चाचा लवकुष बीच-बचाव करने पहुंच गए। जिससे झल्लाए दोनों भाईयों ने चाचा पर ईंट व डण्डे से प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चाचा को उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफविभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया और गिरतारी के प्रयास शुरू कर दिए। चौबीस घंटे के भीतर गाजीपुर थाना पुलिस ने हत्यारे दोनों भाईयों को गिरतार कर लिया। उनकी निषानदेही पर आलाकत्ल डण्डा व ईंट भी बरामद कर लिया है। दोनों के खिलाफविधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया। गिरतारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में गाजीपुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य, षाह चौकी प्रभारी अविनाष कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक हिमांशु सिंह, सावन कुमार पटेल, कांस्टेबल ललित मिश्रा, बाबी सिंह, अजय कुमार, शुभम अवस्थी भी षामिल रहे।

## स्टेट बैंक ने ऋणी के बंधक मकान पर किया भौतिक कब्ज़ा

- नायब तहसीलदार की मौजूदगी में हुई कार्यवाही
- ससमय बैंक का अदा करे बकाया, अन्यथा होगी कड़ी कार्यवाहीः आरबीओ



**फतेहपुर।** भारतीय स्टेट बैंक ने बैंक के बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसना तेज़ कर दिया है। क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय (श्री) ने विभिन्न बैंक शाखाओं से संबंधित लोन के बकायेदारों से ससमय मूल और ब्याज की करने की अपील की है।

इसी कड़ी में आज एसबीआई की आई.ई. शाखा बरौरा के बकायेदार श्रीमती भुल्ली देवी सरोज पत्नी स्व. रामशरण विकल व अजय कुमार पुत्र स्व. रामशरण विकल द्वारा भारी बकायेदारी अदा न करने पर उनके मकान पर भौतिक कब्ज़ा लेकर तालाबंदी कर दी गई। उपरोक्त ने विगत 22 अगस्त 2019 को बरौरा शाखा से ऋण प्राप्त किया था किन्तु बैंक के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्होंने बकाए धन की जब अदायगी नहीं की तो विगत 03 जनवरी 2025 को सर्फ़ेसी एक्ट- 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस निर्गत की गई थी। इसी सन्दर्भ में सर्फ़ेसी एक्ट- 2002 के अन्तर्गत विगत 07 मार्च 2025 को भी नोटिस 13(4) दी गई थी तथा 09 मार्च 2025 को समाचार पत्र में कब्ज़ा नोटिस भी प्रकाशित किया गया था।

ज़िला अधिकारी, फ़तेहपुर रवींद्र सिंह के निर्देशानुसार आज नायब तहसीलदार सदर अमित प्रभात यादव, आरबीओ श्री के प्राधि.त अधिकारी मो. जियाउल्लां, चौकी प्रभारी मुराइनटोला अनुज यादव मय फ़ोर्स के शाखा प्रबंधक बरौरा अंकित सिंह, रिकवरी इनफ़ोर्समेंट प्रभारी सरवर खान के साथ पहुंचकर ऋणी के मुराइनटोला सिविल लाइन स्थित बंधक मकान पर भौतिक कब्ज़ा लेकर तालाबंदी कर दी। प्राधि.त अधिकारी मो. जियाउल्लां ने स्टेट बैंक ऑफ़इंडिया के सभी बकायेदारों से अपील की है कि ससमय बैंक का बकाया जमा कर दे, अन्यथा विवश होकर बंधक प्रापर्टी पर भौतिक कब्ज़े की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## भारत माता की पूजा अर्चना कर पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित



**बिंदकी, (फतेहपुर)।** पहलगाम की घटना के बाद से लगातार लोगों में देश प्रेम के प्रति जज्बा बढ़ा है। इसी के चलते मां शारदा देवी मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिक उत्सव में भारत माता की पूजा अर्चना की गई। पूर्व सैनिकों को फूलमाला पहनकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि पहुंचे। मलवां ब्लॉक क्षेत्र के जाफराबाद ग्राम पंचायत के अंतर्गत फरीदपुर गांव में मां शारदा मंदिर के वार्षिक उत्सव के मौके पर भारत माता की पूजा अर्चना की गई। पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। भंडारे का भी आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, सांसद नरेश उत्तम पटेल तथा भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल सहित तमाम लोग पहुंचे।

जन प्रतिनिधियों ने कहा कि देश की रक्षा सुरक्षा के लिए देश की सेना द्वारा उठाए गए कदम का सभी लोग सम्मान करते हैं और सभी लोग सेना के साथ हैं। भारत देश कभी झुकने वाला नहीं है। पूर्व सैनिक कैप्टन रामराज के अलावा पूर्व सैनिक मनीराम, रवि शंकर पांडेय, अशोक कुमार, अर्जुन सिंह, उमाकांत को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भूपेंद्र उमराव अरुण कुमार शुक्ला, आशीष पटेल, शंभू दयाल, जंगी प्रसाद, प्रवेश उमराव, अनिल उमराव आदि मौजूद रहे। पंडित बच्चन दीक्षित, रामजी शुक्ला तथा दुर्गेश शुक्ला ने पूजा अर्चना कराई।

## खबर एक नज़र

### संदिग्ध अवस्था में महिला की जलकर मौत

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम खटौली में मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थियों में 35 वर्षीय महिला आग की चपेट में आ गयी। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। उपचार के लिए लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां परिजन महिल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे थे। जिसकी रात में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार खटौली गांव निवासी उमाशंकर की पत्नी अनीता उर्फ अल्का मंगलवार की शाम संदिग्ध अवस्था में आग की चपेट में आ गयी। जिससे वह बुरी तरह झुलस गयी। जानकारी होने पर परिजनो ने महिला के शरीर में लगी आग को जल्दी-जल्दी बुझाया और तत्काल उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर बाद परिजन घायल महिला को इलाज कराने के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां देर रात उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### जहरीला पदार्थ खा किशोरी ने की आत्महत्या

- मां ने पिता पर ही पुत्री को प्रताड़ित करने का मढ़ा आरोप

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बुधईयापुर अपने मामा यहां आयी 17 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। वहीं मृतका की मां ने अपने ही पति पर पुत्री को प्रताडित करने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के शहजादेपुर गांव निवासी रामबहादुर लोधी की पुत्री कोमल अपने मामा नरेश निवासी बुधईयापुर थाना मलवां में रहती थी। बताते हैं कि मंगलवार की शाम लगभग 4:30 बजे किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाने लगे। तभी रास्ते उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका की मां इंदी देवी ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है आये दिन वह उसे व लड़की को मारता पीटता था। जिससे वह और उसकी बेटी अपने मायके चली गयी। एक माह पूर्व उसका पति गांव के कुछ लोगो को लेकर और दोबारा ऐसी गलती न होने की बात कर दोनों को वापस घर ले आया। दूसरे दिन उसने फिर गाली गलौज शुरू कर दी और यहां तक कि पुत्री कोमल को मारापीटा जिससे डर कर मायके चली गयी, जहां उसकी पुत्री ने घटना को अंजाम दे दिया। पुत्री की मौत का जिम्मेदार उसका खुद पिता ही है।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के मण्डी चौराहा के पास अचेत अवस्था में पड़े 25 वर्षीय युवक को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनो की माने तो युवक ने जहर खाकर आत्महत्या की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के छिछिलिया तालाब गांव निवासी सत्यपाल का पुत्र मिथुन सोनकर को मंगलवार की शाम मण्डी चौराहा के पास से अचेत अवस्था में पुलिस ने बरामद कर इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुये बताया कि हो सकता है कि इसने जहर खाया हो मुह से झाग निकल रहा था। उधर परिजनों को इसकी जानकारी हुयी तो मौके में पहुंचे और उनके मुताबिक मिथुन सुबह से ही घर से गायब था और कुछ दिनो से मानसिक तनाव में भी था हो सकता है उसने जहर खा लिया हो जिसके चलते उसकी मौत हो गयी।

### अल्टो ई-रिक्शा की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बाईपास एनएच-2 में बुधवार की सुबह ई-रिक्शा व चार पहिया की टक्कर में ई-रिक्शा समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थरियांव कस्बा निवासी मोती लाल का 16 वर्षीय पुत्र मोनू अपने बड़े भाई रामू 30 वर्ष बिटान पत्नी राजेन्द्र 50 वर्ष पूजा पत्नी पारूल 25 जानवी 05 वर्ष सावनी 03 वर्ष पुत्री पारूल सभी लोग अल्टो में सवार होकर मलवा शादी समारोह में गये थे। सुबह वापस लौटते समय जब वह लोग लखनऊ बाईपास पहुंचे तभी ई-रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे ई-रिक्शा चालक रामू पुत्र कल्लू निवासी चांदपुर थाना राधानगर समेत अल्टो सवार सभी लोग घायल हो गये, जिन्हे मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस में उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### भगवान कूर्मावतार, महर्षि भृगु, बुद्ध पूर्णिमा जयंती पर हुई संगोष्ठी

बिंदकी, (फतेहपुर)। मध्य बाजार कस्बा बिन्दकी स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में एक बैठक आहूत की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए आल यूपी स्टाम्प वेंडर्स एसोसियेशन तहसील इकाई के महामंत्री सात्विक शुक्ला ने कहा कि भगवान विष्णु जी ने कूर्म अवतार कच्छप के रूप में अवतार लिया था। हिंदू पौराणिक कथाओं में भगवान विष्णु का यह दूसरा अवतार है। यह अवतार समुद्र मंथन के दौरान लिया था। जब मंदार पर्वत सागर में डूबने लगा तब भगवान विष्णु ने कछुए का रूप धारण करके पर्वत को अपनी पीठ पर सहारा दिया था। इसी दिन महर्षि भृगु की जयंती या भार्गव जयंती का होना बताया। महर्षि भृगु को ब्रम्हा जी के मानस पुत्रों में से एक होना और कहा महर्षि भृगु जयंती भृगुवंशम समाज द्वारा पूरे देश में मनाई जाती है। महर्षि भृगु को चिरंजीव भगवान परशुराम जी के पूर्वज बताया और चिरंजीव भगवान परशुराम जी को महर्षि भृगु का प्रपौत्र बताया। जनपद में उत्तर वाहिनी गंगा के निकट भिटौरा घाट स्थित भृगु धाम की पावन धरती को महर्षि भृगु की तपोस्थली बताया और उन्हें, उनके माता-पिता, जन्मस्थली तथा तपोस्थली को नमन किया। इसी दिन बुद्ध पूर्णिमा को गौतम बुद्ध के जन्म, इसी दिन उन्हें ज्ञान की प्राप्ति होने और इसी दिन उनके महा निर्वाण होने को बताया। बौद्ध धर्म के संस्थापक सिद्धार्थ गौतम ही थे जिन्हें हम सभी गौतम बुद्ध के नाम से जानते हैं। उन्होंने बोधगया में बौद्ध वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया और चार आर्य सत्यों का बोध हुआ। मौर्य साम्राज्य के शासक सम्राट को अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद बौद्ध धर्म को अपनाकर देश में शांति का संदेश दिया एवं अपने शासनकाल में बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार एवं समर्थन किया। आज ही के दिन अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर भारत देश के सरकारी, प्राइवेट अस्पतालों में कार्यरत नर्सों की मरीजों के प्रति स्वास्थ्य संबंधी उचित देखभाल, परामर्श, सेवा, समर्पण, त्याग की निस्वार्थ भावना की सराहना की गयी। उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर सात्विक शुक्ला, ज्ञानेंद्र मिश्रा, नीता शुक्ला, वंदना, अरुणा शुक्ला, शार्विल शुक्ला, राज कुमार गुप्ता, वरुण सिंह, सुनीता, आदित्य शुक्ला भी उपस्थित रहे।

### परिवहन विभाग ने चलाई फतेहपुर-जहानाबाद, हमीरपुर के लिए बस

फतेहपुर। जहानाबाद से प्रातः 06.20 बजे फतेहपुर डिपो की बस पारस, बरीपाल, अनूपुर मोड़ होते हुए हमीरपुर पहुंचेगी। प्रातः 09 बजे हमीरपुर से जहानाबाद और जहानाबाद से प्रातः 10 बजे फतेहपुर को प्रस्थान करेगी जो दोपहर 02.15 बजे फतेहपुर से जहानाबाद होते हुये हमीरपुर से वापस जहानाबाद में रात्रि विश्राम करेगी। इस बस सेवा के शुरू होने से लोगो मे खुशी की लहर देखी जा रही है। ज्ञातव्य रहे कि पूर्व में जनमानस की मांग पर क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल व पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के पहल पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बस चलाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुये उदय नारायण एड., सभासद महेश कुमार चौरसिया, रामबली निषाद, आदित्य सिंह सेंगर, सभासद शिवकुमार त्रिवेदी, सतीश सैनी, शिवसागर सोनकर आदि ने स्वागत किया है।

### नगर पंचायत ईओ का स्थानांतरण, दी विदाई

फतेहपुर। हथगाम नगर पंचायत परिसर में अधिशाषी अधिकारी कुं. गौरव सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। उनके स्थानांतरण की सूचना मिलते ही नगर पंचायत के कर्मचारियों और पदाधिकारियों में मिश्रित भावनाएं देखने को मिलीं। विदाई समारोह में अधिकारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें अधिशाषी अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि उनके नेतृत्व में नगर पंचायत ने कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को गति दी। चेयरमैन धीरेंद्र सिंह उर्फमुन्ना बाबू, कर्मचारी अश्वनी अग्निहोत्री, मनोज सिंह, खुशनूर, संजय यादव समेत अन्य कर्मियों ने उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पमाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदाई के इस भावुक पल में सभी की आंखें नम हो गईं। इस मौके पर ईओ कुं. गौरव सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि हथगाम नगर पंचायत में काम करने का अनुभव अविस्मरणीय रहेगा।

स्वतंत्र भारत
यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मदद पर सवाल

दुनिया के बड़े देशों और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक(एडीबी) जैसे वित्तीय संस्थानों द्वारा छोटी इकॉनमी वाले समस्याग्रस्त देशों को लंबे समय से मदद दी जाती रही है। अकाल, बाढ़ और तूफान जैसी आपदाओं, किसी बड़े देश द्वारा छोटे पर हमलों, डांवाडोल अर्थव्यवस्था और आतंकवादी गतिविधियों के बीच ऐसी सहायता जरूरी भी हो जाती है। लेकिन पाकिस्तान के मामले में ऐसी मदद का कुछ और ही रूप सामने आता है। पिछले करीब तीन दशकों के दौरान वैश्विक संस्थाओं से कर्ज और मदद के नाम पर वह अरबों रुपयों की मदद ले चुका है। पर बेहद खस्ता माली हालत के कारण वहां के लोग अभी तमाम मुश्किलों के बीच जी रहे हैं। ऐसे में यह रहस्य बन जाता है कि मदद और कर्ज की यह विदेशी रकम आखिर जाती कहां है। वहीं अधिकांश देशों को अपनी जकड़न में ले चुके आतंकवाद पर उसका रुख हमेशा संदेहों से घिरा रहा है। वहां के दिनोदिन बिगड़ते अंदरूनी हालात से यह साफ है कि उसका निजाम मुल्क को तरक्की की राह पर ले जाने की जगह अपनी फौज पर खर्च तो बढ़ा ही रहा है, पास पड़ोस के देशों में आतंकवाद फैलाने के लिए आतंकियों को पालने पोसने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इन नाजुक हालात के बीच अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा उसे बारह हजार करोड़ रुपए का नया कर्ज मंजूर किया जाना गंभीर मामला है। इसीलिए भारत ने बिना लाग लपेट के कहा है कि इस तरह की मदद का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद बढ़ाने के लिए पाकिस्तान करता है। इससे पहले एडीबी और विश्व बैंक भी उसे अच्छा-खासा पैसा दे चुके हैं। इन सारी मदद के बावजूद उसकी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था पटरी पर नहीं आई है। जबकि फौज और दहशतगर्दों पर होने वाला खर्च सबके सामने है। तब कैसे माना जा सकता है कि आईएमएफ से मिलने वाली हजारों करोड़ की रकम का इस्तेमाल वह आतंकियों को पालने पोसने में नहीं करेगा। यह सवाल इस तथ्य से भी खड़ा होता है कि पाक पर करीब दस लाख करोड़ से ज्यादा का विदेशी कर्ज है जो उसकी जीडीपी का बयालीस प्रतिशत है। इसी से पता चल जाता है कि बाहरी मदद और कर्ज को लेकर उसकी प्राथमिकता क्या है। इस पृष्ठभूमि में ऐसी बड़ी रकमें देते रहने से वैश्विक वित्तीय संस्थानों के मकसद पर भी संदेह होता है।

## बेहद अनुचित

भारत-पाक के बीच संघर्षविराम के ऐलान के बाद सोशल मीडिया पर कुछ क्षुब्ध लोगों ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनके परिवार को जिस तरह ऑनलाइन धमकी देनी शुरू की, वह घोर आपत्तिजनक है। विदेश मंत्रालय के सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी के साथ यह सलूक जितना शर्मनाक है, उतना ही यह सोशल मीडिया पर व्याप्त जहरीली और बीमार मानसिकता का भी उदाहरण है, जहां किसी मुद्दे पर असहमति किसी के सार्वजनिक अपमान का कारण बन जाती है। विदेश सचिव के खिलाफ जहर उगलने वालों ने यह तक ध्यान में नहीं रखा कि संघर्षविराम पर सहमति दोनों देशों के सैन्याधिकारियों की बातचीत के बाद बनी। विदेश सचिव तो इसकी जानकारी दे रहे थे, जिस तरह उन्होंने उससे पहले ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी हर अहम जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा की थी। हैरानी इस पर भी है कि सोशल मीडिया पर लोग उस शीर्ष सरकारी अधिकारी को निशाना बना रहे थे, जिन्होंने अपने प्रशासनिक करियर में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। अच्छा है कि वरिष्ठ कूटनीतिज्ञों और राजनेताओं समेत प्रशासनिक अधिकारियों के संगठन विदेश सचिव के समर्थन में आगे आये। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी विदेश सचिव की बेटी की निजी जानकारी ऑनलाइन साझा करने को बेहद गंभीरता से लिया। हालांकि इतना काफी नहीं है। ट्रोल करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। तभी इस दुष्प्रवृत्ति पर अंकुश लग पायेगा। अगर पहलगाम हमले की ही बात करें, तो पहले ट्रोलर्स ने आतंकी हमले में शहीद हुए एक सैनिक की विधवा को निशाना बनाया, जो सांप्रदायिक सद्भाव की बात कर रही थीं। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई और प्रेस ब्रीफिंग में अपनी शानदार भूमिका के लिए चर्चित-प्रशंसित कर्नल सोफिया कुरैशी तक को ट्रोलर्स ने नहीं छोड़ा। युद्धभूमि में जाये बगैर या प्रशासनिक अधिकारी की चुनौती भरी जिम्मेदारी जाने बगैर सोशल मीडिया पर गैरजिम्मेदार टिप्पणी करना घोर आपत्तिजनक है। सोशल मीडिया पर लोगों को शर्मसार करने की इस दुष्प्रवृत्ति को खत्म करना जरूरी है।

## कांव-कांव

♦♦♦

**आज देश भर में आपरेशन सिंदूर की गूंज-मोदी**
ऐसी गूंज कि पहलगाम सुरक्षा चूक सब भूले!
**कश्मीर मसले पर मध्यस्थता स्वीकार नहीं-भारत**
वैसे इस मुद्दे को उठाते हम सबके सामने रहेंगे!
**पंजाब कैंट के दर्जी ने भेजी खुफिया जानकारी**
जानकारी उसके पास कैसे पहुंची, ये मत पूछो!
**जम्मू में लगे हैं पहलगाम आतंकियों के पोस्टर**
उनके मरते ही पहलगाम मामला खत्म समझो!
**अमृतसर में जहरीली शराब से हुई सत्रह की मौत**
भारतीयों की मौत के लिये आतंकी जरूरी नहीं!
**हमले के समय बंकर में छिपे थे पाक सेना प्रमुख**
भारत के नेता आराम से चुनाव प्रचार में जुटे थे!

♦♦♦

# डिजिटल लिंचिंग से छलनी होता देश




**-प्रभु चावला**


भारत का डिजिटल लैंडस्केप, जो लाखों-करोड़ों भारतीयों के जुनून का माध्यम है, मानवीय भावनाओं का शवगृह बन गया है। अपरिचय के जहरीले आवरण में ढके बेचेहरे ट्रोल्स ने की-बोर्ड को गिलोटिन में बदल दिया है। वे लगातार जहर उगल रहे हैं, जिससे देश की आत्मा छलनी होती जा रही है। इन ट्रोल्स के निशाने पर कौन हैं? एक शोकाहत विधवा, एक क्रिकेट दिग्गज, टेनिस के एक सितारे, बॉलीवुड की एक चर्चित शख्सियत, एक कमेंटेटर, और दूसरे असंख्य लोग. ट्रोलिंग डिजिटल चिता है, जो निजता का उल्लंघन कर वर्चुअल लिंचिंग को बढ़ावा देती है. जो लोग इन ट्रोल्स का शिकार हुए या हो रहे हैं, उनमें एक जवान विधवा है. पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने उनके जीवन को विध्वस्त कर दिया. आतंकियों ने उनके पति को, जो एक सैनिक थे, मार दिया. उनकी शादी को कुछ ही दिन हुए थे. शहीद की विधवा का कसूर क्या था? उन्होंने तो बस राष्ट्र की एकता बनाये रखने की अपील करते हुए कहा था, 'हम किसी भी समुदाय के खिलाफ घृणा फैलाना नहीं चाहते, हम शांति और न्याय चाहते हैं.' इसकी प्रतिक्रिया में क्रूरता की जैसे झड़ी लग गयी. एक्स पर किसी ने लिखा, 'शहीद को मिलने वाली धनराशि हड़पने के लिए ये घड़ियाली आंसू हैं.' हजारों लोगों ने इस पोस्ट को लाइक किया. एक और ने टिप्पणी की, 'आपके पति कायर थे, अच्छा हुआ कि वह नहीं रहे!' इसे सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया गया. इसका हर री-ट्वीट उस विधवा महिला के दुख पर करारा तमाचा था. हालांकि ऑपरेशन सिंदूर ने त्वरित न्याय प्रदान किया, लेकिन ट्रोल्स को दिया गया जवाब भी उतना ही सटीक था, जब उन्होंने कहा, 'घृणा फैलाने वाले लोगों का इस पृथ्वी पर रहने का कोई अधिकार नहीं है.' इससे पहले एक क्रिकेट दिग्गज को भी, जो कभी भारतीय गर्व के प्रतीक थे, ऐसे ही कटु अनुभव से दो-चार होना पड़ा था. वर्ष 2023 के विश्व कप की हताशा ने उनके जीवन में तूफान खड़ा कर दिया. 'सेल्फी के लिए हमेशा बेकरार!' उन पर किसी की पोस्ट वायरल हुई, तो हजारों लोगों ने उस पर टिप्पणी की. वर्ष 2022 में उनके होटल रूम का एक वीडियो लीक हुआ, जिसमें उनके निजी सामान दिख रहे थे, जिस पर लोगों ने मौज ली. इंस्टाग्राम पर उन्हें टिप्पणी करनी पड़ी, 'मेरी निजता का उल्लंघन ठीक नहीं'. इस पर ट्रोल्स ने उनका मजाक उड़ाया. वर्ष 2021 में यह कहते हुए ट्रोल्स ने उनकी छोटी-सी बच्ची के साथ बलात्कार करने की धमकी दी, 'तुम्हारी विफलता की कीमत तुम्हारी बच्ची को चुकानी पड़ेगी.' सोशल मीडिया पर यह पोस्ट देखते ही देखते जंगल की आग की तरह फैल गयी. टेनिस की एक अग्रणी खिलाड़ी को पाकिस्तान में शादी करने के लिए लगातार ताने सुनने पड़े. वर्ष 2020 में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्हें ऐसा गद्दार कहा गया, जिसने खुद को पाकिस्तान के हाथ बेच दिया है. पहलगाम हमले के खिलाफ आवाज उठाने के बावजूद ट्रोल्स ने उन्हें नहीं बख्शा और कहा, 'अपने पति के देश में चली जाओ.' खेल से जुड़ी एक महिला ने अपनी नवजात की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, तो किसी ने क्रूरता भरी टिप्पणी की, 'अपनी शोहरत के लिए बेटे का इस्तेमाल!' सोशल मीडिया पर किसी की दी जाने वाली यह यातना अचानक नहीं है।

इसे तैयार किया गया है. भारत की विशाल डिजिटल आबादी ने गर्मी सहने वाला एक ऐसा पात्र विकसित किया है, जिसमें घृणा पकता है. एलगोरिद्म (कलन विधि) से यह घृणा ज्यादा से ज्यादा जगहों तक फैलती है. यह सत्य पर विवाद और नकारात्मकता को तरजीह देता है. इसके विस्तार का असर जिस स्तर पर है, वहां तक शेयर बाजार का लाभांश कभी नहीं पहुंच सकता. वर्ष 2023 का एक अध्ययन बताता है कि एक्स और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स ने भेदभाव को काफी बढ़ाया है, जिनमें घृणात्मक पोस्ट बोट्स और हैशटैग हाइजैकिंग के जरिये लाखों लोगों तक पहुंचती है. यह डिजिटल लिंचिंग या सार्वजनिक तौर पर लोगों को सूली चढ़ाना है, जिसमें एलगोरिद्म कफन में कील ठोकने का काम करता है. न्यूज मीडिया में आये एक विधवा के दुख को ट्रोल कार्निवल द्वारा हाइजैक कर लिया गया, और लिखा गया, 'यह औरत सहानुभूति का व्यापार कर रही है'. यह पोस्ट लाखों लोगों के बीच पहुंच गयी. नतीजतन सांस्कृतिक सड़ांध को विस्तार मिलता गया है, जिसने भेदभाव के बीज बोकर समुदायों के बीच के रिश्ते खत्म कर दिये. एक शहीद विधवा के शांति के आह्वान को 'तुष्टीकरण' की संज्ञा देकर सांप्रदायिक विद्वेष को हवा दी गयी. राष्ट्रीय महिला आयोग ने उनको निशाना बनाये जाने की तीखी निंदा की, लेकिन ट्रोल्स पर इसका कोई असर नहीं पड़ा. ट्रोल्स के कारण नामचीन शख्सियतों ने ये प्लेटफॉर्म्स ही छोड़ दिये- आमिर खान ने 'जहरीली पड़ताल' बताते हुए 2021 में इसे छोड़ा, जबकि सोनाक्षी सिन्हा ने 'घृणा से बीमार' हुए लोगों का मंच बताते हुए 2020 में ही इसे छोड़ दिया था.

अध्ययन बताता है कि ट्रोलिंग चिंता, अवसाद और हादसे के बाद का तनाव बढ़ाता है, और इसके ज्यादातर भारतीय उपयोगकर्ता मानसिक तनाव की शिकायत करते हैं. एक विश्वसनीय डिजिटल कंटेंट क्रिएटर ने, जिसे एक वीडियो के कारण ट्रोल किया गया था, अपनी पीड़ा साझा करते हुए लिखा था, 'घृणा मेरी आत्मा को खा गयी, मैं हफ्तों तक नहीं सो पाया.' वर्ष 2000 के साइबर एक्ट में दंडित करने का प्रावधान है, पर इसके क्रियान्वयन में कमी है. पहलगाम हमले के बाद कुछ विदेशी यूट्यूब चैनल्स पर प्रतिबंध लगाये गये हैं, पर घरेलू ट्रोल्स आजाद घूम रहे हैं. 'कुल्हड़ पिज्जा' जोड़ी (सहज अरोड़ा और गुरप्रीत कौर) को लगातार ट्रोलिंग से डरकर इस साल ब्रिटेन भाग जाना पड़ा. सोशल मीडिया के कर्ताधर्ता लाभ कमा रहे हैं. एक्स की ग्लोबल टीम ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के आधार पर इस वर्ष विदेशी सेंसरशिप का मुकाबला किया, पर घरेलू स्तर पर फैलायी जा रही घृणा से वे कन्नी काट जाते हैं. आचार और नैतिकता पर मुनाफे को वरीयता देने वाले सभी प्लेटफॉर्म्स इस पाप के भागीदार हैं. यह डिजिटल लिंचिंग भारत के अपमान की वजह है. देश में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की संख्या 37.8 करोड़ है, जिनमें से 36.29 करोड़ लोग इंस्टाग्राम पर और 2.54 करोड़ एक्स पर हैं. इन्होंने सोशल मीडिया को मानवीय भावनाओं का कत्लगाह बना दिया है. सरकार को कुछ करना होगा. कठोर साइबर कानून की अविलंब आवश्यकता है. भारत को इस डिजिटल द्रोह पर अंकुश लगाना होगा, घृणा के इस एलगोरिद्म को खामोश करना होगा।



## प्रेमचंद की कहानियां



### जुलूस

कान्सटेबल पहले ही से तैयार बैठे थे। सब लोग डबल मार्च करते हुए जुलूस की तरफ चले।

ये लोग डबल मार्च करते हुए कोई पंद्रह मिनट में जुलूस के सामने पहुंच गये। इन लोगों को देखते ही अगणित कंठों से 'वंदेमातरम्' की एक ध्वनि निकली; मानो मेघमंडल में गर्जन का शब्द हुआ हो, फिर सन्नाटा छा गया। उस जुलूस में और इस जुलूस में कितना अंतर था। वह स्वराज्य के उत्सव का जुलूस था, यह एक शहीद के मातम का। तीन दिन के भीषण ज्वर और वेदना के बाद आज उस जीवन का अंत हो गया, जिसने कभी पद की लालसा नहीं की, कभी अधिकार के सामने सिर नहीं झुकाया। उन्होंने मरते समय वसीयत की थी कि मेरी लाश को गंगा में नहलाकर दफ़न किया जाय और मेरे मजार पर स्वराज्य का झंडा खड़ा किया जाय। उनके मरने का समाचार फैलते ही सारे शहर पर मातम का पर्दा-सा पड़ गया। जो सुनता था, एक बार इस तरह चौंक पड़ता था, जैसे उसे गोली लग गयी हो और तुरंत उनके दर्शनों के लिए भागता था। सारे बाजार बंद हो गये, इक्कों और तांगों का कहीं पता न था जैसे शहर लुट गया हो। देखते-देखते सारा शहर उमड़ पड़ा। जिस वक्त जनाजा उठा, लाख-सवा लाख आदमी साथ थे। कोई आंख ऐसी न थी, जो आंसुओं से लाल न हो। बीरबल सिंह अपने कांस्टेबलों और सवारों को पांच-पांच गज के फासले पर जुलूस के साथ चलने का हुक्म देकर खुद पीछे चले गये। पिछली सफों में कोई पचास गज तक महिलाएं थीं। दारोगा ने उनकी तरफ ताका। पहली ही कतार में मिट्ठन बाई नजर आयीं। बीरबल को विश्वास न आया। फिर ध्यान से देखा, वही थी। मिट्ठन ने उनकी तरफ एक बार देखा और आंखें फेर लीं, पर उसकी एक चितवन में कुछ ऐसी धिक्कार, कुछ ऐसी लज्जा, कुछ ऐसी व्यथा, कुछ ऐसी घृणा भरी हुई थी कि बीरबल सिंह की देह में सिर से पांव तक सनसनी-सी दौड़ गयी। वह अपनी दृष्टि में कभी इतने हल्के, इतने दुर्बल, इतने जलील न हुए थे।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिषेवते।**
**ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति चाध्रुवं नष्टमेव हि।।**

जो मनुष्य निश्चित यानी सही को छोड़कर अनिश्चित यानी गलत का सहारा लेता है, उसका सही भी नष्ट हो जाता है। इसलिए जब भी कोई निर्णय लें तो सही और गलत की परख अवश्य करें।

♦♦♦

# टीआरपी की ख़ातिर 'जमूरा' कुछ भी करेगा?



**– निर्मल रानी**

अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टी वी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित खबरों को लेकर चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफ़ी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्र ने कहा था कि - 'सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब असंपादित की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी।' गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया। सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी माँगी ? और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा ? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सच्चाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इज़ाफ़ा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाये विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाये विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं 'जमूरों' ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है ?

यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिये समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टी वी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीखने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने,अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदज़ुबानी से पेश आने,हिन्दू मुस्लिम जिहाद खेलवाद,भाषा विवाद, खालिस्तान, झूठ,अफ़वाह,भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किये गए ऑपरेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीखेज़ सुर्खियाँ बनायीं व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलायी गयीं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आख़िरी रात! तो दूसरा भारत का फ़ाइनल अटैक! 'आधा पाकिस्तान तबाह' आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया। निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृत्ति भी शामिल हो जाये तो न्यूज़ एंकर तो पूरी तरह 'जमूरे' के किरदार में ही नज़र आता है। यही नहीं बल्कि इसी 'जमूरा गिरोह' द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ी ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध और यहाँ तक कि वीडियो गेम फुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिये थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर,अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी। परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं ,जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला ? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी,गोदी,दलाल,चरण चुम्बक,भक्त मीडिया जैसे 'अलंकरण' से 'नवाज़ा' जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था,आख़िर किस आधार पर ? इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया ? बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गयीं। जैसे 'पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला' जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रूरत ही क्या ? हम तो 'विश्वगुरु भारत' के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं। गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो खाइयें गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामोशी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किये। जबकि देश की अदालतों ने एक नहीं अनेक बार मीडिया को उसकी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारणों के चलते आइना भी दिखाया,निर्देश भी दिये परन्तु इस बेशर्मी जस की तस क़ायम रही। और इसी विभाजनकारी एजेंडे के बल पर अपनी टीआरपी बढ़ाती देख मीडिया उसी ढर्रे पर चलता रहा। और इसी बेलगामी का परिणाम यह रहा कि भारतीय मीडिया भारत-पाक तनाव के दौरान भ्रामक समाचार,सनसनीखेज़ कवरेज, ग़लत सूचना आदि प्रसारित करता रहा। और मीडिया के इसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना रैवये ने इसकी विश्वसनीयता पर विश्व स्तर पर सवाल उठाए। कुछ आउटलेट्स ने संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन समग्र रूप से मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही। इतनी बदनामी व अपमान सहने के बाद आज भी मीडिया अपने ढर्रे पर क़ायम है। यानी इनकी नज़रों में यही पत्रकारिता है और यही पत्रकारिता के मापदंड। अगर यही मीडिया सत्ता की गोदी में बैठने के बजाये निष्पक्ष रूप से अपनी ज़िम्मेदारी निभा रहा होता तो आज देश की यह हालत न होती। समाज धर्म जाति के आधार पर इतना बंटा न होता। मंहगाई बेरोज़गारी का यह आलम न होता। परन्तु अपने झूठ,बकवास,पक्षपातपूर्ण व ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण से मीडिया ने यह साबित कर दिया है कि टी आर पी की ख़ातिर 'जमूरा' कुछ भी करेगा।

## प्रेरक प्रसंग

### अहंकार

बहुत समय पहले की बात है। एक गांव में एक मूर्तिकार (मूर्ति बनाने वाला) रहता था। वह ऐसी मूर्तियां बनाता था, जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवित होने का भ्रम हो जाता था। आस-पास के सभी गांव में उसकी प्रसिद्धि थी, लोग उसकी मूर्तिकला के कायल थे। इसीलिए उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था। जीवन के सफर में एक वक्त ऐसा भी आया जब उसे लगने लगा कि अब उसकी मृत्यु होने वाली है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएगा। उसे जब लगा कि जल्दी ही उसकी मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया। यमदूतों को भ्रमित करने के लिए उसने एक योजना बनाई। उसने हूबहू अपने जैसी दस मूर्तियां बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जा कर बैठ गया। यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी ग्यारह आकृतियों को देखकर दंग रह गए। वे पहचान नहीं कर पा रहे थे कि उन मूर्तियों में से असली मनुष्य कौन है। वे सोचने लगे अब क्या किया जाए। अगर मूर्तिकार के प्राण नहीं ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिए मूर्तियों को तोड़ा गया तो कला का अपमान हो जाएगा। अचानक एक यमदूत को मानव स्वभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया। उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा, कितनी सुन्दर मूर्तियां बनी है, लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटि है। काश मूर्ति बनाने वाला मेरे सामने होता, तो मैं उसे बताता मूर्ति बनाने में क्या गलती हुई है। यह सुनकर मूर्तिकार का अहंकार जाग उठा, उसने सोचा, मेने अपना पूरा जीवन मूर्तियां बनाने में समर्पित कर दिया, भला मेरी मूर्तियों में क्या गलती हो सकती है? वह बोल उठा कैसी त्रुटि झट से यमदूत ने उसे पकड़ लिया और कहा बस यही गलती कर गए तुम अपने अहंकार में कि बेजान मूर्तियां बोला नहीं करती। इस कहानी की शिक्षा यही है कि अहंकार ने हमेशा इन्सान को परेशानी और दुःख के सिवा कुछ नहीं दिया।

## आपका पत्र मिला

### मीडिया ने खोई विश्वसनीयता

प्रेस को पब्लिक सेक्रेटरियट यानी जनता का सचिवालय कहा गया है। आम आदमी देश दुनिया का हाल अखबार से ही जान पाता है। हालांकि वही यदि झुक जाय या पक्षपात करने हुए अतिरंजित या अल्पीकृत खबरें दे अथवा खबरें छिपा ले तो जनता का यह सबसे भरोसेमंद सहारा टूट जाता है। हालिया भारत-पाक संघर्ष के दौरान यह देखकर हैरत हुई कि संतुलित खबरें नहीं दी जा रही हैं। कहीं कम कहीं अधिक पक्षपात दिखा। टीवी चैनलों ने तो असत्य प्रसारण की सभी सीमाएं पार कर दीं। उन्होंने भारत का पाक के कई नगरों पर कब्जा दिखा दिया। वहां के प्रधानमंत्री को बंकर में घुसा हुआ और सेनापति को पदच्युत तथा हिरासत में लिया हुआ बखान किया। अखबार इनसे तो अच्छे थे; इतनी बकवास नहीं की; अलबत्ता पूर्ण तटस्थ प्रकाशन नहीं था। कुछ अपवाद हो सकते हैं। यह हाल तब है, जब न तो एमरजेंसी लगी थी और न सेंसरशिप लागू थी। स्वैच्छिक नवनीत लेपन था। हमें एमरजेंसी के दिन भी याद हैं, जब सेंसर था और जेल का भय भी था। तत्समय मीडिया ज्यादा साहसी था। तब अखबार ही थे। कम से कम सात बड़े अखबारों ने अपने अपने तरीके से आपातिक स्थिति पर कटाक्ष किया था। तब मैं युवक था। एक ने अपना सम्पादकीय स्तम्भ कोरा छोड़ दिया, तो एक अन्य ने पूरे सम्पादकीय में इंदिरा गांधी जिंदाबाद लिखकर खिल्ली उड़ाई। दैनिक जागरण के स्वामी परिवार के एक व्यक्ति को छोड़कर शेष सभी गिरफ्तार कर लिये गये थे; एक यों बचे कि वे ट्रेन में सफर पर थे, मिल नहीं पाये। इण्डियन एक्सप्रेस और स्टेट्समैन निर्भीक लिखते ही रहे। लगता है अब वे दिन नहीं लौटेंगे और मीडिया कर्तव्य पालन से च्युत हो रहा है। अकबर इलाहाबादी की पंक्तियां आज अपना अर्थ खो चुकी हैं: खींचो न कमानों को न तलवार निकालो। गर तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।

**रघोत्तम शुक्ल**
**वाया ई-मेल**

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



# पुरानी साड़ी की मदद से बनाएं सलवार-सूट

शन के बदलते दौर में हमें हर दिन नए ट्रेंड्स देखने को मिलते हैं। हालांकि, साड़ी और सूट जैसे पारंपरिक कपड़े हमेशा फैशन में रहते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम अपनी पुरानी साड़ी को केवल वार्डरोब में रख देते हैं और वह बेकार हो जाती है। क्यों न इसे रीसायकल कर के एक नया और स्टाइलिश सलवार-सूट बना लिया जाए? यहाँ कुछ सरल और प्रभावी टिप्स हैं, जिनकी मदद से आप अपनी पुरानी प्रिंटेड साड़ी को एक फैंसी सलवार-सूट में बदल सकते हैं।

**साड़ी का डिज़ाइन चुनें :** अपने बॉडी टाइप के अनुसार सही डिज़ाइन चुनना बहुत महत्वपूर्ण है। यदि आपकी साड़ी की प्रिंट और रंग आपके बॉडी टाइप से मेल खाते हैं, तो आपके लिए सबसे अच्छा डिज़ाइन चुनना आसान होगा। उदाहरण के लिए, यदि आप पतली हैं, तो आप फ्लेयर्ड सलवार या ए-लाइन सलवार-सूट के डिज़ाइन को आजमा सकती हैं। अगर आपकी बॉडी टाइप एच-लाइंड है, तो आप लंबे कुर्ते और पतली सलवार का चयन कर सकती हैं।

**साड़ी का सही उपयोग करें**

साड़ी की मात्रा का सही उपयोग करने के लिए, सबसे पहले साड़ी को अच्छी तरह से माप लें। साड़ी के पल्लू और बॉर्डर का उपयोग कुर्ते और सलवार के डिजाइन में करें। अगर आपकी साड़ी की फैब्रिक अच्छी है, तो आप इसे कुर्ते, सलवार और दुपट्टे के लिए भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**कस्टम डिज़ाइन और सिलाई**

आप अपनी पुरानी साड़ी को एक कस्टम डिज़ाइन में बदल सकती हैं। इसके लिए एक अच्छे दर्जी से संपर्क करें और उन्हें अपनी साड़ी दिखाएँ। दर्जी आपकी साड़ी के प्रिंट और रंग को ध्यान में रखते हुए एक स्टाइलिश सलवार-सूट का डिज़ाइन तैयार कर सकते हैं। आप कुर्ते के लिए अलग-अलग डिज़ाइन जैसे कि अनारकली, कॉलर कुर्ता, या हाई-लो कुर्ता का चुनाव कर सकती हैं। सलवार के लिए फ्लेयर्ड, प्लाजो या चिकनकारी डिज़ाइन का चयन करें।

**आकर्षक एम्बेलिशमेंट्स जोड़ें**

अपनी साड़ी को और भी आकर्षक बनाने के लिए आप कुछ एम्बेलिशमेंट्स जोड़ सकती हैं। इसके लिए विभिन्न प्रकार की लेस, कढ़ाई, या जरी का उपयोग करें। साड़ी के बॉर्डर या पल्लू को कुर्ते या सलवार पर जोड़कर उसे और भी फैंसी बनाया जा सकता है। आप स्टोन वर्क, बीड वर्क, या सीक्विन्स का भी उपयोग कर सकती हैं।

**स्टाइल और फिटिंग का ध्यान रखें**

फिटिंग और स्टाइल की सही देखभाल करना भी आवश्यक है। सुनिश्चित करें कि सलवार-सूट आपकी बॉडी टाइप के अनुसार सही से फिट हो और आपको आरामदायक लगे। अच्छे फिटिंग और स्टाइलिश डिज़ाइन के लिए आपके दर्जी को आपके शरीर के माप सही से लेने होंगे। पुरानी प्रिंटेड साड़ी को रीसायकल कर के एक फैंसी सलवार-सूट में बदलना न केवल आपकी साड़ी का बेहतरीन उपयोग होता है, बल्कि आपको एक नई और स्टाइलिश लुक भी प्राप्त होती है। इन सरल टिप्स को अपनाकर आप अपनी पुरानी साड़ी को नई ज़िंदगी दे सकती हैं और हर अवसर पर शानदार नजर आ सकती हैं।

**डिजाइनर सूट**

आप पुरानी साड़ी से डिजाइनर सलवार सूट बना सकते हैं। आप साड़ी के फैब्रिक का उपयोग करके नेकलाइन पर पैचवर्क या अन्य कढ़ाई का इस्तेमाल कर सकते हैं.

**डेली वियर सूट**

आप कॉटन की साड़ी से डेली वियर के लिए सलवार सूट बना सकते हैं। प्रिंटेड कॉटन साड़ी का उपयोग करके आप डेली वियर के लिए सूट बना सकते हैं.

**लहरिया साड़ी**

आप लहरिया साड़ी से कलीदार या अनारकली सूट भी बना सकते हैं.

**दो साड़ियों का उपयोग**

आप दो अलग-अलग साड़ियों को मिलाकर भी सलवार सूट बना सकते हैं। आप दो साड़ियों के रंग और डिजाइन को मिला सकते हैं और उन्हें सलवार सूट के लिए उपयोग कर सकते हैं

**पुराने साड़ी से सलवार सूट बनाने के लिए कुछ सुझाव**

सही साड़ी का चुनाव- आप जिस डिजाइन के लिए सलवार सूट बनाना चाहते हैं, उसके लिए सही साड़ी का चुनाव करें। उदाहरण के लिए, यदि आप डिजाइनर सूट बनाना चाहते हैं, तो आप रेशम की साड़ी का उपयोग कर सकते हैं।

डिजाइन को ध्यान में रखें- आप जिस डिजाइन के लिए सूट बनाना चाहते हैं, उसके लिए सही डिजाइन का चुनाव करें। आप इंटरनेट पर कई तरह के डिजाइन पा सकते हैं।

**कपड़े की मात्रा-** सूट बनाने के लिए पर्याप्त कपड़े की मात्रा का ध्यान रखें।

**सेलिंग-** आप अपनी पसंद के अनुसार सूट की सिलवटें और डिजाइन बना सकते हैं। आप इंटरनेट पर कई तरह के सिलवटें और डिजाइन पा सकते हैं।



# खरीदने जा रहे हैं शर्ट तो इन बातों का रखें ध्यान

ड़कियां जब भी अपने कपड़े खरीदने जाती हैं, तो उनके दिमाग में पहले से सब क्लीयर होता है कि उन्हें कैसे कपड़े चाहिए, उसकी फिटिंग कैसी होनी चाहिए, उसका रंग कैसा होना चाहिए। यही वजह से कि किसी भी कार्यक्रम में लड़कियों का लुक खूबसूरत दिखता है। जबकि लड़के खरीदारी करते वक्त ज्यादा ध्यान नहीं रखते। ऐसे में ये लेख लड़कों के लिए ही है।

यहां हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप स्टाइलिश और हैंडसम दिख सकते हैं। आपके लुक को हैंडसम बनाने में शर्ट और टीशर्ट का काफी योगदान है। ऐसे में अगर आप अपने लिए शर्ट खरीदने जा रहे हैं, तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। वरना आपका लुक खराब दिख सकता है।

**साइज हो सही**

अगर शर्ट खरीदने जा रहे है तो अपने साइज का खास ध्यान रखें। पहले अपने शरीर का सही से माप लें। खासकर कंधों, छाती, और कमर का। शर्ट की सही फिटिंग होना जरूरी है, ताकि वह ना तो ज्यादा टाइट हो और ना ही ढीली।

**सही हो लंबाई**

अगर शर्ट की लंबाई सही नहीं होगी तो आपको इसे पैंट मे अंदर टक करने में परेशानी होगी। ध्यान रखें अगर ज्यादा लंबी शर्ट खरीदेंगे तो ये पैंट को मोटा दिखाएगी, जिसकी वजह से लुक बिगड़ सकता है। अगर ये छोटी होगी तो आप इसे टक इन नहीं कर सकते।

**सही से करें फैब्रिक का चयन**

शर्ट के कपड़े का चयन मौसम के हिसाब से करें। जैसे कि गर्मियों में हल्के और सांस लेने योग्य कपड़े (जैसे कॉटन या लिनेन) चुनें। वहीं सर्दियों में भारी और गरम कपड़े (जैसे ऊन या फ्लीस) उपयुक्त होते हैं।

**पैर्टन का रखें ध्यान**

आपकी शर्ट का पैटर्न आपकी पर्सनैलिटी और अवसर के अनुसार होना चाहिए। जैसे कि फॉर्मल इवेंट के लिए हल्के रंग की शर्ट बढ़िया होती हैं। वहीं कैजुअल के लिए चेक, स्ट्राइप्स, या प्रिंटेड शर्ट्स भी अच्छी लगती हैं।

**कॉलर और कफ्स की डिजाइन**

शर्ट के कॉलर से ही उसका पूरा लुक अच्छा या खराब दिख सकता है। अगर फॉर्मल शर्ट ले रहे हैं तो उसमें हमेशा अच्छी क्वालिटी के कॉलर और कफ्स होने चाहिए। वहीं कैजुअल शर्ट में कॉलर की डिजाइन थोड़ी मॉडर्न और स्टाइलिश हो सकती है।

**सिलाई और बटन की गुणवत्ता**

ये सबसे अहम प्वॉइंट है। शर्ट खरीदने से पहले एक बार शर्ट की सिलाई की गुणवत्ता की जांच करें। मजबूत और साफ-सुथरी सिलाई लंबी चलती है। बटन की भी जांच करें। कई बार बटन अपने आप ही टूट कर गिरने लगते हैं।

# गर्मियों में अपनाएं मौनी रॉय का पिंक समर लुक

अभिनेत्री मौनी रॉय ने अर्थ डे 2025 के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर एक बेहद खूबसूरत और ताजगी से भरा पेस्टल पिंक स्कर्ट सेट पहनकर सबका दिल जीत लिया। गर्मियों के लिए यह लुक एक परफेक्ट चॉइस है, जो आपको भी ट्राय ज़रूर करना चाहिए।

**मौनी रॉय का अर्थ डे लुक बना समर फैशन इंस्पिरेशन!**

मौनी ने जो आउटफिट पहना, वो था एक पेस्टल गुलाबी शिफली को-ऑर्ड सेट, जिसमें था हाई वेस्ट मैक्सी स्कर्ट ङ्क हल्के कपड़े और ब्रीज़ी डिजाइन के साथ गर्मी में आरामदायक। सुपर क्रॉप्ड ब्रालेट टॉप ङ्क ब्रॉड स्ट्रैप और ज़िप क्लोजर के साथ जो लुक को देता है बोल्ड और मॉडर्न टच।

मौनी ने इस लुक को बिना किसी भारी एक्सेसरी के सिंपल रखा, जिससे उनके पहनावे में सादगी के साथ ग्लैमर झलक रहा था।



**मेकअप और हेयर स्टाइल नैचुरल और ग्लोइंग**

मौनी का मेकअप भी उनके समर लुक से मेल खाता था। ब्लैक आईलाइनर और मस्कारा ङ्क जिससे आंखें और भी उभरकर आईं। गुलाबी ब्लश और म्यूटेड पिंक लिपस्टिक ङ्क जो उनके चेहरे को एक यंग और फ्रेश लुक दे रही थी। स्ट्रेट खुले बाल ङ्क बिना किसी हेवी स्टाइल के, जो उनके पूरे लुक में नेचुरल एलिगेंस जोड़ रहे थे।

**लुक की खासियत -अर्थ डे पर मौनी की मुस्कान**

मौनी ने यह फोटोशूट किसी गार्डन या पानी के पास खुले वातावरण में किया था, जहां वो शांत मुद्रा में बैठी हुई थीं। उनकी सादगी और मुस्कान ने उनके लुक को और भी प्रभावशाली बना दिया। फैंस ने भी उनके इस अवतार को बहुत सराहा और पोस्ट पर खूब प्यार लुटाया।

**क्यों ट्राय करें ये लुक?**

गर्मियों के लिए हल्का और कंफर्टेबल है ,फैशनेबल होने के साथ-साथ सिंपल भी है। इंस्टाग्राम पर परफेक्ट फोटोशूट लुक बन सकता है पेस्टल रंग स्किन टोन पर खूबसूरत लगते हैं।

# चेहरे पर बेसन लगाने के है कई फायदे

वैसे तो आज के समय में त्वचा से संबंधित हर समस्या के लिए स्किन केयर प्रोडक्ट बाजार में मिल जाते हैं, लेकिन आज भी बहुत से लोग दादी-नानी के बताए नुस्खों पर ही भरोसा करते हैं। बहुत से लोग आज भी केमिकल वाले प्रोडक्ट के इस्तेमाल से बचते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं, तो आपने कभी न कभी चेहरे पर बेसन का इस्तेमाल अवश्य किया होगा। बेसन हर भारतीय घर की रसोई में आपको आसानी से मिल जाएगा। इसे कई तरह से चेहरे पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आप बड़ी ही आसानी से स्क्रब से लेकर फेस पैक तक बना सकते हैं। अगर सही तरह से बेसन का इस्तेमाल किया जाए तो त्वचा बिना किसी केमिकल वाले प्रोडक्ट के दमक सकती है। त्वचा चमकाने के साथ-साथ बेसन कई तरह से त्वचा के लिए लाभदायक है। तो चलिए आपको भी बेसन के कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताते हैं, जिनके बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए। बेसन में मौजूद प्राकृतिक क्लींजर त्वचा को गहराई से साफ करते हैं। चेहरे को साफ करने के लिए बेसन त्वचा के अतिरिक्त तेल और गंदगी को हटाकर त्वचा को चमकदार बनाता है। अगर आप नियमित रूप से बेसन का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपकी त्वचा के दाग-धब्बों में कमी आती है। बेसन में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो मुंहासों के बैक्टीरिया को मारते हैं और त्वचा पर दाग-धब्बों को हल्का करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से बेसन के इस्तेमाल से त्वचा की टैनिंग कम होती है। टैनिंग हटाने के लिए इसका इस्तेमाल आप कई तरह से कर सकते हैं। बहुत से लोग दही और दूध में मिलाकर बेसन का इस्तेमाल टैनिंग हटाने के लिए करते हैं। बेसन त्वचा को प्राकृतिक नमी प्रदान करता है, जिससे त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनी रहती है। खासतौर पर ये उन लोगों के लिए काफी फायदेमंद रहता है, जिनकी त्वचा ड्राई रहती है। बेसन एक प्राकृतिक एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है, जो त्वचा से मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है। इससे भी त्वचा चमक उठती है।



# अमायरा दस्तूर के लुक्स से पाएं ट्रेडीशनल ड्रेस आइडियाज

अगर आप भी अपनी खूबसूरती को और निखारना चाहती हैं और कुछ अलग ट्राई करने का सोच रही हैं, तो अमायरा दस्तूर के एथनिक ड्रेस आइडियाज आपके लिए परफेक्ट हो सकते हैं। इन आउटफिट्स को पहनकर आप भी किसी हसीना से कम नहीं लग सकतीं। अमायरा दस्तूर की एथनिक ड्रेस हमेशा स्टाइलिश और आकर्षक होती हैं, जिनका जादू हर किसी पर चलता है। तो चलिए जानते हैं उनके कुछ खास एथनिक लुक्स के बारे में।

**फ्लोरल अनारकली कुर्ता**

अगर आप अपनी खूबसूरती को बनाए रखते हुए गॉर्जियस लुक चाहती हैं, तो अमायरा का फ्लोरल प्रिंट अनारकली कुर्ता परफेक्ट रहेगा। यह ड्रेस आपको न सिर्फ स्टाइलिश बनाएगी, बल्कि आपके लुक को भी एक नया ट्विस्ट देगी। आप इसे बाजार से कपड़ा खरीदकर सिलवा सकती हैं या फिर ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

**लखनवी चिकनकारी लॉन्ग कुर्ती और प्लाजो सेट**

अमायरा का लाइट ब्लू कलर का चिकनकारी लॉन्ग कुर्ती और प्लाजो सेट भी बहुत ही स्टाइलिश और एलिगेंट है। इस ड्रेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप सिल्वर ज्वैलरी और एक यूनिक हेयरस्टाइल भी पेयर कर सकती हैं, जो आपको और भी खूबसूरत बनाएगा।

**प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ता शरारा दुपट्टा सेट**

अगर आप किसी खास फंक्शन में जाने वाली हैं, तो अमायरा का जॉर्जेट प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ता शरारा दुपट्टा सेट परफेक्ट विकल्प हो सकता है। यह ड्रेस आपके लुक को और भी खूबसूरत और आकर्षक बनाएगी। आप इसे ऑनलाइन खरीद सकती हैं और अपने हिसाब से अपनी पसंदीदा हेयरस्टाइल के साथ कैरी कर सकती हैं।

**राउंड नेक स्लीवलेस शरारा सूट**

अगर आप कुछ अलग और हटकर पहनना चाहती हैं, तो अमायरा का लाइट पिंक राउंड नेक स्लीवलेस शरारा सूट बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इस ड्रेस को भी आप ऑनलाइन खरीद सकती हैं या फिर इसे कस्टमाइज करवा सकती हैं। इस लुक के साथ आप मैचिंग ज्वैलरी और अपनी पसंदीदा हेयरस्टाइल को पेयर कर सकती हैं। साथ ही, हाथों में वेलवेट चूड़ियां भी बहुत अच्छे लुक दे सकती हैं। इन अमायरा दस्तूर के एथनिक आउटफिट्स को पहनकर आप किसी भी मौके पर खूबसूरत और स्टाइलिश दिख सकती हैं। इस आर्टिकल को पढ़कर अगर आपको ये ड्रेस आइडियाज पसंद आए हों, तो हमें कमेंट बॉक्स में अपनी राय जरूर बताएं और इसे शेयर करें।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**मेष :** किसी उपलब्धि और परिणाम के संबंध में बेचैनी रहेगी। किसी के कारण विरोधियों से उलझना हो सकता है।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्यों में विघ्न पैदा हो सकते हैं। किसी कार्य और आय की चिंता से ग्रसित रहेंगे। स्वजनों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्यों को निष्पादन तथा लेनदेन शीघ्र कर लें। उसके बाद समय व्यवधान कारक रहेगा। लाभ खर्च का संतुलन रहेगा।

**कर्क :** राजकीय कार्यों के प्रति ध्यान रखें। किसी प्रतिष्ठा जनक कार्य के बन जाने का हर्ष भी मिलेगा। जोखिम उठाने का लाभ भी मिलेगा।

**सिंह :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता होगी।

**कन्या :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देगी। अवरुद्ध लाभ की प्राप्ति होगी।

**तुला :** समय का सदुपयोग करें। राज्य अधिकारियों पर विजय प्राप्त होगी। किसी पुराने काम को निपटा लें तो अच्छा होगा।

**वृश्चिक :** व्यर्थ ही समय नष्ट हो जाएगा। परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है।

**धनु :** मनोवांछित लाभ का हर्ष होगा। गृहस्थ जीवन सुखी संपन्न होगा। श्रेष्ठ जनों से पथ प्रदर्शन मिलेगा।

**मकर :** शांति से कार्य करें। सफलता की आशा है। जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

**मीन :** कार्य क्षेत्र में प्रभाव स्थापित होगा। नौकरी में उन्नति की संभावना है। व्यस्तता से दाम्पत्य जीवन प्रभावित होगा।

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 15 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, तृतीया तिथौ गुरु वासरे 28/04/ ज्येष्ठा नक्षत्रे 14/08/ शिव योग 07/02/ वणिज करणे 15/17/ धनु राशिगत चन्द्रमा 14 घं. 08 मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.15 मि17 से घं. 28 मि. 04 तक।

# पैरों के पीले नाखून दिखेंगे खूबसूरत, अपनाएं ये नुस्खे

क्या आप भी चाहते हैं कि आपके पैरों के नाखून सुंदर और आकर्षक दिखें? अगर हां, तो आप सही जगह पर आए हैं। पैरों के नाखूनों की देखभाल करना उतना ही जरूरी है जितना कि चेहरे की। गंदे और पीले नाखून आपको शर्मिंदा कर सकते हैं। इसलिए, आइए जानते हैं कुछ आसान टिप्स जिनकी मदद से आप अपने पैरों के नाखूनों को खूबसूरत बना सकती हैं।

नाखूनों को करें साफ

पैरों के नाखूनों को साफ रखना सबसे पहली आवश्यकता है। रोजाना नाखूनों को अच्छे से साफ करें। इसके लिए नींबू का इस्तेमाल करें। नींबू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं, जो नाखूनों के पीलेपन को दूर करने में मदद कर सकते हैं। इसे एक कपड़े से रगड़ें या सीधे नाखूनों पर लगाएं, और कुछ समय बाद धो लें।

नाखूनों को करें मॉइस्चराइज

जैसे चेहरे की त्वचा को मॉइस्चराइज करना जरूरी है, वैसे ही नाखूनों को भी। नहाने के बाद या रात को सोने से पहले नाखूनों को अच्छी तरह मॉइस्चराइज करें। इसके लिए आप कोई अच्छी गुणवत्ता वाली नाइट क्रीम या नाखूनों के लिए विशेष रूप से बनाए गए ऑयल का उपयोग कर सकती हैं। यह नाखूनों को न सिर्फ मजबूत बनाएगा बल्कि उन्हें स्वस्थ और खूबसूरत भी दिखाएगा।



नाखूनों को करें फाइलिंग और ट्रिमिंग

नाखूनों को सही तरीके से ट्रिम और फाइल करना भी आवश्यक है। नियमित रूप से नाखूनों को ट्रिम करें ताकि वे टूटें नहीं। नाखूनों को एक ही दिशा में फाइल करें, ताकि वे ज्यादा समय तक खूबसूरत बने रहें।

पैरों को रखें सूखा और साफ

पैरों को हमेशा सूखा और साफ रखना चाहिए। नहाने से पहले और बाद में अपने पैरों को अच्छे से पोंछें। अगर पैरों में नमी रह गई, तो इससे फंगस या अन्य समस्याएं हो सकती हैं, जो नाखूनों के पीलेपन का कारण बन सकती हैं।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**

पैरों की रोजाना सफाई करें। हफ्ते में 2 बार स्क्रब का इस्तेमाल करें। घरेलू चीजों से स्क्रब बनाएं, जैसे कि चीनी और जैतून का तेल। नहाने के बाद पैरों को अच्छी तरह से मॉइस्चराइज करें। अगर संभव हो, तो हर महीने पैडिक्योर करवाएं।

**प्राकृतिक नाखून उपचार**

आप अपने नाखूनों की सेहत के लिए कुछ प्राकृतिक उपचार भी कर सकती हैं

1. नारियल का तेल, इसे नियमित रूप से लगाने से नाखून मजबूत होते हैं।
2. टी ट्री ऑइल, यह नाखूनों में से फंगस को खत्म करने में मदद करता है।
3. नाखूनों की चमक बढ़ाने के लिए इसे सीधे नाखूनों पर लगाएं।

# जालौन ललितपुर, झांसी

## तीन नामजदों के खिलाफ शिकायत दर्ज

**कालपी(जालौन)।** स्थानीय नगर के मोहल्ला राम चबूतरा में महिला के साथ मारपीट करने की घटना को लेकर पीड़िता के द्वारा तीन नामजदों के विरुद्ध कालपी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई है। उक्त प्रकरण के संबंध में पीड़ित महिला बेबी पत्नी राम खिलावन निवासी मोहल्ला राम चबूतरा कालपी ने शिकायत दर्ज कराते सात मई को दोपहर 3 बजे घर से बाजार जा रही थी तभी कुछ आरोपियों पिंटू पुत्र राम प्रकाश, विनय पुत्र किशन प्रसाद तथा छोटू पुत्र कल्लू निवासीगण राम चबूतरा गाली गलौज करने लगे मेरे द्वारा मना करने पर उक्त आरोपियों के द्वारा मेरे साथ मारपीट कर दी। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

## सेवानिवृत शिक्षकों का योगदान अविस्मरणीय, उनके उत्कृष्ट कार्य को भुलाया नही जा सकता : राकेश



कदौरा : कार्यक्रम में मौजूद सेवानिवृत शिक्षक और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी।

**कदौरा (जालौन)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान के अंतर्गत शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन बुधवार को यशोदा पैलेस कदौरा में ब्लाक इकाई द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पुष्प अर्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक महामंत्री विजय तिवारी द्वारा किया गया। विशिष्टअतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी देवी ने अपने संबोधन मे कहा कि बेसिक शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है। इस परिवर्तन के लिए शिक्षकों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मुख्य वक्ता प्रदीप सिंह चौहान द्वारा कहा गया कि ब्लॉक के शिक्षकों द्वारा विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष कार्य करते हुए शाला तक बच्चो को लाने का काम किया गया। ब्लाक के सभी शिक्षक बधाई के पात्र है। अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि संगठन के समर्पित शिक्षक,शिक्षा की गुणवत्ता के प्रति उतना ही प्रयासरत रहता है जितना कि शिक्षकों के मान सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए।कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक अखिलेशकुमार,उस्मान अली, हरनारायण, अवधेश पाण्डेय, नजर मुहम्मद, कमालुद्दीन को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में ब्लाक इकाई कदौरा के अध्यक्ष सत्यपाल सिंह द्वारा सभी उपस्थित शिक्षको एव आगन्तुको का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम मे संगठन की ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें विनयदीप तिवारी संयुक्त महामंत्री रविन्द्र गुप्ता उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मोहन उपाध्यक्ष शिवेन्द्र श्रीवास्तव उपाध्यक्ष मनीष कुमार उपाध्यक्ष अशफाक अहमद संरक्षक का मनोयन जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जालौन रमाकान्त त्रिपाठी द्वारा संघ व पद की शपथ दिलाकर की गयी। कार्यक्रम में विकास सिंह संगठन मंत्री एडेड संवर्ग अनुराधा चौधरी महिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पवन कुमार सोनी संगठन मंत्री छुन्ना प्रसाद संरक्षक , चंद्रपाल कार्यकारी अध्यक्ष, दिलीप कुमार कोषाध्यक्ष, सत्य प्रकाश उपाध्यक्ष, नीरज कुमार ब्लॉक आडीटर, सन्तोष जाटव व. उपाध्यक्ष अतुल कुमार, नवनीत निरंजन,अवधेश कुमार,अरविंद कुमार गौतम, मोहम्मद शमीम,मिस्टर सिंह,लोकेश कुमार,संजय कुमार, मोहम्मद रिजवानखान,करण सिंह, ज्ञानेंद्र मोहन सिंह,अमित यादव,संदीप कुमार,आकिब खलील,लोकेश कुमार दिनेश कुमार, अशफाक अहमद, राहुल कुमार, मनीष कुमार, राजेंद्र कुमार, अजय कुमार पांचाल, ज्ञानेश कुमार, रविकांत कसौधन,विमल कुमार वर्मा,सुनील कुमार राठौर, अरुण कुमार व्यास, हरगोविंद सिंह, शिवम गुप्ता, सोनाली वर्मा, मनीष कुमार, सुमन कुमार लक्ष्मण सिंह शमशाद बेगम,गीत देवी, शकुंतला देवी,आरती सिंह,अरविंद कुमार पांडे,संतोष कुमार गौर,कमालुद्दीन, उस्मान खान,कमलापति,जयवेंद्र पटेल,अवधेश कुमार गौतम आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## पीडीए विचारधारा को मजबूत करने हेतु समाजवादी पार्टी ब्लाक स्तर पर करेगी समीक्षा बैठक

**-पहलगाम में शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि, निर्दोष लोगों की मौत पर जताया दुख**



उरई : बैठक करते सपाई ।

**उरई (जालौन)।** समाजवादी पार्टी जालौन की मासिक बैठक आज पार्टी कार्यालय इकलास पुरा उरई में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने की और संचालन महेश सर द्विवेदी ने किया। बैठक में जनपद में पीडीए की विचारधारा को मजबूत करने व शिक्षक एम एल सी चुनाव की तैयारी को लेकर समाजवादी पार्टी ब्लाक स्तर पर समीक्षा बैठक करेगी। यह रुपरेखा आज पार्टी कार्यालय में हुई मासिक बैठक के दौरान बनाई गई।

जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि जिले में पीडीए की विचारधारा को मजबूत बनाने और शिक्षक एम एल सी की तैयारी हेतु ब्लाक स्तर पर 21 मई 2025 से 29 मई 2025 तक समीक्षा बैठक की जायेगी। उन्होंने समस्त ब्लाक अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे बैठकों का स्थान और समय निश्चित कर सूचित करें ताकि कार्यकर्ताओं को समय से सूचना मिल सके और वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर बैठकों को सफल बना सके। बैठक के अंत में पहलगांव में हुए शहीद सैनिकों और निर्दोष लोगों की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व चेयरमैन मान सिंह वर्मा,प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह यादव,जिला महासचिव जमालुद्दीन,समर सिंह चौहान,दीपू त्रिपाठी,रामरूप यादव,मानसिंह पाल, माता प्रसाद पाल, विक्रम सिंह यादव,महेश सर द्विवेदी, विवेक यादव,महेश चंद्र विश्वकर्मा, भानू राजपूत,हरिश्चंद्र यादव,कल्लू काशी खेड़ा,महेश चंद्र शिरोमणि,प्रमोद वर्मा एडवोकेट,विजय निस्वा,वेद प्रकाश यादव, परमात्मा शरण फौजी, अजीत यादव,रिंकू जैन,दशरथ सिंह पाल, कृपाल सिंह गुर्जर, राघवेंद्र सिंह गुर्जर,राजकुमार प्रजापति,केहर सिंह यादव,बीनू यादव,दीपू यादव, उम्मेद सिंह यादव,राजू सेंगर, रामेंद्र त्रिपाठी,वलवीर कठेरिया, कृष्ण कुमार यादव, जीनू कोरी,अजय गौतम, जाकिर सिद्दीकी,अमित यादव, रामानंद कुशवाहा,पुष्पेन्द्र यादव, दिनेश जैसारी,जंग बहादुर दोहरे,पान सिंह पाल,शनि यादव,मदन यादव, निशांत पटेल,महेंद्र सिंह गुर्जर, शिवराम राजपूत,मैया दीन पांचाल, विनोद श्रीवास,राजू चांदनी, संजय निषाद,अनुज यादव,पंकज दीक्षित, शैलेंद्र श्रीवास,अमित सागर, सुरेंद्र राजपूत,शबीउददीन,संजू कठेरिया,पतलेश राजपूत, लोकेंद्र सिंह यादव, प्रेम भाटिया, विक्रांत सिंह यादव,राहुल बाबा,सुनील पाल,दीपक कुशवाहा, रामकुमार राजावत,श्यामबाबू पाल,सौरभ गुर्जर, शिवपाल यादव,अरूण अहिरवार,सलमान सिद्दीकी, रश्मि पाल,सुधा राजावत,विनीता वर्मा, पारूल खरे,माया पाल, पम्मू विश्वकर्मा, बबलू यादव,अजय गोस्वामी, जयशंकर यादव, प्रमोद सविता, सर्वेश पाल,जीतू यादव, गजेन्द्र सिंह, देवेंद्र चौधरी, ऐलान खां,आदि सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्णा देवी इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं किया सम्मानित



उरई : विद्यालय के छात्रों को किया गया सम्मानित। ।

जालौन। नगर के शिक्षण संस्थान पूर्णा देवी इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया, वहीं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

विद्यालय का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में छात्र राज प्रजापति ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में नौवां और नगर में प्रथम स्थान हासिल किया। दीक्षा कुशवाहा ने 89 प्रतिशत अंक अर्जित किए, जिससे विद्यालय का नाम रोशन हुआ। हाईस्कूल वर्ग में गौरी और फलक खान ने 82 प्रतिशत तथा इकरा खान ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का परिचय दिया। पूर्णा देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कटरा के छात्र दीपांशु, पलक तिवारी, जिगर कुशवाहा, अभिषेक, हिमांगी, नेहा, आयुष तिवारी एवं रिया ने सम्मान सहित उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी क्रम में पीडी किड्स एकेडमी इंग्लिश मीडियम शाखा के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अलकुमा ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। अंश शिवहरे ने 91.9 प्रतिशत, खुशी ने 91.8 प्रतिशत, अंशिका पटैरिया ने 96.8 प्रतिशत तथा निखत ने 98.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेशचंद्र पुरवार ने की और मुख्य अतिथि के रूप में शिवकुमार पुरवार मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद श्रज्जनश् पुरवार एवं प्रधानाचार्य दिनेश कंचन ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों द्वारा प्रस्तुत गीत, एकांकी, नृत्य आदि को दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह आयोजन विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों की मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण बनकर सामने आया है। इस मौके पर बबलू पुरवार, अफजल अहमद, अनवार मंसूरी, अरुण पटैरिया आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त टीम ने अवैध बालू लदे 15 ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर किया सीज

**-सुबह से दोपहर तक चलता रहा अभियान**



उरई : चैकिंग अभियान में एसडीएम के साथ अन्य अधिकारी ।

**कालपी(जालौन)।** जिला प्रशासन के निर्देश के अनुरूप उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस तथा सम्बंधित विभाग अधिकारियों की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया गया। जोल्हूपुर मोड़, इटौरा रोड, कालपी नगर के अलग-अलग स्थानों में चौकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड 15 ट्रकों को पकड़कर सीज करने की कार्यवाही से हड़कम्प मच गया। बुधवार को दोपहर को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विनय पांडेय, ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा, आटा थाना पुलिस की संयुक्त टीम के साथ छापा मारकर अभियान चलाया। टीम ने जोल्हूपुर मोड़ में अवैध खनन के परिवहन तथा ओवरलोड के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 4 ट्रको को परिवहन करते हुए पकड़ लिया। इसी प्रकार कालपी नगर के दुर्गा मंदिर हाईवे चौराहे में बिना प्रपत्रों के दो ओवरलोड बालू ट्रकों को पकड़ लिया। इसी क्रम में इटौरा मार्ग में चैकिंग अभियान चलाकर संयुक्त टीम के द्वारा ओवरलोड मौरंग लदे बिना प्रपत्रों के नौ गाड़ियों को पकड़ लिया गया। संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन भरे सभी 15 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई। उपजिलाधिकारी ने बताया कि पकड़े गये सभी 15 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी में खड़ा करा दिया गया हैं। चैकिंग अभियान की खबर मिलते ही अवैध खनन चालकों में हड़कम्प मच गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अवैध मौरंग खनन तथा परिवहन के खिलाफ निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जाएगा तथा अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## चोरी की मोटर साइकिल सहित पकड़ा गया इनामिया बदमाश'

**कोंच(एट)।** दिन बुधवार को पुलिस ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि थाना एट पुलिस अपराध रोकथाम चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति बाहन चोरबांछित अपराधी एवं सुरागरसी पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना थाना एट में पंजीकृत मुकद्दमा संख्या 72 / 2025 धारा 303(2), 317(2), बी एन एस में बांछित एवं 15 हजार रुपये का इनामिया एवं कोतवाली कोंच में पंजीकृत मुकद्दमा संख्या 109/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में बांछित अभियुक्त आरिफ उर्फ आशिफ कुरैशी उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मुहल्ला ताल पुरा कोतवाली व जनपद झांसी को मय एक अदद चोरी की मोटर साइकिल पल्सर बगैर नम्बर प्लेट के व एक अदद देशी तमंचा नाजायज व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर इत्यादि के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई उक्त के विरुद्ध कई जनपदों में आपराधिक मुकद्दमें दर्ज हैं।

## गिट्टी से फिसलकर बाइक सवार हुए घायल

कोंच(जालौन)। मुहल्ला मालवीय नगर निवासी हिमांशु पुत्र हरीराम कुशवाहा व संदीप विश्वकर्मा मोटर साइकिल से पीपरी जा रहे थे और जैसे ही ग्राम देवगांव के नजदीक पहुंचे तो बीच सड़क पर पड़ी गिट्टी के ढेर पर मोटर साइकिल चढ़ गयी जिससे बाइक सवार गिरकर घायल हो गए ग्रामीणों ने तत्काल ही डायल 112 पुलिस को सूचना दी सूचना पर गाड़ी नम्बर 1609 प्रभारी राज कुमार मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों की मदद से घायलों को अपनी गाड़ी में बिठाकर सी एच सी में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

## खबर एक नज़र

### बालगृह एवं सम्प्रेक्षण गृह का सचिव ने किया निरीक्षण

ललितपुर। नरेन्द्र कुमार झां जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मयंक जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय बालगृह दैलवारा, ललितपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह नेहरूनगर की विजिट की गयी। मयंक जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विजिट बालगृह एवं सम्प्रेक्षण गृह में बालक कक्ष, पाठशाला कक्ष, भोजनशाला का निरीक्षण किया। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी, प्रातः कालीन भोजन प्रदर्शित सूची के अनुसार बना हुआ पाया गया, जो बालकों एवं अपचारी किशोरों को दिया गया। विजिट के दौरान रामप्रताप प्रभारी अधीक्षक, बाल गृह, दीनानाथ, प्रभारी अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह एवं स्टाफ आदि एवं न्यायालय की ओर से रोहित राठौर, विकास उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजनों को लाभान्वित किये जाने हेतु शिविर का आयोजन 19 मई को

ललितपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से तिथियों पर 1 दिवसीय चिन्हांकन शिविर प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा, जिसमें 19 मई को शिविर का आयोजन विकास भवन में किया जायेगा, अतः जिन दिव्यांगजनों को उपकरण की आवश्यकता है और उन्हें विगत तीन वर्षों के अन्दर कोई उपकरण प्राप्त नहीं हुआ है, ऐसे दिव्यांगजन उपरोक्त शिविर में अपने फोटो, आधारकार्ड, आय प्रमाण-पत्र, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र की छाया प्रति को साथ लेकर आयें जिससे उन्हें उक्त योजानान्तर्गत नियमानुसार लाभान्वित करने हेतु कार्यवाही की जा सके।

## इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित प्रतिष्ठानों से नमूने भरे खाद्य सुरक्षा टीम ने



**उरई(जालौन)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ व जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में संक्रामक रोगों के प्रसार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की गठित संयुक्त टीम डा. जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य, विनोद कुमार राय मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रशान्त श्रीवास्तव मण्डलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कन्हैयालाल यादव, महेश प्रसाद, सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा उरई इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सिस्टेक इन्फ्रा प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिष्ठान से पेय पदार्थ पैकेड ड्रिकिंग वाटर का नमूना संग्रहित किया गया उरई नगर पालिका के इकलासपुरा रोड़ स्थित आरओ प्लांट से पानी का नमूना संग्रहित किया गया। साथ ही गोपाल गंज बम्बी रोड़ उरई के पास स्थित दिव्यांश ट्रेडर्स प्रो. देवांश गुप्ता पुत्र गिरजाशंकर के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पैक्ड कुल्फी, आइसक्रीम वनीला, आइसक्रीम वटर इक्कॉच कुल तीन नमूनें संग्रहित किये गये। उक्त संग्रहित नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। उक्त नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। टीम के द्वारा जनपद के स्थानीय बाजारों के निरन्तर निरीक्षण किये जा रहे है व यह अभी आगे भी जारी रहेंगें।

## गरीब परिवार की बेटी का विवाह पूरे रीति-रिवाजों से कराया प्रधान प्रतिनिधिन ने



जालौन : कन्यादान की रस्म निभाते प्रधान प्रतिनिधि के माता पिता ।

**जालौन।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर प्रधान प्रतिनिधि ने वाल्मीकि समाज की बेटी के विवाह का जिम्मा उठाकर सामाजिक समरसता और मानवीयता की मिसाल पेश की। गांव की बेटी काजल बाल्मीकि की शादी धूमधाम से हुई। समाज ने प्रधान प्रतिनिधि के इस अनूठे प्रयास को सराहा। वहीं विवाह में प्राथमिक विद्यालय और गंभीर सिंह इंटर कॉलेज के छात्रों ने भी योगदान दिया।

समाज में जब कोई जरूरतमंद का साथ देता है, तो एक मिसाल बन जाती है। ऐसा ही एक भावुक व प्रेरणादायक दृश्य छिरिया सलेमपुर गांव में उस समय देखने को मिला, जब गरीब परिवार की बेटी काजल बाल्मीकि का विवाह बच्चों के सहयोग और प्रधान प्रतिनिधि के प्रयासों से पूरे रीति-रिवाजों और धूमधाम से संपन्न कराया गया। यह विवाह न केवल एक बेटी का घर बसाने का प्रतीक बना, बल्कि इसने सामाजिक समरसता और सौहार्द का अद्भुत उदाहरण भी पेश किया। काजल, जिनके पिता अनिल बाल्मीकि का बारह वर्ष पूर्व निधन हो चुका था, अपनी मां संगीता देवी के साथ रह रही थीं। सीमित संसाधनों में जीवन यापन कर रही संगीता देवी के लिए बेटी की शादी एक बहुत बड़ी चिंता बन चुकी थी। इसी चिंता को अपने कंधों पर लिया गांव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों व गंभीर सिंह इंटर कॉलेज के छात्रों ने, उन्होंने विवाह के लिए अपनी पॉकेट मनी जुटाना शुरू की। इसकी जानकारी जब ग्राम पंचायत की प्रधान सोनल तिवारी के पति आशू तिवारी को हुई उन्होंने न केवल बेटी के विवाह की पूरी जिम्मेदारी उठाई, बल्कि उसे किसी भी रूप में कमी न होने दी। वर सिद्धार्थ की बारात समथर के समीप लुहारी गांव से आई। बारात का स्वागत अत्यंत भव्यता से किया गया। विवाह की सभी रस्में विधिपूर्वक निभाई गईं। सबसे विशेष और मार्मिक क्षण वह था, जब कन्यादान का पुनीत कार्य प्रधान प्रतिनिधि आशू तिवारी के माता-पिता अनिल तिवारी व विजयलता तिवारी द्वारा किया गया। इस भावनात्मक दृश्य ने वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम कर दीं। विवाह में प्रधान प्रतिनिधि आशू तिवारी द्वारा न केवल दो क्विंटल गेहूं, बिछिया, अंगूठी, ग्यारह साड़ियां भेंट की गईं, बल्कि तीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। उन्होंने काजल को अपनी बहिन मानते हुए विवाह के भात की रस्म भी निभाई। डोली में विदाई प्रधान के घर से की गई, जिससे यह विवाह पूरी तरह से सामाजिक सहभागिता का एक भव्य उदाहरण बन गया। विवाह समारोह व प्रधान प्रतिनिधि के इस कार्य की सभी ने सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया। यह विवाह जहां एक बेटी के सपनों को पंख देने की मिसाल बना, वहीं समाज में जाति-पांति और भेदभाव से ऊपर उठकर इंसानियत और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला भी सिद्ध हुआ।

## विधान परिषद की संसदीय समिति ने भ्रमण कर की समीक्षा बैठक



ललितपुर। सरकार बनने से अब तक विभागों में जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा हेतु सुरेन्द्र चौधरी सभापति उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की अध्यक्षता एवं समिति के सदस्यगण सदस्य विधान परिषद उमेश द्विवेदी, किरणपाल कश्यप, डॉ बाबू लाल तिवारी, रामरतन कुशवाहा सदर विधायक की उपस्थिति में कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक व मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय ने सभी जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। बैठक में सभापति सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि संसदीय अध्ययन समिति का उद्देश्य कार्यपालिका व विधायिका के बीच अच्छा तालमेल बैठाकर जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना और सेवा करना है, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच के समन्वय को मजबूत करने के लिए यह बैठक की जा रही है, इससे पता चलता है अधिकारी जनप्रतिनिधियों के पत्रों को कितनी गंभीरता देते हैं व निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों में जनप्रतिनिधियों के पत्रों का एक रजिस्टर बनाया जाए और नियमित रुप से पत्रों का विवरण एवं उन पर की गई कार्यवाही अंकित की जाए व अधिकारी समय-समय पर विधायकगणों से वार्ता कर विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते रहें और उनके द्वारा बतायी गई जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराते हुए अवगत भी करायें, इसके साथ ही सरकार की मंशानुसार सहरिया, मलिन बस्तियों, वंचित आबादी वाले क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करायें। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि जनपद में समिति का आना हम सब के लिए प्रसन्नता की बात है कि हम सब जनता के प्रति जिम्मेदार है। सदस्य विधान परिषद डॉ. बाबू लाल तिवारी, उमेश द्विवेदी व किरणपाल कश्यप ने अधिकारियों को जनता की सेवा करने और सरकार के अन्त्योदय मिशन को साकार करने के लिए प्रेरित किया। समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई नैयर आलम, समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव एवं प्रिंसिपल पॉलीटेक्निक विवेक मल्होत्रा के बिना बताये अनुपस्थित रहने पर समिति द्वारा नाराजगी जाहिर की गई और एक सप्ताह के भीतर उनका स्पष्टीकरण लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से भिजवाने के निर्देश दिये गए, इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग की नियुक्ति में धांधली की शिकायतों पर प्रिंसिपल मेडीकल कॉलेज से साक्ष्य सहित स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए। प्रभारी निरीक्षक महरौनी विनोद कुमार मिश्रा के विरुद्ध फरियादियों से जातिसूचक व अपशब्दों का प्रयोग करने की शिकायत पर उन्हें लाइन हाजिर करने के निर्देश दिये व खनन अधिकारी को निर्देश दिये गए कि जनपद में अवैध खनन न होने पाये व पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये गए कि जनपद में सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु स्थानीय कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराये जायें। जेल अधीक्षक को जेल में निरुद्ध बंदियों को गुणवत्तायुक्त भोजन व चिकित्सा आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए। खाद्य सुरक्षा विभाग को निरंतर छापेमारी कर मिलावटी घी, तेल व अन्य खाद्य सामग्री की जांच करने के निर्देश दिये गए। समिति द्वारा यह भी निर्देश दिये गए कि दिव्यागों के प्रमाण पत्र जारी करने और प्रसूता शिक्षकों के मातृत्व अवकाश स्वीकृत करने में उनसे अपेक्षा की जाती है, जो निंदनीय है, ऐसे मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए, किसी भी तरह से उनका शोषण न हो और प्रकरणों में सुसंगत कार्यवाही की जाए, उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद के दूरस्त ग्रामों में चिन्हांकन शिविरों का आयोजन कराया जाए और दिव्यांगजनों के ऑनलाइन फार्म भरवायें जायें। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जनपद में धार्मिक स्थलों और विद्यालयों के पास बनी शराब की दुकानों का चिन्हांकन किया जा रहा है। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में 5 दुकानें निलंबित चल रही है, जिस पर समिति ने निर्देश दिये कि एक माह में प्रस्ताव कराकर नई दुकानों का आवंटन कराया जाए, ताकि शासन की मंशानुसार पात्रों को खाद्यान्न का वितरण हो सके। पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये गए कि महिला अपराधों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बतायी गई जनशिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायें। बैठक में डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, एसडीएम पाली सानिया सैयद, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ द्विजेन्द्र नाथ, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, डीपीओ नन्दलाल सिंह, डीआईओ डीएस दयाल, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, विद्युत, आरईएस आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संदिग्ध स्थिति में महिला का फांसी पर लटका मिला शव

**उरई(जलौन)।** थाना कोतवाली उरई अंतर्गत 38 वर्षीय महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतका के मायके पक्ष ने हत्या कर शव को फांसी पर लटका देने का आरोप लगाया है।

सदर कोतवाली उरई अंतर्गत राठ रोड मोनी मंदिर के पीछे लाली पत्नी हेमंत विश्वकर्मा उम्र लगभग 38 वर्ष का शव कमरे के अंदर पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता मिला है। सूचना पाकर कोतवाली उरई पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से उतार कर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उक्त घटना की सूचना मंगलवार को ही शाम 6रू35 बजे मायके पक्ष को दी गई। सूचना पाकर जब मायके पक्ष के लोग लहार भिंड से उरई आए तो उन्होंने ससुरालयों पर हत्या करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका लाली का मायका भिंड जिला अंतर्गत लहार के वार्ड नंबर 1 न्यू नगर पालिका के सामने पचपेड़ा में है। वर्ष 2007 में मृतका के पिता रमेश चंद्र ने हिंदू रीति रिवाज के साथ यथाशक्ति दहेज देकर अपनी पुत्री लाली को उरई के लिए विदा किया था लेकिन उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न किया दोनों पक्षों में विवाद के चलते कई बार सामाजिक पंचायतें भी हुई लेकिन कोई निष्कर्ष ना निकलने पर मामला न्यायालय तक पहुंचा। मृतका के भाई नरेन्द्र झा ने बताया कि मेरी बहन लाली की जब से शादी हुई है उसे अपनी ससुराल में कभी सुखचौन नहीं मिला। अन्तोगत्वा मंगलवार की शाम मेरी बहन की हत्या कर आत्महत्या के रूप में दिखाने के लिए उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। मृतका लाली देवी के एक 13 वर्षीय पुत्र नितिन विश्वकर्मा है जिसका रो-रोकर बुरा हाल है एवं वह कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं है।

# लापरवाही बरतने पर डीएम ने किया जवाब तलब

- **एएनएम सहित नर्स का स्पष्टीकरण मांगे जाने के डीएम ने दिए निर्देश**
- **नगर पंचायत तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का डीएम ने किया निरीक्षण**



बांदा : निरीक्षण करतीं डीएम ।

**बाँदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा ने आज मातृ शिशु कल्याण उपकेन्द्र बिसण्डा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसण्डा एवं कार्यालय नगर पंचायत बिसण्डा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मातृ शिशु कल्याण उपकेन्द्र बिसण्डा का निरीक्षण करते हुए उपकेन्द्र में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच किये जाने एवं बच्चों के टीकाकरण के कार्य को देखा। स्वास्थ्य उपकेन्द्र में आज छः गर्भवती महिलाओं की जांच किया जाना पाया गया।

डीएम जे0 रीभा ने सभी गर्भवती महिलाओं का आरसीएच कार्ड बनवाये जाने तथा एचआईवी टेस्टिंग किट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उपकेन्द्र में प्रकाश को बढ़ाये जाने तथा फर्नीचर की समुचित व्यवस्था भी कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एएनएम उपस्थित पायी गयी। उन्होंने एएनएम से उपकेन्द्र द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि सभी बच्चों का टीकाकरण अवश्य किया जाए। इसके उपरान्त उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसण्डा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने इमरजेन्सी वार्ड, जेएसवाई कक्ष, कम्प्यूटर रूम, प्रशव कक्ष, परिवार कल्याण एवं जननी सुरक्षा कक्ष का निरीक्षण करते हुए उपस्थित स्टाफ नर्स एवं नर्सों को निर्देश दिये कि किसी भी महिला की डिलीवरी के 48 घण्टे बाद ही अस्पताल से रेफर एवं छुट्टी की जाए। उन्होंने महिलाओं का एचआरपी रजिस्टर चेक करते हुए विगत दो दिवस में किये गये प्रशव एवं उन्हें जननी सुरक्षा योजना से लाभान्वित किये जाने की जानकारी लेते हुए उपस्थित स्टाफ नर्स एवं एएनएम के प्रति कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण एवं उनके वेतन रोके जाने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दिये। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु गर्भवती महिलाओं की आधार फीडिंग मंत्रा एप पर अवश्य किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के प्रति भी असंतोष व्यक्त करते हुए पीएचसी में बेहतर पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण नही करने एवं उदासीनता बरतने पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने इसके उपरान्त नगर पंचायत कार्यालय बिसण्डा एवं एमआरएफ सेन्टर बिसण्डा का निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बिसण्डा को निर्देश दिये कि सभी नाले एवं नालियां वर्षा से पूर्व तत्काल सफाई कराये जाए। उन्होंने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए समुचित पेयजल की व्यवस्था टैंकर एवं अन्य माध्यम से कराये जाने तथा राज्य वित्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर में विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेज गति से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एमआरएफ सेन्टर (मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेन्टर) का निरीक्षण करते हुए कूडे के उचित निस्तारण किये जाने हेतु सेन्टर को शीघ्र संचालित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बृज किशोर सिंह को निर्देश दिये कि नगर में साफ-सफाई एवं मच्छरों से बचाव हेतु फॉगिंग की जाए एवं नागरिकों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध करायें। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष आशा देवी सहित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन कुमार एवं स्टाफ नर्स सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आगाज



बांदा : खिलाड़ी से परिचय प्राप्त करते एसपी ।

- **खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर एसपी ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ**
- **प्रतियोगिता में आठ जनपदों की टीमें कर रहीं प्रतिभाग**

**बांदा।** पुलिस लाइन में जोन स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज हुआ है। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एसपी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात पहला मैच कौशाम्बी तथा चित्रकूट के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में आठ जनपदों की टीमें प्रतिभाग कर रही है।

पुलिस लाइन बैडमिंटन हॉल में 04 दिवसीय अन्तर्जनपदीय पुलिस पुरुष एवं महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा खिलाड़ियों से मान प्रणाम ग्रहण करते हुए किया गया। उनके द्वारा खिलाड़ियों से पूरी खेल भावना और उत्साह एवं अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की गई। 04 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के जनपद बांदा, महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर तथा प्रतापगढ़ की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता उद्घाटन मैच चित्रकूट और कौशाम्बी के बीच खेला जा रहा है। प्रतियोगिता के शुभारम्भ के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन कृष्णकांत त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन वेदमणि मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### सीएम डैश बोर्ड में रैंकिंग प्रयास के विभाग करें विभाग-डीएम



**चित्रकूट ब्यूरो:** सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अतिरिक्त ऊर्जा, पंचायती राज, नियोजन सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने कहा कि सीएम पोर्टल में जिन विभागों की प्रगति ठीक नहीं है, वह सुधार कराएं तथा जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है, वह ऐसे ही प्रगति बनाएं रखें। कहा कि किसी भी स्थिति में रैंकिंग में गिरावट नहीं आनी चाहिए तथा जिन विभागों की प्रगति खराब है, वह सम्बन्धित बिंदुओं पर फोकस करके प्रगति कराएं। कहा कि जिन विभागों का डाटा गलत है, वह उसमें सुधार कराए। उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने पोर्टल की जांच करते रहे। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जूम एप के माध्यम से मीटिंग भी करते रहें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण, उप निदेशक कृषि राजकुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला प्राबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायते सुन किया निस्तारण

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 91 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमो से प्राप्त होने वाले प्रकरणो का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## प्रभारी मंत्री ने वृहद गौशाला निर्माण का कार्य लोकार्पण एवं फीता काटकर किया

**चित्रकूट।** खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि योजनान्तर्गत जनपद चित्रकूट के ग्राम पंचायत रौली कल्याणपुर में वृहद गौशाला निर्माण का कार्य ;लागत रु0 126.00 लाख ;कार्य दाई संस्था सांडाद्ध का लोकार्पण एवं फीता काट कर मा0 प्रभारी मंत्री चित्रकूटध् मा0 राज्यमंत्रीए श्रम एवं सेवायोजन विभागए उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल जी ;मन्नू कोरी के कर कमलों द्वारा दिनांक 14.05.2025ए को सम्पन्न हुआ। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस वृहद गौशाला में लगभग 400 का गौवंशों के लिए व्यवस्था की गई है। माननीय प्रभारी मंत्री ने कहा कि गौशाला में इंटरलॉकिंग एवं पानी के लिए जगह.जगह टोटिया भी लगे ।उन्होंने कहा कि गौशाला में भूसा चारर की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला शधिकारी शिवशरणपप्पा जीएनए अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री राजेश प्रसादए अध्यक्ष को ऑपरेटिव बैंक चित्रकूट ध्बांदा श्री पंकज अग्रवालए डीसीएनआरएलएम श्रीओपी मिश्रा एसुरेश अनुरागी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

## जून से लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली

- **ई-ऑफिस प्रणाली संचालन को लेकर डीएम ने ली बैठक**
- **डीएम ने ई-प्रणाली अपनाए जाने को लेकर वीपीएन इशू कराने के दिए निर्देश**



बांदा : बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी ।

बाँदा। जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेट्र सभागार में ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। जहां डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जून माह में सभी ऑफिसों में ई-प्रणाली प्रक्रिया लागू की जाएगी। सभी विभागीय अधिकारी वीपीएन इशू करा लें। जिन कार्यालयों में ई-प्रणाली लागू न पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के अधिकारियों को निर्देश किया कि आगामी जून से शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस प्रणाली के अन्तर्गत कार्यों का संचालन किया जाना है, अतः सभी विभाग एक सप्ताह के अन्दर अपने विभाग का वीपीएन इशू कराकर ई-प्रणाली अपनाये जाने हेतु कार्यवाही करें, अन्यथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन विभागों द्वारा ई-ऑफिस संचालित किये जाने हेतु वीपीएन फार्म एवं गो-लाइव की प्रक्रिया पूरी नही की गयी है, उसे एक सप्ताह में पूर्ण करायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि ई-ऑफिस प्रक्रिया संचालित किये जाने हेतु जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय द्वारा 16 मई तक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण को सम्बन्धित विभाग के अधिकारी अथवा उनके विभागीय कर्मचारियों द्वारा प्राप्त करते हुए आगामी माह जून से सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रक्रिया से कार्यालय कार्य शुरू किये जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि शासन के इस कार्य को प्राथमिकता से अपने-अपने कार्यालयों में संचालित करने का उत्तरदायित्व एवं जिम्मेदारी सम्बन्धित कार्यालयध्यक्ष की होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य सहित जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जनपद की 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी है। उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाए तथा जो परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इन कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत जिन भवनों के निर्माण कार्य पूरे हो गए, जांच के बाद उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जो परियोजनाएं अधूरी है उनको समय से पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परियोजनाओं के सत्यापन हेतु नामित नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं का सत्यापन प्रत्येक माह करते रहे तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करे। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग एवं अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया कि सभी सड़कों का निर्माण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करेंए जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## योग्यता और मेहनत के बल पर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे करते हैं शानदार प्रदर्शन-जगदीश



**चित्रकूट ब्यूरो:** यूपी बोर्ड की हाइस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को बुधवार को समाजसेवी भाजपा नेता जगदीश गौतम ने भौंरी के कृषक इंटर कॉलिज में सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों व शिक्षकों का उत्साहवर्धन भी किया।

कार्यक्रम में समाजसेवी भाजपा नेता जगदीश गौतम ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के बच्चे कम संसाधनों में भी अच्छे परिणाम प्राप्त करते हैं। इसके पीछे बच्चों की कठिन मेहनत उनके अभिभावकों और शिक्षकों का सहयोग होता है। जिसके बाद बच्चे श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाने में सफल होते है। इस दौरान उन्होंने हाइस्कूल के राहुल सिंह, शक्ति प्रताप, ईश्वरीशरण व इण्टर के रविकांत शुक्ल, आरती सिंह व अनामिका पाण्डेय को पुरस्कार देकर उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य रूद्र नारायण पाण्डेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, गनीवां मण्डल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, ऐंचवारा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष आशीष पाण्डेय, कैलाश रलिहा व राजकुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने स्प्रिंग कलर सिंचाई परियोजना एवं राइफल क्लब का किया निरीक्षण

**-निर्धारित समय सीमा पर कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**



**महोबा ।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह के साथ जनपद में कुलपहाड़ स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजनाए निर्माणाधीन पुलिस भवन एवं राइफल क्लब का निरीक्षण किया स

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज नें कुलपहाड़ स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना का ग्राम भटेवरा में स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम से एक तरह की फसल पैदा करने का क्षेत्र के साथ ही विपणन और निर्यात का केंद्र भी हो सकेगा। कृषि क्षेत्र में जल संरक्षण एवं वैज्ञानिक सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रणाली किसानों को न्यूनतम जल खपत में अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने में सहायता करेगी। जिलाधिकारी द्वारा परियोजना स्थल के स्थलीय निरीक्षण के दौरान तकनीक के प्रभाव एवं लाभों का आकलन किया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस पद्धति को अन्य क्षेत्रों में भी अपनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस परियोजना से किसानों को सिंचाई की लागत में कमी आएगी और वे अधिक टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि स्प्रिंकलर सिंचाई के प्रयोग से जल की बचत होगीए साथ ही किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली फसल प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यह परियोजना प्रणाली सामुदायिक खेती एवं क्लस्टर निर्माण में सहायक सिद्ध होगीए साथ ही विपणन एवं निर्यात का केंद्र भी हो सकेगा।

इस परियोजना से 2700 हेक्टेयर रबी 1350 हेए्खरीफ 1350 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि के 7 ग्रामो के 1100 किसान लाभांवित हो रहे है। जिलाधिकारी नें निर्माणाधीन पुलिस भवन कुलपहाड़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि शासन के द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण किया जाये। इसी क्रम में उन्होंने राइफल क्लब महोबा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका महोबा को निर्देशित किया कि तालाब की खुदाई करायी जाए और तालाब का सुन्दरीकरण कराया जाए और कहा कि राइफल क्लब की जमीन की पैमाइस कराकर तारबंदी की जाए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसादए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अवधेश कुमारए स्टेनो कैम्प कार्यालय राजीव शुक्ला सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम सचिव ने 11 दर्जन प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के नाम काटे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** महुआ ब्लाक के स्योढ़ा गांव में सचिव ने डेढ़ साल बाद भी नहीं दी 140 लोगो के आवास काटने की सूचना।जिससे तमाम पात्र लाभार्थी आवास योजना से वंचित रह गए।आर टी आई में हुआ खुलासा । मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में दर्ज 140 पात्र लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन नहीं किया और 140 परिवार राजनीतिक साजिश का शिकार बना दिए गए। इतना ही नहीं 140 पात्र लाभार्थियों का नाम आवास पात्रता सूची से खारिज किए जाने तथा आवास पात्रता सूची का समापन किये के बाद भी आज तक पंचायत स्योंढ़ा में किसी सार्वजनिक व सरकारी इमारत पर आवास योजना की सूची में दर्ज लाभार्थियों के नाम की वाल पेंटिंग सचिव लवकुश कुमार ने नहीं कराया। आरटीआई कार्यकर्ता इस्तेयाक अहमद ने बताया कि पंचायत की आवास पात्रता सूची में दर्ज 140 पात्र लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन न किये जाने व उक्त सभी नाम काटने की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत जनसूचना अधिकारी लवकुश कुमार पंचायत सचिव को हाथों.हाथ आवेदन देकर 25 दिसम्बर 2023 को मांगी थी लेकिन प्रथम अपील व दूसरी अपील किये जाने के बाद भी आज तक सचिव लवकुश कुमार ने आवास काटने की कोई जानकारी नहीं दिया हैए मामला राज्य सूचना आयोग में लंबित है जहां आयोग द्वारा कई बार सचिव को नोटिस जारी किये जाने व सूचना दिए जाने हेतु आदेशित किये जाने के बावजूद भी कोई सूचना व जवाब उन्होंने नहीं दिया है। इस्तेयाक अहमद ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची का चयन व सत्यापन पूर्व पंचवर्षीय में पूर्व ग्राम प्रधान के कार्यकाल में हुआ था जिससे वर्तमान ग्राम प्रधान श्रीमती बदरुनिशा पत्नी अयूब खां ने पंचायत सचिव लवकुश कुमार से मिलकर रंजिशन गांवदारी व राजनैतिक खुन्नस में सैकड़ों गरीबों का नाम आवास सूची के कटवा दियाए आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि उसने लवकुश कुमार से व्यक्तिगत भी आवास काटने से संबंधित सूचना देने का अनुरोध किया पर सूचना नहीं मिली। ग्राम प्रधान के इशारे पर गांवदारी में सरकारी योजनाओं से पात्र गरीब आदमी को वंचित करने वाले ऐसे ग्राम प्रधान के हाथों की कठपुतली बने अधिकारियों को कानून का कतई भय नहीं है। जनसूचना कानून को लवकुश कुमार जैसे अधिकारियों ने मजाक बना दिया है सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के प्रति लवकुश कुमार का उदासीन रवैया जनता के मौलिक अधिकारों का हनन करने वाला है। ग्राम प्रधान के कहने पर गांवदारी में 140 आवास काटने व सूचना के अधिकार से मांगी जानकारी सालों बाद उपलब्ध न कराने वाले ऐसे अधिकारियों पर जिलाधिकारी बांदा जांच कमेटी गठित कर क्या कोई कार्यवाही करेगीं या नियम कानून को मजाक समझने वाले लवकुश कुमार जैसे अधिकारी ग्राम प्रधानों के इशारे पर यूं ही आम जनता का शोषण व कानून की धज्जियां उड़ाते रहेंगे ये देखने वाली बात होगी।

## शादी समारोह का भोजन करने से 60 से अधिक लोग फूड प्वाइजन के हुए शिकार विवाह के घर में मची अफरा-तफरी



**महोबा स** जिले में मिलावटखोरो का अधिक बोल वाला है स मिलावट खोरी के चलते पूर्व में भी कई लोग फूड प्वाइजन के शिकार हो चुके हैं स उसके बावजूद खाद्य एवं औषधि विभाग बाज नहीं आ रहा है सरकारी अमला खाऊ कमाऊ नीति के चलते कुंभकरण की निद्रा में सोया हुआ हैं स ऐसा ही मामला जिले के महोबकंठ थाना क्षेत्र के परा रजौनी गाँव में एक शादी समारोह के दौरान खाना खाने के बाद 60 से अधिक लोग अचानक बीमार हो गए। प्राथमिक जांच में विषाक्त घी के सेवन से फूड प्वाइजन की आशंका जताई जा रही है। लोगो का कहना है कि पनीरए घीए दहीए मिठाइयों में मिलावटखोर अधिक धन लालच के चक्कर में मानव जीवन को खतरे में डाल तरह तरह की बीमारियों से आम जनमानस ग्रसित हो रहे हैं विभाग के जिम्मेदार गुलाबी चमक में सोते नजर आ रहे है तभी तो लोग मिलावटी खाद्य सामग्री के आए दिन शिकार होते है जिसका मामला सभी के सामने आ रहे है स मिलावट के खोरी के कारण जनपद मे शादी समारोह में उल्टी दस्त आदि गम्भीर बीमारियों के शिकार नवयुवक बूढ़े बच्चे महिलाएं हो जाते है स सूचना मिलने में चिकित्सकों की टीम गांव पहुंचकर इलाज करती नजर आ रही है स लोगो ने मांग है कि मिलावटखोरो के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाए जिससे मिलावट खोरी मे अंकुश लग सके स

जानकारी के अनुसार विवाह समारोह में भोजन करने के कुछ समय बाद ही लोगों को उल्टीए दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। जैसे ही यह खबर फैली गांव में अफरा.तफरी मच गई। स्वास्थ्य विभाग की कई चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और बीमार लोगों का इलाज शुरू कर दिया गया है। गंभीर रूप से प्रभावित कुछ लोगों को जिला अस्पताल में रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन ने खाद्य सामग्री के नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार खाना पकाने में उपयोग किए गए घी में विषाक्तता हो सकती है जिसके कारण यह घटना हुई। गांव में अभी भी भय का माहौल बना हुआ हैए जबकि अधिकारी स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि घबराएं नहीं और किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग दूरभाष नंबर पर संपर्क कर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले

### हाईस्कूल में प्रखर ने 93 व कशिश ने हासिल किये 90 प्रतिशत अंक

**हमीरपुर।** सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम में अटेवा के जिला महासचिव व शिक्षक के पुत्र ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर घर परिवार का नाम रोशन किया। वहीं सुमेरपुर कस्बे की उद्योग नगरी में चाय पान की दुकान चलाने वाले दुकानदार की बेटी ने अपनी मेहनत के बलबूते 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। मुख्यालय निवासी शिक्षक व अटेवा के जिला महासचिव कमलकिशोर के पुत्र प्रखर चक्रवर्ती मुख्यालय से सटे नुपुल विद्यालय पावर प्लांट कानपुर देहात में हाईस्कूल के छात्र है। वहीं सुमेरपुर कस्बे की उद्योग नगरी में चायपान की दुकान चलाने वाले शिवा शिवहरे की पुत्री कशिश शिवहरे मुख्यालय के सरदार पटेल इंटर कांलेज में हाईस्कूल की छात्रा हैं। मंगलवार को घोषित परिणाम में प्रखर ने 93 प्रतिशत व कशिश ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके घर परिवार का नाम रोशन किया है। प्रखर व कशिश ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया है।

## उर्स पर नातिया मुशायरे का आयोजन

इटावा। चौपला मूंज स्थित हज़रत हाजी हुसैनी पीर बाबा के उर्स मौके पर नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसकी सरपरस्ती हाजी शमीम मियांए सदारत हाजी अज़ीम वारसी ने की। मुख्य अतिथि फरहान शकील अशरफी जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा समाजवादी पार्टीए निजामत रौनक अशरफी इटावी ने की। नातिया मुशायरे का आगाज तिलावत ए कुरान ए पाक से हाफिज कैफरज़ा ने किया।

# रोडवेज बस की टक्कर से भाई-बहन की मौत



फर्रुखाबाद। अस्पताल परिसर में रोते विलखते परिजन

**-इटावा.बरेली हाइवे पर काल बनकर दौड़ी रोडवेज बस पानी पीने को रुके थे भाई.बहन**

**फर्रुखाबाद।** इटावा बरेली हाईवे पर कॉल बनाकर दौड़ी रोडवेज बेसन पानी पीने को रुक भाई बहनों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई

भाई बहन दोनों पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे फर्रुखाबाद जिले में बुधवार सुबह हुआ यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं बल्कि उस सामाजिक चूक की कहानी है जिसमें तेज रफ्तार लापरवाही और व्यवस्था की ढिलाई आमजन की जान पर भारी पड़ती है। हरदोई जिले के थाना सांडी क्षेत्र के गांव बंडारी निवासी शारदा देवी ;32द्ध और उनका भाई अवध सिंह ;20द्ध पांचाल घाट गंगा स्नान के लिए निकले थे। परिवार के अन्य लोग ट्रैक्टर.ट्रॉली व अन्य गाड़ियों से चल चुके थे। इन दोनों ने बाइक से आना तय किया। इसी दौरान गांव गांधी के पास गर्मी से राहत पाने के लिए अवध ने बाइक रोकी और पानी पीने लगा। जैसे ही वह बाइक स्टार्ट कर आगे बढ़ने को हुआ उसी समय फर्रुखाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। घटनास्थल से दोनों को एंबुलेंस से डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया यहां चिकित्सकों ने शारदा देवी को मृत घोषित कर दिया जबकि अवध सिंह को गंभीर हालत में भर्ती किया गया। लेकिन कुछ ही घंटों में उसने भी दम तोड़ दिया। अवध सिंह हाल ही में देहरादून से बहन की शादी में शामिल होने आया था। उसकी छोटी बहन की शादी 10 मई को हुई थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह 3 मई को घर आया था। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था शादी के बाद सभी रिश्तेदार घर में ही रुके हुए थे और फिर यह बुरी खबर मिली जिससे कि घर में लोग भी बिलखने लगे एक ही परिवार में दो अर्थियाँ पहुंचीं तो पूरा गांव गम में डूब गया।शारदा देवी के दो बेटे मनीष ;12द्ध और नवीन ;7द्ध अपनी मां का इंतज़ार कर रहे थे। लेकिन मां अब कभी लौटने वाली नहीं। दोनों मासूमों की चीखें सुन हर किसी की आंख नम हो गई। लोगों का कहना था कि शारदा देवी बहुत ही मेहनती और पारिवारिक महिला थीं।

## गंगा पहनावन का आयोजन अधूरा रह गया, सुनील ने कहा दृ जैसे सब कुछ लुट गया

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।जीजा सुनील को गंगा पहनावन करना था। वे धार्मिक भावना के तहत यह आयोजन कर रहे थे, लेकिन अब वह कार्यक्रम अधूरा रह गया। सुनील ने बताया भाई.बहन की मौत के बाद अब कोई पूजा कोई संस्कार अधूरा नहीं बल्कि असंभव लग रहा है। घर में जैसे सब कुछ उजड़ गया। पुलिस ने शवों का कराया पोस्टमार्टम बस चालक की तलाश जारी है पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा भर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। उनका कहना है कि इस हाईवे पर अकसर तेज रफ्तार वाहनों की वजह से जानलेवा दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक समेत दो दरोगा एक आरक्षी व रिटायर्ड दरोगा के खिलाफयाचिका दायर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** विनय कुमार पुत्र बांकेलाल शुक्ला निवासी मोहल्ला न्यू नवदिया नारायणपुर नियर आर आर पी स्कूल कानपुर रोड फतेहगढ़ ने प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिविल लाइन चौकी इंचार्ज रक्षा सिंह अखिलेश कुमार यादव सेवानिवृत्त उप निरीक्षक राममोहन यादव व आरक्षी सत्येंद्र कुमार के खिलाफमुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के याचिका दायर की है

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले विनय कुमार शुक्ला अधिवक्ता है व जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचित पुस्तकालय अध्यक्ष है तथा लगभग 21 वर्ष से अधिक अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे है विनय कुमार के भाई संजय से पैत्रक आवासीय भवन में विभाजन के संबंध में विवाद है इसी पैत्रत आवासीय भवन से बिल्कुल लगा हुआ संजय के आवास में कोतवाली फतेहगढ़ में सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक राम मोहन यादव किराए पर रह रहे थे । तथा भाई संजय के साथ अविधिक रूप से आपराधिक षडयंत्र कर प्रार्थी के अंश को हड़पने में उसकी सहायता कर रहे थे और आए दिन बिना किसी विधिक अधिकारिता के स्वयं व अपने पुलिस सहयोगियों के साथ पुलिस हस्तक्षेप कर प्रार्थी का उत्पीड़न कर रहे थे जिसकी शिकायत विनय कुमार ने विगत सप्ताह की गई शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई में उप निरीक्षक राममोहन यादव उक्त आवासीय भवन से निकल गए और आवास खाली कर दिए दिया और मुझ से रंजिश मानने लगे तथा उनके द्वारा षड्यंत्र जारी रखा गया इसी षड्यंत्र के तहत 21 अप्रैल 2025 को समय लगभग 6 7 बजे जब मैं अपने घर पर नहीं था तब सिविल लाइन चौकी इंचार्ज रक्षा सिंह उप निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव आरक्षी सत्येंद्र कुमार तथा लगभग 6. 7 अज्ञात पुलिसकर्मी अचानक प्रार्थी के घर में मां बहन की गाली देते हुए बल पूर्वक घुस गए तथा बीमार पत्नी हाल में ऑपरेशन हुआ है इन पुलिसकर्मियों से सर्च वारंट मांगा तो उक्त पुलिसकर्मियों द्वारा प्रार्थिनी के घर के अंदर ही मेरी पत्नी को थप्पड़ों से मारा पीटा व धक्का देखकर जमीन पर पटक दिया गया पुनः गाली गलौज करते हुए बिना किसी सर्च वारंट के प्रार्थी के घर के नीचे से लेकर ऊपर तक खोजने लगे और घरेलू कीमती सामान तोड़फोड़ दिया प्रार्थी के न मिलने पर मेरी पत्नी से कहा कि अपने वकील पति को बता देना कि राममोहन यादव दरोगा जी से तो मकान खाली करवा लिया है अब तेरे पति की खैर नहीं तुम लोगों ने राम मनोहर दरोगा जी से मकान खाली करवा कर पूरी फतेहगढ़ कोतवाली की बेज्जती की है अब पता लगेगा कि पुलिस से पंगा लेना क्या होता है रक्षा सिंह आदि ने प्रार्थी को झूठे मुकदमे में फंसा कर जान से मारने व मेरी पत्नी की जिंदगी बर्बाद कर देने की धमकी दी है इन पुलिसकर्मियों ने प्रार्थी के भाई संजय से षड्यंत्र कर निश्चित ही प्रार्थी के विरुद्ध मिथ्या मुकदमे पंजीकृत करवाएंगे पुलिस कर्मियों द्वारा अनावश्यक रूप से संपत्ति विवाद में प्रार्थी पर बेवजह आपराधिक कार्रवाई की गई है तथा इस अपराधिक घटना में चोट लगने से विनय कुमार की पत्नी के ऑपरेशन के टांके में सूजन संक्रमण हो गया न्याय हित में उक्त दंडित करवाई प्रथम सूचना रिपोर्ट किए जाने तथा उक्त अभियुक्त गणों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने का आदेश किया जाना परम आवश्यक है 12 अप्रैल 2025 को समय करीब सुबह 10 बजे से 1 बजे के मध्य फतेहगढ़ कोतवाली ने कई बार प्रार्थी के घर बेवजह जाकर पुलिसिया तांडव एवं गाली गलौज किया जिसकी लिखित शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ को दी गई जिस क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय को जांच एवं उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया लेकिन आज तक प्रकरण में कोई भी कार्रवाई नहीं हुई 25 अप्रैल 2025 को फतेहगढ़ क्षेत्राधिकारी ने शाम 6 बजे से 8 बजे के मध्य प्रार्थी को ब्यान हेतु बुलाया गया तभी वहां पर मौजूद कोतवाली फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश रक्षा सिंह भी मौजूद मिले और सत्य प्रकाश ने स्वयं को रक्षा सिंह आदि के साथ 21 अप्रैल 2025 को 5 से 7 बजे प्रार्थी के घर जाना स्वीकार किया।

# वाणिज्य कर विभाग नगर पंचायत कंपिल की बसूली सबसे कम वन विभाग अव्वल रहा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

जिसमें वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई व संवंधित अधिकारियों को बसूली व प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये स्टाम्प एवं निवन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई आबकारी विभाग परिवहन विभाग की बसूली ठीक पाई गई

मंडी कायमगंज व कमालगंज की बसूली कम पाई गई मंडी को प्रवर्तन कार्य बढ़ाने के लिये निर्देशित किया गया वन विभाग की बसूली अच्छी पाई गई नगर पंचायत कंपिल की बसूली अत्यंत खराब पाई गई विद्युत विभाग की बसूली कम पाई गई।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राजस्व विभाग इसी महीने लगान का पैसा जमा कराये

सभी ई0ओ0 बरसात से पहले नाले साफकरा लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति अपर जिलाधिकारी न्यायिक सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल उपजिलाधिकारी सदर रजनीकांत उपजिलाधिकारी कायमगंज उपजिलाधिकारी न्यायिक कायमगंज गजराज सिंह यादव व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जिला विकास अधिकारी ने किया खंड विकास अधिकारी कार्यालय कमालगंज का निरीक्षण

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।कमालगंज जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय कमालगंज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी कार्यालय की अव्यवस्थाओं तथा रखरखाव को देखकर ब्लाक कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई जिला विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को तत्काल पुराना सामान नीलामी करने के आदेश दिए



वही आवास की द्वितीय किश्त तीन लोगों को नहीं पहुंची गांव में कितनी पुरानी टंकी है तथा कितनी पानी की टंकियो का निर्माण हो रहा है सूचना सचिव तीन दिन में उपलब्ध कराये जल जीवन मिशन से हो रहे कार्य में जो सड़कों की मरम्मत होना है उसको जल जीवन मिशन कर्मचारियों द्वारा प्रधान और सचिव निश्चित रूप से करवाये उसके उपरांत ही सचिव अपना अनुमोदन दें जब तक नालियों की मरम्मत न हो सचिव प्रमाणित ना करें और प्रत्येक घर के पास नल होना चाहिए नल घर से दूर ना हो यदि जल जीवन मिशन द्वारा खोदी गई सड़कों से कोई जान माल की क्षति होती हैक तो कंपनी के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कराया जाए

एडीओ समाज कल्याण को परिवारिक लाभ की गणना पिछले वर्ष की जानकारी ली कितने आरआरसी केंद्र बने हैं और कितने उपयोग हो रहे हैं पंचायत घरों में पंचायत सहायक बैठते हैं या नहीं इनकी जांच खंडडसेट विकास अधिकारी स्वयं करें

खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा ने बताया कि विकासखंड में कुल 121 सार्वजनिक शौचालय बने हुए हैं जिसमे 118 ग्राम पंचायत और तीन क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित है पंचायत सचिव तथा तकनीकी सहायक का रोस्टर बनाकर चश्पा करें गांव के सचिवालय में सचिव पंचायत सहायक और प्रधान अपने बैठने का दिन निश्चित कर रोस्टर बनाएं और सचिवालय पर चस्पा करें अमृत सरोवर तालाबों और खेल के मैदानो का खंड विकास अधिकारी जांच करें वही अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव सिंह ने जानकारी दी 118 ग्राम पंचायत के सापेक्ष 47 ग्राम पंचायत में मनरेगा का कार्य हो रहा है

सभी तकनीक सहायक ब्लॉक आकर अपनी उपस्थिति लगाएंगे उसके पश्चात क्षेत्र में जाएंगे खंड विकास अधिकारी कार्यालय में पीने के पानी की समस्या होने पर तुरंत आरो लगवाकर फरियादियों को पीने के पानी की व्यवस्था की जाए

ब्लॉक परिसर में एक दर्जन से अधिक खड़ी लावारिस गाड़ियों को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए

## ट्रक में आटो घुसा, पांच घायल

**बकेवरए इटावा।** बुधवार की दोपहर इटावा से आटो में सवावारियाँ बैठाकर बकेवर आ रहा था जैसे ही आटो ड्राइवर आटो लेकर बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाइवे कुड़रिया रजवाह के पास पहुंचा कि तभी अज्ञात ट्रक में पीछे से जा घुसा और आटो में बैठी सवारियाँ गंभीर रूप से घायल हो गई सवारियाँ चीखने चिल्लाने लगी। घटना की सूचना आते जाते राहगीरो ने थाना पुलिस को दी मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल विनोद कुमार निवासी जसमन्त नगरएउदय वीर निवासी ग्राम भरतपुर थाना ऊसराहारएप्रवेश कुमार निवासी ग्राम अंदावा व सरिता देवी निवासी कस्वा लखना के अलावा आटो ड्राइवर आकाश कुमार निवासी ग्राम कांकरपुरा थाना इकदिल गंभीर रूप से घायल हो गए एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलो को इलाज के लिए 50शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवा जहाँ चिकित्सक ने इलाज किया हालत में सुधार न होने के कारण आटो ड्राइवर आकाश कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जब कि ट्रक ड्राइवर ट्रक सहित भाग जाने में सफल रहा।

## जिले के थानों में छेड़छाड़ साइबर ठगी व सड़क हादसों के मामलों में एफआईआर दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिले के विभिन्न थानों में मंगलवार को गंभीर आपराधिक घटनाओं के सम्बन्ध में 18 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। इनमें छेड़छाड़ अपहरण साइबर ठगी सड़क दुर्घटना मारपीट और अवैध शराब जैसे मामले प्रमुख हैं।

थाना अमृतपुर क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ गाली.गलौज व जान से मारने की धमकी के मामले में शिवजीत उर्फ नन्हें सहित तीन लोगों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना मोहम्मदाबाद में भी महिलाओं से छेड़छाड़ के दो मामले प्रकाश में आए हैं। एक मामले में दिनेश नामक युवक पर शौच को गई युवती से अश्लील हरकतें करने का आरोप है वहीं दूसरे में एक किशोरी को बहला.फुसलाकर भगाने का आरोप अमित व एक अन्य युवक पर है। इसके अलावा एक अज्ञात बाइक सवार ने लापरवाही से वाहन चलाकर एक युवक को टक्कर मार देने से उसकी मौत हो गई। थाना कायमगंज में एक युवती को भगाने का मामला दर्ज किया गया है जिसमें अभियुक्त राजस्थान निवासी बताया गया है।थाना मऊदरवाजा में दो मामलों में मारपीट गाली.गलौज और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक मामले में सीमेन्ट की टीनशेड को नुकसान पहुँचाने का भी आरोप है।थाना कमालगंज में अवैध रूप से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद होने पर देवेंद्र राजपूत पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

थाना राजेपुर में लापरवाही से वाहन चलाने के दो अलग.अलग मामले सामने आए हैंए जिनमें एक डंपर व दूसरी मोटरसाइकिल से टक्कर लगने के कारण जनहानि और गंभीर चोटें आईं।साइबर थाना में एक हाईप्रोफाइल साइबर ठगी का मामला सामने आया हैए जिसमें म्ळ्ज्ळ। कंपनी के नाम से टेलीग्राम ऐप पर फर्जी हॉलिडे पैकेज के जरिए एक व्यक्ति से ?9ण्5 लाख की ठगी की गई। पांच अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध आईटी एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज है।थाना कादरीगेट में ज़मीन की पत्थरगढी को उखाड़ने का मामला दर्ज किया गया है। वहींए थाना नवाबगंज में आपसी रंजिश के चलते तीन अलग.अलग मारपीट व फसल नुकसान की घटनाएं दर्ज की गईं। पुलिस ने सभी मामलों की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है और कई मामलों में आवश्यक साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं।

# कैडिट्स ने नशा मुक्त भारत थीम पर पेश किए कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।आर्मी पब्लिक स्कूल में नया सबेरा स्कीम के तहत नशा मुक्त भारत थीम पर 12 यू पी बटालियन के एन सी सी कैडिट्स ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया ।

कैडिट अक्षय ने अपने भाषण के माध्यम से बच्चों को नशा से मुक्त रहने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर शारीरिक स्वस्थता के लिए वालीबाल बास्केटबॉल तथा बैडमिंटन आदि विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया।

लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा ने बताया कि 12 यू पी बटालियन के कमाण्डिंग आफीसर कर्नल एण् एसण् मलिक वी एस एम के निर्देशानुसार विद्यालय में नौनिहालों को नशे की लत से दूर रहने तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव ने कैडिट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क विकसित होता है। नशा व्यक्ति को अन्दर से खोखला कर देता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी सहित विद्यालय परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे।



## खबर एक नज़र

### बार काउंसिल प्रदेश अध्यक्ष व सांसदों ने बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया

इटावा। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा के इंदिरा पार्क में स्थापित गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष किशोर गौड़ ने सांसद जितेंद्र दोहरेए सांसद एटा देवेश शाक्य की उपस्थिति में किया गयाए पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ चतुर्वेदी की प्रतिमा का भी अनावरण भी हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित व रूपेन्द्र सिंह चौहान एडवोकेट ने बताया कि।

कार्यक्रम का प्रारंभ डॉण् अंबेडकर की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर हुआ उसके बाद विधि विधान से विद्वान 5 बौद्ध भिक्षु ने धम्म पाठकर तथागत गौतम बुद्ध की आराधना की। उसके बाद डीबीए हाल में सभा के आयोजन अध्यक्ष डीबीए अनिल कुमार गौर एडवोकेट ने की। सभा को हरबिलास दोहरे डॉण् सीपी शाक्यए जयवीर सिंह सांसद देवेश शाक्यए सांसद जितेंद्र दोहरे व मुख्य अतिथि शिवकिशोर गौड़ ने संबोधित कर किया। वक्ताओं ने तथागत बौद्ध की शिक्षाओं व विचार समता स्वतंत्रता न्याय व बंधुत्व आधार उद्बोधन दिया। संचालन डीबीए महामंत्री देवेन्द्र पाल सिंह ने किया। सभा में बृजेन्द्र गुप्ताए राजबहादुर यादवए संतोष चौहानए मनोज शाक्यए देवेन्द्र मिश्राए विद्याराम भारतीए रूपेन्द्र सिंह चौहानए शिवम सेंगरए अभिषेक वर्माए अतुल श्रीवास्तवए अनिल शाक्यए शैलेन्द्र शाक्यए ममता शाक्यए ऋषभ शाक्यए अवनीश यादवए साक्षी शर्माए किरण राजपूतए बीनू चौधरीए हेमा सिकरवारए सोनू यादवए अनिल वर्माए देवेंद्र भदौरियाए अनुराग गौरए राजेश वर्माए अमित भदौरियाए अक्षयराज भदौरियाए सीपू चौधरी कार्तिकेय यादवए आदित्य नारायण यादव आदि दो सौ से अधिक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### डीएम ने दर्पण पोर्टल विकास कार्यों की समीक्षा की

इटावा। दर्पण पोर्टल विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गई।

बैठक में विद्युत विभागए कृषि विभागए स्वास्थ्य विभागए दिव्यांग पेंशनए जल जीवन मिशनए ऑपरेशन कायाकल्पए गौ संरक्षणए मत्स्य विभागए पोषण अभियानए निराश्रित महिला पेंशनए कन्या सुमंगला योजनाए प्रोजेक्ट अलंकारए श्रम विभागए ओडीओपीए समाज कल्याण विभागए सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। विद्युत विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विद्युत एक्शियन को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में विद्युत लोड अत्यधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर खराब की समस्या ज्यादा हो रही है इसको ध्यान में रखते हुए ट्रांसफार्मर को समय से बदलना सुनिश्चित करें साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई कम दी जा रही है इससे ग्रामीणों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा विद्युत आपूर्ति का समय बढ़ाया जाए। उन्होंने आरईडी को भवन निर्माण एवं सड़क निर्माण के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजन अधिकारी को निर्देश दिए कि पेंशन के लिए जो पात्रता की शर्तें हैं उसी के आधार पर उन्हीं लाभार्थियों को लाभ दिया जाए। उन्होंने संस्कृत पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्यटन विभाग के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाएं जिसपर पर्यटन अधिकारी द्वारा बताया गया कि 9 कार्य पूर्ण होंने थे जिसमें 6 कार्य पूर्ण हो चुके हैं बाकी कार्यों को जून तक करा दिया जाएगा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सेम बच्चों को अधिक से अधिक चिन्हित किया जाए एवं उनका इलाज कराया जाए तथा उनको पोषण माह समय से दिया जाए तथा उनकी संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला कार्यक्रम अधिकारी से समन्वय करके आंगनवाड़ी से फॉर्म भरवाकर योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने सेतु निर्माण के अंतर्गत रामनगर फाटक का कार्य जून तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए ओडीओपी में चिन्हित लाभार्थियों का चयन करके उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि सामूहिक विवाह का लक्ष्य जल्द ही पूर्ण कराया जाए एवं वृद्धा आश्रम का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ही कार्य किया जाए एवं अपना अपना इंडिकेटर बढ़ाया जाए एवं जनपद की रैंकिंग में सुधार लाया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसादए पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमारए डीडी कृषि आरएन सिंहए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्रए जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### उद्योगों को मिले 24 घंटे निर्वाद्ध विद्युत सप्लाई. दीपक

इटावा। औद्योगिक इकाइयों को 24 घंटे निर्वाद्ध विद्युत आपूर्ति के संबंध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खंड को ज्ञापन सौंपकर उक्त समस्या के निदान की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जसवंतनगर तहसील क्षेत्र में स्थापित कई भारी औद्योगिक इकाइयों में जिसमें धान मिल तथा कोल्ड स्टोरेज स्थापित हैं। उनको 24 घंटे निर्वाद्ध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध नहीं हो पा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के आदेश दिए हैं परंतु व्यवहार में जसवंतनगर क्षेत्र में पावर ब्रेकडाउन एवं जसवंतनगर के कोल्ड 2 फीडर से ग्रामीण व अन्य कनैक्शन कर देने के कारण विद्युत उपलब्धता कभी.कभी 18 घंटे से भी काम रह जाती है।

उपरोक्त समस्या को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता द्वारा अधीक्षण अभियंता दक्षिणांचल विद्युत वितरण कांड इटावा को विज्ञापन 22 मार्च 2024 को दिया जा चुका है और कुछ दिन पूर्व अधीक्षण अभियंता इटावा से जब बात हुई तो उन्होंने स्वीकार किया कि फीडर स्वीकृत हो चुका है परंतु फीडर बनाने में कहां परेशानी आ रही है यह बात भारतीय उद्योग व्यापार मंडल आज तक समझ में नहीं सका है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मांग करता है कि जनपद में तत्काल प्रभाव से एक पृथक औद्योगिक फीडर बनाया जाए जिस पर केवल भारी औद्योगिक कनेक्शन ही हो। जिससे उद्योगों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यदि 10 दिन के अंदर औद्योगिक फीडर नहीं बनाया गया या इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह समस्त व्यापारी वर्ग विद्युत विभाग के खिलाफधरना प्रदर्शन आदि कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे। इसके साथ ही मंडल इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश स्तर के उच्च अधिकारियों से भी शिकायत करेगा।

### सीबीएसई में छात्र.छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

भरथनाए इटावा। जयोत्री एकेडमी के सेंट्रल बोर्ड ऑफसेकेंडरी एजूकेशन के इंटरमीडिएट व हाईस्कूल परीक्षा परिणामों में छात्र.छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के छात्र श्रेष्ठ ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथमए वासु गुप्ता और अभय प्रताप सिंह ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया है। साथ ही वासु गुप्ता और लक्ष्य ने जेईई मुख्य परीक्षा में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। साथ ही हाईस्कूल में भी जयोत्री एकेडमी के छात्र प्रतीक ने 92 प्रतिशत से विद्यालय में प्रथमए त्रिशा ने 91 प्रतिशत से द्वितीयए आरूषि ने 90 प्रतिशत से तृतीयए दिव्यांशी व नितिन चंदानी ने भी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर अपनी जगह बनायी। सभी मेधावियों का विद्यालय निदेशक डा0 नितिन पोरवाल व प्रधानाचार्य योगेन्द्र मिश्रा ने माल्यार्पण व मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

वहीं कस्बा के शुक्लागंज स्थित ज्ञान स्थली एकेडमी के छात्र.छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षाफल शत.प्रतिशत रहाए जिससे शिक्षकोंए अभिभावकों और विद्यार्थियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज सेंगर ने बताया कि इण्टरमीडिएट में साक्षी यादव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम तथा हाईस्कूल में छात्र विशाल कुमार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। जबकि 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रभास द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय परिवार द्वारा हाईस्कूल व इण्टर के सभी मेधावियों का स्वागत सम्मान कर उत्साहवर्धन किया गया।

# मण्डलायुक्त ने की आईजीआर पोर्टल के निस्तारण की समीक्षा



**मिर्जापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता मे आयुक्त कार्यालय सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतो के निस्तारण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, सहित सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त ने कहा कि शिकायतो के निस्तारण से पूर्व शिकायतकर्ता से वार्ता कर उनकी समस्याओ को सुनने के उपरान्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व से सम्बन्धित मामलो में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर प्रकरणो का निस्तारण कराया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी प्रतिदिन पोर्टल को लागिन करें। उन्होंने कहा कि एक बार पोर्टल पर अपलोड की गई आख्या यदि पुनः वापस आती है तो सम्बन्धित अधिकारी दोबारा उसी आख्या को अपलोड न करके बल्कि मौके पर स्वंय जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस प्रकरणो का फीडबैक शासन द्वारा फरियादियो के दूरभाष पर वार्ता कर लिया जा रहा है अतएव सभी अधिकारी शिकायतो के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दे यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि पैमाइश के मामलो में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजते हुए निस्तारण कराया जाए। मण्डलायुक्त ने अधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर तहसीलदार सदर को प्रतिकूल प्रविष्टि व अधीक्षण अभियंता विद्युत, क्षेत्रीय दुग्ध अधिकारी तथा अधीक्षण अभियंता नल कूप को शो-काज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार जिला कार्यक्रम अधिकारी मिर्जापुर के बिना किसी सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने पर शो-काज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

### अधीक्षण अभियंता नलकूप सहित दो और अधिकारियों को शो-काज नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

# सपा कार्यकर्ताओं ने डीएम को सौंपा मांग पत्र में समस्याओं का पिटारा



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को सपा कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से पैदल मार्च करते हुये कलेक्टेऊट पहुंचकर जनपद की जन समस्याओं हलिया, लालगंज, राजगढ़, पटेहरा छानबे, पहाड़ी, सिटी, कोन, नरायनपुर, विकास खण्डों के ज्यादातर हैण्डपम्प खराब है या रिबोर की आवश्यकता है। इसी क्रम में पटेहरा विकास खण्ड के हिनौता, चौबेपुर, ककरद, बनकी, सिरसी, तुलसीपुर, बोदा, रायकलां, पटेहरा, आदि क्षेत्रों में टैंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। इस सम्बन्ध में पाँच सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को सौंपा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में पानी की समस्या बनी हुई है। भूजल स्तर जमीन से पानी काफी नीचे चला गया है। गांव में लगे सरकारी हैंडपंप एवं नलकूप सूख गये हैं। ग्रामीण पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हो रहे हैं। अमृत पेयजल योजना के द्वारा लगाई गई पाईप लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। उन्होने कहा शहरी क्षेत्र में भी कई मोहल्ले में पानी का संकट है। कहा कि जल्द से जल्द समस्याओं का निदान नही किया गया तो समाजवादी पार्टी आन्दोलन के लिये बाध्य होगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्या, आदर्श यादव, झल्लू यादव, रामजी मौर्या, मेवालाल प्रजापति, दुर्गा सिंह, रंजीत फौजी, रामजी बिन्द, डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव, अरशद अली, रवि सोनकर, उमेश यादव, बलराम यादव आदि मौजूद रहें।

### पेयजल, हैण्डपम्प की मरम्मत, नलों में पानी की सुचारू व्यवस्था हो: देवी प्रसाद चौधरी

## ब्लाक सभागार में 180 स्वच्छता कर्मियों को बीडीओ ने ड्रेस का किया वितरण

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में बुधवार को 200 स्वच्छता ग्राहियों के सापेक्ष 180 पुरुष महिलाओं को बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने ड्रेस वितरण किया है। ड्रेस पाते ही कर्मियों के चेहरे खिल उठे। विकास खंड में तैनात स्वच्छता कर्मियों को ड्रेस वितरण कर उन्हें कार्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने ड्रेस वितरण के बाद कार्य में सक्रियता लाने की हिदायत दी। इस मौके पर एडीओं पंचायत रूपेश श्रीवास्तव सहित 180 स्वछता ग्राही मौजूद रहे।

इस मौके पर स्वच्छता कर्मियों में जयशंकर शर्मा, विजय कुमार,मुरारी,सर्वेश कुमार,राजू धर, राजू कुमार, ज्ञानता पाल, फेटो देवी,केसव गिरी, राम प्रसाद आदि लोगों को ड्रेस वितरण किया गया।

## घर में चोरी की नियत से घुसे युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी पुष्पा देवी ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर घर में चोरी के नियत से घुसे युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की 10 मई को मेरे मायके ग्राम विलरा पटेहरा थाना ड्रमण्डगंज में मेरी बहन की शादी थी शादी में मै अपने मायके गई हुई थी की 13 मई को समय 10.30 बजे रात्रि में हरसड़ गांव निवासी भूपेंद्र तिवारी द्वारा बताया गया की आपके घर में एक व्यक्ति ताला तोड़कर अंदर घुसा है जिसको हम लोग पकडकर बैठाये हुए है। इस सूचना पर मै अपने परिवार के साथ अपने घर आई तो मेरे घर का तला हुआ बॉक्स का ताला टूटा हुआ था। उसे व्यक्ति का नाम संतोष कोल निवासी गड़बड़ थाना लालगंज का रहने वाला है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्शिका मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की महिला की तहरीर पर चोरी की नियत से घुसे व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर बिजली के पोल में टकराया, चालक घायल

**चुनार (मिर्जापुर)।** जिले के सक्तेशगढ़ मेंबुधवार को ट्रैक्टर अनियन्त्रित होकर बिजली के पोल सेटकरा गया।हादसेमें 40 वर्षीय चालक बुधुको हल्की चोट आई है। ट्रैक्टर का अगला चक्का टूट गया, लेकिन गनीमत रही किकोई अन्य वाहन उस समय नही था। चुनार कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सक्तेशगढ़ के राधा कृष्ण मन्दिर के पास बुधवार को ट्रैक्टरअनियन्त्रित होकर बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मार दिया। हादसेमें चालक घायल हो गया जिसेसामुदायिक स्वाथ्य केंद्रचेचरी मोड़ चुनार में भर्ती कराया गया है। दोपहर लगभग 12 बजेराजगढ़ सेईंट गिराकर चुनार ईंट भट्ठा पर तेज रफ्तार जा रहा था

## सदस्य, राज्य महिला आयोग सुनेंगी महिला उत्पीड़न की समस्याएं

**मिर्जापुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग नीलम प्रभात की अध्यक्षता में 16 मई को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से जिला पंचायत सभागार, मिर्जापुर में महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होना है। उक्त जन सुनवाई कार्यक्रम में कोई भी महिला या बालिका, जो किसी प्रकार की हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य उत्पीड़न से पीड़ित हो या उन्हे किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है।

तो वे महिलाध्बालिकायें आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में सदस्य के समक्ष उपस्थिति होकर अपने प्रकरण का निस्तारण करा सकती है।

## गंगा स्नान करते समय आठ वर्षीय बालक की डूबने से मौत

**जिगना (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के गोगांव गांव के हनुमान मंदिर घाट परकोतवाली क्षेत्र के सिनहर परवा गाँव निवासी संजय मांझी का लड़का गोलूअपनी मां के साथ गोगांव गाँव मेंशंकर मांझी के यहाँननिहाल मेंआया था। 17 मई को उसके मामा के लड़के की शादी थी। मंगलवार की सुबह स्नान के दौरान घाट सेकुछ ही दूरी परडूबनेलगा। साथी को डूबतेदेख बच्चेशोर मचानेलगे।घाट सेडेढ़ किलोमीटर दूर सेभागतेहुए परिवार वालेघाट पर पहुंचेतब तक देर हो चुकी थी। कुछ ही देर मेंशव को बाहर निकाललिया गया। बेटे की मौत की खबर सुनतेही मृतक की माँसुखरानी देवी बेहोश हो गई। परिवार मेंकोहराम मच गया। मृत बालक दोभाइयों और एक बहन के बीच सबसेछोटा था। ननिहाल मेंआए बालक की मौत सेशादी की खुशियाँमातम मेंबदल गई। मांझीबस्ती मेंशोक की लहर फैल गई। प्रभारी थानाध्यक्ष अभय सिंह नेबताया कि परिवार वालों नेशव का पोस्टमार्टम करनेसेमना करदिया। वहीं घाट पर बालूके अवैध खनन के चलतेबनेगहरेगड्ढे मेंडूबनेके कारण बालक की मौत हो गई। इसेलेकर ग्रामीणों मेंआक्रोश व्याप्त हो गया है।

## धारा 24 में पारित आदेशों का तत्काल कराएं अनुपालन : जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की विभिन्न धाराओं में लंबित वादों के निस्तारण की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न धाराओं में निर्धारित समय सीमा के उपरांत लंबित वादों की तहसीलवार, न्यायालय वार समीक्षा की। धारा 24 में लंबित वादों की समीक्षा के दौरान उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर में समय सीमा के उपरांत लंबित वादों की संख्या अधिक पाए जाने पर उन्होंने संबंधित उप जिला अधिकारी को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को धारा 24 में पारित आदेशों का अनुपालन तत्काल सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। इस काम में लापरवाही करने पर उन्होंने संबंधित कानूनगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को भी कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि रबी फसल कटाई के उपरांत धारा 24 में पारित आदेशों के तत्काल अनुपालन में अब कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए। ना ही किसी प्रकार का बहाना चलेगा। उन्होंने कहा कि लापरवाही पर संबंधित लेखपाल एवं कानूनगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। धारा 34 एवं धारा 35 के वादों की समीक्षा के दौरान उन्होंने समस्त पेशकारो को प्रतिदिन इन धाराओं में लंबित वादोंकी सूची तैयार कर संबंधित पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा,जिससे इनकी लिस्टिंग करते हुए इनको प्राथमिकता के आधार पर निपटाए जा सके। धारा 34 में बिना किसी सारवान आपत्ति के तत्काल वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश जिला अधिकारी ने दिए।

## अपर जिला जज/ सचिव ने किया वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री राम मिलन सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा वन स्टॉप सेण्टर का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा रसोई घर का निरीक्षण करते हुए वन स्टॉप सेण्टर पर बने भोजन को स्वयं चखा गया जिसमें भोजन उपयुक्त पाया गया, परन्तु रसोई घर में रखें हुए चने में काले रंग के कीड़े पाये जाने पर केन्द्र प्रबन्धक से इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर समुचित उत्तर नही दिया गया जिस पर सचिव द्वारा नाराजगी जताई गई। वन स्टॉप सेण्टर के स्टॉक रजिस्टर के अवलोकन पर यह पाया गया कि केन्द्र पर पीड़िताओं हेतु आवंटित सामग्री मे टोस्ट, पोहा( चूड़ा) बिस्किट,नमकीन के उपयोग की वर्तमान स्थिति मिलान करने पर अनियमितता पायी गई जिस पर सचिव/अपर जिला जज द्वारा केन्द्र प्रबन्धक को व्यवस्थित करने हेतु कठोर दिशा निर्देश दिया गया। उन्होने केन्द्र पर निराश्रित महिला और पुलिस द्वारा रेस्क्यू की जाने वाली लड़कियों के रहने, खाने-पीने, उनकी काउन्सलिंग एवं सेन्टर की साफ-सफाई आदि की व्यवस्था बारे में जानकारी ली गई। सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा वन स्टाफ सेंटर में आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई केंद्र पर लंबित प्रकरण में पीड़िता के लिए उपलब्ध सुविधाओं स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सीय सुविधाओं पुलिस सुरक्षा विधिक सलाह व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई वन स्टाफ सेंटर के विषय में व्यापक प्रचार-प्रसार जागरूकता जागरूकता शिविर व पम्पलेट आदि के माध्यम से करने तथा उन्होने केन्द्र प्रबन्धक नीतू भारती को निर्देशित करते हुये कहा कि ऐसे महिला एवं बच्चों जिनकों विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें।


### अदालती सूचना

फार्म नंबर–158
साइटेशन अर्डनेरी फार्म
चेप्टर 18 रुल
न्यायालय जनपद न्यायाधीश,
कानपुर नगर
प्रकीर्ण वाद सं0 449 सन् 2025

श्रीमती मीना शर्मा, पत्नी स्व० आश नारायन शर्मा, उम्र लगभग 39 वर्ष निवासिनी म०नं० 24, गंगपुर चकबदा, बिठूर रोड, कानपुर नगर...वादिनी
बनाम–1. कु० कीर्ति शर्मा, पुत्री स्व० आश नारायन शर्मा, उम्र लगभग 20 वर्ष निवासिनी म०नं0 24, गंगपुर चकबदा, बिठूर रोड, कानपुर नगर 2. तनिष शर्मा, बालिग पुत्र स्व० आश नारायन शर्मा, उम्र लगभग 21 वर्ष निवासी म०नं० 29 गंगपुर, चकबदा, कानपुर नगर 3. उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा कलेक्टर, कानपुर नगर ....प्रतिवादीगण

जन सामान्य को सूचना–सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय में श्रीमती मीना शर्मा, पत्नी स्व० आश नारायन शर्मा, उम्र लगभग 39 वर्ष निवासिनी म०नं० 24. गंगपुर चकबदा, बिठूर रोड, कानपुर नगर ने अपने अवयस्क पुत्र निखिल शर्मा, नाबालिग पुत्र स्व० आश नारायन शर्मा के हक व विरासतन अधिकारी वाली आराजी सं० 37मि० रकबा 0.0500 हे०, 39 मि० रकबा 0.0130 हे०, 40 मि. रकबा 0.0070 हे० 41 मि. रकबा 0.1020, 42 मि० रकबा 0.0300, 43 मि० रकबा 0.0030 है. 44 मि० रकबा 0.0410 हे० व 54 मि० रकबा 0.0100 स्थित गाम गंगपुर चकबदा, तहसील व जिला कानपुर नगर कुल 08 किता आराजी जिसका कुल रकबा 0.2560 हे0 है, में 1/180 भाग अर्थात 0.00142 हे० है व आराजी सं० 294 रकबा 0.3480 हे0 स्थित ग्राम सम्भरपुर तहसील व जिला कानपुर नगर का 1/20 भाग अर्थात 0.0174 हे० व आराजी सं० 129 रकबा 0.6060 हे० व आराजी सं० 130 रकबा 0.6210 हे० स्थित ग्राम गंगपुर चकबदा, तहसील व जिला कानपुर नगर में 1/20 भाग अर्थात 0.06135 हे0 को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करने हेतु याचिका अन्तर्गत धारा 8(2) हिन्दू माइनॉरिटी एवं गार्जियन एक्ट 1956 के तहत दाखिल किया है। प्रार्थिनी/याचिनी के पति स्व० आश नारायन का स्वर्गवास दिनांक 16/06/2021 को हो गया है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा नियत दिनांक 08/07/2025 को उपरोक्त न्यायालय में अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। यदि हाजिर नहीं होते है तो वाद की कार्यवाही आपकी अनुपस्थिति में की जायेगी। आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से,सदर मुंसरिम न्यायालय जिला जज कानपुर नगर।

सी.आर.-309/K-CN

### अदालती सूचना

समक्ष न्यायालय श्रीमान् अपर जिला जज कक्ष संख्या 23 कानपुर नगर।
आर्बीट्रेशन वाद संख्या 155 सन् 2022

नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इण्डिया द्वारा प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रोजेक्ट इम्पलीमेनटेशन यूनिट कन्नौज–39, मुखर्जी विहार इन्द्रा नगर कानपुर नगर–208024.....वादी
बनाम–1.विजय कुमार पुत्र आर०के० निवासी दि माल कानपुर नगर 2. पार्टनर शिवा फर्म निवासी 07 दि माल कानपुर नगर 3. गोपी चन्द्र पुत्र जगराम निवासी मकान नम्बर 114 रतनलाल नगर, कानपुर नगर 4. अल्लाहाफिज इंस्पेक्ट्रम ड्रग्स फर्मासिटीकल्स प्रा०लि० द्वारा मैनेजिंग डायरेक्टर जावेद अली खान पुत्र अशरफ अली खान निवासी 8 हलवासिया कोर्ट लखनऊ 5. योगराज पुत्र गोपी चन्द्र निवासी मकान नम्बर 114 रतनलाल नगर, कानपुर नगर 6. योगराज कालरा पुत्र गोपी चन्द्र कालरा निवासी मकान नम्बर 120/813 रंजीत नगर, कानपुर नगर ... विपक्षीगण

वादी ने आपके विरुद्ध धारा 34 आर्बीट्रेशन एवं कैंसलेशन एक्ट 1996 के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 20.05.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से सम्बन्धित सभी साखान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आवारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 12.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, पीठासीन अधिकारी अपर जिला जज कक्ष सं. 23 कानपुर नगर।

सी.आर.-309/K-CN

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या :- EL-C-PRYJ-03-25-26 दिनांक :- 12.05.2025

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक 09.06.2025 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं। निविदा सम्बन्धी विस्तृत विवरण निम्नवत हैं-

**कार्य का नाम** : डीटूरिंग ऑफ़ एक्झिस्टिंग 132 के0 वी0 3 फेज़ डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन एट वेरियस 2x25 के0 वी0 टीएसएस इन जिवनाथपुर-कानपुर सेक्शन ऑफ़ नार्थ सेंट्रल रेलवे इन कनेक्शन विथ् मिशन रफ़्तार प्रोजेक्ट

**प्रकाशित कार्य की लागत (रू0 में)** : 17,64,78,445.20/- **बोली प्रतिभूति (रू. में)** : 10,32,400/-

**कार्य अवधि** : 6 माह **निविदा खुलने की तिथि** : 09.06.2025

**नोट** : 1. उपरोक्त सभी ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 15:00 बजे टेंडर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त सभी ई-निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिये कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है।

818/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

### उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, डी-2 तालपुरा योजना झांसी

**सर्वसाधारण सूचना**– उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद की नन्दनपुरा योजना झांसी में [illegible]आ०वर्ग भवन ए–342 श्री रण विजय सिंह पुत्र स्व० श्री जगन्नाथ सिंह को प्रदेशन पत्र [illegible]ख्या–1135 दिनांक 10.07.1981 द्वारा आवंटित हुआ था। आबंटी श्री रण विजय सिंह द्वारा [illegible]क भवन का पट्टा/विक्रय विलेख निष्पादित/निबन्धित कराने के पश्चात् उक्त भवन का [illegible]क्रय श्री सक्षम सिंह पुत्र श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष में दिनांक 06.01.2009 को कर दिया गया पश्चात् श्री सक्षम सिंह द्वारा भवन संख्या ए–342 का विक्रय जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक [illegible].12.2021 को श्री महेश साहू पुत्र श्री तुलसीराम साहू एवं श्रीमती विनीता साहू पत्नी श्री महेश [illegible]हू निवासी ए–138/2 आवास विकास कालोनी नन्दनपुरा योजना झांसी के पक्ष में संयुक्त रूप [illegible] कर दिया गया है। उनके द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण संयुक्त रूप से कराये जाने हेतु [illegible]र्थना पत्र दिया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि सन्दर्भित भवन [illegible]-342 को श्री महेश साहू पुत्र श्री तुलसीराम साहू एवं श्रीमती विनीता साहू पत्नी श्री महेश साहू [illegible] पक्ष में नामान्तरित करने में किसी को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से [illegible] दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति पत्र कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, उ०प्र० आवास एवं [illegible]कास परिषद, डी–2, तालपुरा योजना झांसी में प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात [illegible]वा कर्ता (Claiment) के पक्ष में नामान्तरण कर दिया जायेगा। जिसके लिये परिषद उत्तरदायी [illegible]हीं होगा।

सम्पति प्रबन्धक कृते आवास आयुक्त

सी.आर.-309/K

### अदालती सूचना

न्यायालय जिला जज कानपुर नगर
प्रकीर्ण वाद सं०– 306 सन् 2025

हिन्दी प्रचारिणी समिति कानपुर (उ०प्र०) स्थित पुराना डवलपमेन्ट बोर्ड सिविल लाइन्स जनपद कानपुर नगर 208001 द्वारा प्रधानमंत्री राजीव रंजन पाण्डेय वयस्क पुत्र श्याम नारायन पाण्डेय निवासी मं०नं0– 309, सी–1 इन्दिरा नगर, कानपुर नगर 208026
बनाम–उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिलाधिकारी महोदय कानपुर नगर।

जनसामान्य को सूचना–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हिन्दी प्रचारिणी समिति कानपुर उ०प्र० स्थित पुराना डवलपमेन्ट बोर्ड सिविल लाइन्स जनपद कानपुर नगर 208001 के प्रधानमंत्री राजीव रंजन पाण्डेय वयस्क पुत्र श्याम नारायन पाण्डेय निवासी मं०नं० 309, सी–1 इन्द्रिरा नगर, कानपुर नगर 208026 के द्वारा सोसाइटी की सम्पत्ति आराजी नं0–838 के जुज भाग रकबा 2 बीघा 8 बीसवा साढ़े पांच बिस्वांसी स्थित सिंहपुर कछार कानपुर नगर में से 4000 वर्गगज जमीन के विक्रय या 99 वर्षीय लीज डीड की अनुमति प्राप्त किये जाने हेतु उपरोक्त न्यायालय में याचिका दाखिल किया है। लिहाजा आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा सुनवाई हेतु नियत तिथि 28.05.2025 उपरोक्त न्यायालय में 10.00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति यदि कोई हो प्रस्तुत करें। आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुंसरिम न्यायालय जिला जज कानपुर नगर।

सी.आर.-309/K-CN

### संगीत नाटक अकादेमी | Sangeet Natak Akademi

National Academy of Music, Dance & Drama
Address: 35 Feroze Shah Road, New Delhi-110001

Applications are invited for the post of
Director, Kathak Kendra, New Delhi

Sangeet Natak Akademi, an autonomous body of the Ministry of Culture, Government of India, invites applications from eligible Indian nationals for the post of Director, Kathak Kendra, New Delhi in the Level-11 of the pay matrix (Rs. 67700-208700) on contract basis initially for a period of one year, extendable further up to 3 years. Kathak Kendra is a constituent unit of the Sangeet Natak Akademi, New Delhi.

For details of eligibility criteria, i.e., Educational Qualifications, Experience, Age, Pay and Application format, etc., please visit our website (http://sangeetnatak.gov.in/sna). The last date for submission of application is 16 June 2025.

The Akademi reserves the right to reject any / or all applications or cancel the proceedings / recruitment at any time without assigning any reason thereof.

Secretary
Sangeet Natak Akademi,
New Delhi

cbc09114/12/0003/2526

### अदालती सूचना

बअदालत नायब तहसीलदार पापरेंदा तहसील बिन्दकी, जिला फतेहपुर
नंबर मुकदमा वर्ष 2025
रमेश चन्द्र बनाम गंगा राम आदि

बनाम नोटिस – कमला देवी पत्नी शिवनाथ निवासी– ग्राम खोटिला, पोस्ट सिजौली, तहसील बिंदकी, जिला फतेहपुर.... विपक्षी

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत 24 उ०प्र० रा०सं० दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि दिनांक 21/05/2025 ई० को बवक्त प्रातः 07 बजें मुकाम नायब तहसीलदार पापरेंदा तहसील बिन्दकी, जिला फतेहपुर की अदालत में स्वयं या मार्फत वकील के जो मुक़दमा का जवाब दे सके, हाजिर कीजिए और जवाबदेही दावा को कीजिए और हर वह वही तारीख़ जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इनफिस लकतई मुक़दमा के तब्जर्ज हुई है। वैसे आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को जिनकी सहादत पर नीज जमला दस्तावेज जिन पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो, उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुक़दमा बगैर हाजिर आपका मसमूअ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तख़त और मुहर अदालत के आज बतारीख 07.05.2025 को जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम न्यायालय नायब तहसीलदार पापरेंदा तहसील बिन्दकी, जिला फतेहपुर।

सी.आर.-309/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) डेरापुर जनपद–कानपुर देहात
वाद संख्या टी202303400301117
धारा 116 उ.प्र. रा. संहिता 2006
ग्राम बान तहसील डेरापुर

अवधेश कुमार बनाम शिवकुमार आदि
पक्षकारों का नाम व पता:–1. शिवम पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी कंचौसी बाजार तहसील व जिला औरैया।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 19.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय आज्ञा से, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) डेरापुर, कानपुर देहात।

सी.आर.-309/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश महोदय कानपुर देहात
वाद सं. 186 सन् 2025

अनुराग कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र स्व. रामबाबू निवासी ग्राम सिमरिया थाना ठठिया जनपद कन्नौज..याची
बनाम– 1. श्रीमती रीना देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्री विसर्जन पत्नी अनुराग कुमार निवासिनी ग्राम पितानपुरवा थाना व तहसील रसूलाबाद कानपुर देहात 2. अजब यादव उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्र भगवत दयाल यादव निवासी ग्राम मुनियापुर मजरा लिलुआपुर पोस्ट फिरोजपुर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज ..प्रत्यार्थीगण

वाद अन्तर्गत धारा 13 हि.वि. अधिनियम

हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 16.05.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 03.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम न्यायालय प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर देहात

सी.आर.-309/K-CN

### स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम Mohammad imran से बदल कर नाम imran और सरनेम Mohammad कर दिया है Mohammad imran S/O Mohammad Iqbal R/O 133/23 O block kidwai Nagar Kanpur (25)

सी.आर.-309/K-25

**सूचना**

मैने अपने बेटे का नाम Mohammad Ishan से बदलकर नाम ishan और सरनेम Mohammad कर दिया है Mohammad Ishan S/O Mohammad imran R/O 133/23 O block kidwai Nagar Kanpur (25)

सी.आर.-309/K-25

**सूचना**

मैंने अपना नाम ali hasnen rizvi से बदल कर syed ali hasnen रख लिया है syed ali hasnen S/O syed sybte hasan R/O 369 LIG double storey Barra 2, kanpur nagar (28)

सी.आर.-309/K-28

**सूचना**

मैने अपने बेटे का नाम Mohammad irfan से बदलकर नाम irfan और सरनेम Mohammad कर दिया है Mohammad Irfan S/O Mohammad imran R/O 133/23 O block kidwai Nagar Kanpur (25)

सी.आर.-309/K-25

**सूचना**

मैंने अपना नाम दिव्या त्रिपाठी पुत्री हेम कुमार त्रिपाठी से बदलकर दिव्या त्रिवेदी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। दिव्या त्रिवेदी पत्नी पीयूष त्रिवेदी, राम नगर मंधना, कानपुर नगर– 209217(32)

सी.आर.-309/K-32

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव



फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# बैकग्राउंड : चीन को पसंद नहीं आया पाक सीजफायर सरेंडर!

## अमेरिका को प्राथमिकता दिए जाने से हुआ नाराज



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें पाकिस्तान और पीओके में कार्रवाई करते हुए कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। इसके बाद दोनों देश के बीच हालात बिगड़े और सीमा पर संघर्ष छिड़ गया, जिसके चौथे दिन 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा हुई। लेकिन इस सीजफायर को लेकर चार देशों- भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और चीन ने अलग-अलग बयान दिए, जिससे मामला और उलझ गया। वहीं पाकिस्तान के सीजफायर के तरीके से चीन की नाराजगी की खबरें भी सामने आई हैं। पाकिस्तान हमेशा चीन को ऑल वेदर फ्रेंड कहता है। लेकिन इस बार जब संकट आया, तो पाकिस्तान ने पहले अमेरिका से संपर्क किया, चीन से नहीं। इस बात से बीजिंग बहुत नाराज हुआ। सूत्रों के अनुसार, चीन को बुरा लगा कि पाकिस्तान ने अमेरिका को प्राथमिकता दी और उसे दरकिनार कर दिया। जब ट्रंप ने सीजफायर की घोषणा की, उसके कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने फिर से ड्रोन भेजे और भारतीय सीमा में घुसपैठ की। इसी दौरान पाकिस्तान ने चीन के साथ बातचीत की एक प्रेस रिलीज जारी की और बताया कि चीन ने पाकिस्तान की संयम और जिम्मेदार रवैये की तारीफ की। इसके बाद ही पाकिस्तान ने ड्रोन भेजना बंद किया। कई विशेषज्ञ मानते हैं कि यह चीन को संतुष्ट करने के लिए पाकिस्तान ने ऐसा कदम उठाया था। इसके दो दिन बाद चीन ने बयान जारी किया और दावा किया कि उनके विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात की और यह बातचीत सीजफायर में अहम रही। चीन की तरफ से कहा गया, हम चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान शांति बनाए रखें, बातचीत के जरिए विवाद सुलझाएं और क्षेत्र को स्थिर बनाएं। चीन दोनों देशों से संपर्क बनाए रखेगा। इसके बाद चीन ने कहा, हमने भारत और पाकिस्तान दोनों से बात की, हमारी कोशिशों से ही टकराव रुका और स्थायी शांति बनी। कुल मिलाकर अमेरिका के बाद चीन ने भी सीजफायर का श्रेय लेने की कोशिश में दिखा।

## पेरू के पीएम एड्रियनज़ेन ने दिया इस्तीफा

**लीमा।** पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनज़ेन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविज़न पर अपने संबोधन में कहा, राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफ़ा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूं। एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थीं, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।


# अब तुर्की के प्रोपेगेंडा पर भारत ने कसी नकेल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत सरकार ने आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तुर्की के सरकारी टीवी चैनल टीआरटी वर्ल्ड के

**टीआरटी वर्ल्ड का सोशल मीडिया हैंडल ब्लॉक**

**चीन के ग्लोबल टाइम्स का सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक**

सोशल मीडिया हैंडल को भारत में ब्लॉक कर दिया। यह कार्रवाई भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए की गई है। आज ही दिन में भारत ने चीन के सरकारी प्रोपेगेंडा अखबार ग्लोबल टाइम्स के सोशल मीडिया हैंडल को भी ब्लॉक कर दिया था।




सूत्रों के अनुसार, टीआरटी वर्ल्ड और ग्लोबल टाइम्स पर भारत के खिलाफ भ्रामक और भड़काऊ सामग्री फैलाने का आरोप है। पाकिस्तान समर्थक इन देशों के न्यूज पोर्टल अपने सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी फर्जी खबरें फैलाते पाए गए। भारत सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को 8,000 से अधिक खातों को ब्लॉक करने का आदेश दिया, जिनमें अंतरराष्ट्रीय समाचार संगठनों और प्रमुख यूजर्स के खाते शामिल हैं। सरकार का कहना है कि ये खाते राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंधों और सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाली गलत सूचनाएं फैला रहे थे। टीआरटी वर्ल्ड और ग्लोबल टाइम्स के खाते इस कार्रवाई का हिस्सा हैं।
हाल के दिनों में, भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गलत सूचनाओं का प्रसार तेजी से बढ़ा है। तुर्की का टीआरटी वर्ल्ड खुद को वैश्विक समाचार और तुर्की के दृष्टिकोण को पेश करने का दावा करता है। उस पर भी भारत विरोधी कवरेज का आरोप लगा है। विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम भारत द्वारा क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने और विदेशी प्रचार को रोकने की दिशा में उठाया गया है।

# तो मसूद अजहर को मिलेंगे 14 करोड़ रुपए!



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकार ने भारत के हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। उसकी इस स्कीम का सबसे बड़ा फायदा खूंखार आतंकी अजहर मसूद को ही मिलता दिख रहा है। अजहर मसूद के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के बहावलपुर स्थित मुख्यालय पर भारत ने एयर स्ट्राइक की थी। इन हवाई हमलों में जैश के मुख्यालय को जबरदस्त नुकसान पहुंचा। इसके अलावा उसके परिवार के ही 10 लोग मारे गए थे। 4 अन्य लोग उसके करीबी थे, जो मारे गए। अब इन सभी लोगों की एवज में 14 करोड़ रुपये अजहर मसूद और उसके करीबियों के परिवारों के खाते में जाएंगे। इस तरह पाकिस्तान सरकार की ओर से मदद के नाम पर जारी रकम सीधे तौर पर आतंकियों और उनके परिवारों को मदद देगी। पाकिस्तान पीएमओ की ओर से जारी प्रेस रिलीज में एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का ऐलान हुआ था। अब मदद के नाम पर जारी इस रकम का सीधा फायदा मसूद अजहर को ही मिलेगा।

## एक नज़र

### आतंकवाद से निपटने में मदद को ब्रिटेन तैयार

**लंदन।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने संसद में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच स्थायी युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटेन दोनों देशों के साथ काम करने के वास्ते तैयार है, साथ ही 'आतंकवाद' से निपटने के दोनों पक्षों के प्रयासों में सहयोग करने के लिए भी राजी है। लैमी ने 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में कश्मीर पर एक चर्चा के दौरान कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के अपने समकक्षों के साथ नियमित संपर्क में हैं ताकि दोनों देशों को सिंधु जल संधि जैसे 'कठिनाई से हासिल राजनयिक सहयोग' को लेकर प्रतिबद्धता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। छाया विदेश मंत्री प्रीति पटेल ने 'पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे की मौजूदगी' पर ब्रिटेन के विपक्षी दल की चिंताओं को जाहिर किया और इस खतरे से निपटने में ब्रिटेन की भूमिका पर मंत्री से सवाल किया। पटेल ने प्रश्न किया, 'पाकिस्तान सरकार से यह तय कराने के लिए क्या चर्चा हुई कि वह आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को नष्ट करेगी, साथ ही पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी खतरों को समाप्त करने में ब्रिटेन क्या भूमिका निभाएगा, क्योंकि इसी से क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा में सुधार होगा।'

### कनाडा की पहली हिंदू विदेश मंत्री बनीं अनीता आनंद

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 13 मई को अपने मंत्रिमंडल में व्यापक फेरबदल की घोषणा की, जिसमें भारतीय मूल की अनीता आनंद को कनाडा का नया विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। अनीता आनंद कनाडा की पहली हिंदू महिला विदेश मंत्री बनी हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस नियुक्ति पर अनीता को बधाई दी। शपथ ग्रहण के दौरान अनीता आनंद ने भगवद गीता पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अनीता आनंद का जन्म 20 मई 1967 को कनाडा के नोवा स्कोटिया प्रांत के केंटविल शहर में हुआ था। उनके माता-पिता भारतीय मूल के डॉक्टर थे, जो 1960 के दशक में भारत से कनाडा आए थे। उनकी मां सरोज डी. राम पंजाब से थीं, जबकि पिता सुंदरम वी. आनंद तमिलनाडु से थे। अनीता की दो बहनें हैं, गीता (रोजगार वकील) और सोनिया (डॉक्टर और रिसर्चर)। अनीता का मिडिल नेम इंदिरा है, जो उनके भारतीय मूल और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। उनके दादा वी.ए. सुंदरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय थे।

### हिंदुओं के खिलाफ बांग्लादेशी मौलवी ने उगला जहर

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद कट्टरपंथियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बांग्लादेशी इस्लामी मौलाना अब्दुल कुद्दूस फारूकी खुलेआम भारत विरोधी और हिन्दू विरोधी बयान दे रहे हैं। फारूकी ने अपने 11 मिनट के भाषण में तालिबान की आत्मघाती हमलों की रणनीति की प्रशंसा करते हुए कहा, अगर बांग्लादेशी सेना मुझे कोलकाता पर कब्जा करने का आदेश दे, तो मैं 70 फाइटर जेट नहीं, बल्कि आत्मघाती हमलावर भेजूंगा। मौलवी ने आगे कहा कि अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों के खिलाफ तालिबान की शहादत की रणनीति सफल रही है। एक कुरान की आयत का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, पहले मरो, फिर मारो। अपने भाषण में फारूकी ने हिन्दुओं के खिलाफ आपत्तिजनक और नफरत भरी भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, मुझे पता है कि उनका पसंदीदा खाना क्या है – गंदगी...। मुझे पता है कि वे कितने कमजोर हैं, खून देखकर कैसे डर जाते हैं। मूर्ति पूजक खून से कांप उठते हैं। यह वीडियो 8 मार्च को हसन मीडिया नामक यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था और अब तक इसे 1.3 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, जो कि चैनल की औसत व्यूज से 130 गुना ज्यादा है। वीडियो को 600 गुना अधिक कमेंट्स भी मिले हैं।

### बलूचों ने अगवा कर मार डाले 4 पाकिस्तानी पंजाबी

**इस्लामाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही सीजफायर हो गया है, लेकिन बलूचिस्तान में विद्रोही अब भी पड़ोसी देश की नाक में दम किए हुए हैं। पंजाब मूल के 4 ट्रक ड्राइवरों को किडनैप कर बलूचिस्तान में हत्या कर दी गई है। इन लोगों की हत्याओं की जिम्मेदारी फिलहाल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने नहीं ली है, लेकिन पाकिस्तानी एजेंसियों का संदेह बलूच विद्रोहियों पर ही है। दरअसल इन ट्रक ड्राइवरों को 9 मई को ही किडनैप कर लिया गया था। इन्हें तब अगवा किया गया था, जब वे ईरान से एलपीजी के ट्रक लेकर आ रहे थे। इन्हें रास्ते में ही बलूच विद्रोहियों ने रोका और फिर उनकी पहचान जानने के बाद अगवा कर लिया। डॉन की न्यूज के मुताबिक क्वेटा से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अहमदवाल इलाके से इन लोगों को अगवा किया गया था। विद्रोहियों ने पहले ट्रक टायरों को गोलियां मारकर पंचर कर दिया। इसके बाद ड्राइवरों को अगवा कर ले गए। सुरक्षाबलों के मौके पर पहुंचने से पहले ही वे ट्रक ड्राइवरों को लेकर निकल चुके थे।

# ट्रंप की फिर 'सरपंच' बनने की कोशिश



**रियाद।** भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण सबंध के बीच भारत के द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जबरन मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहे हैं। जबरन दोनों देशों के विवाद को सुलझाने के लिए सरपंच बनने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने सऊदी अरब में एक संबोधन के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम को अपनी सरकार की शांति स्थापना की उपलब्धि करार दिया है। उन्होंने यहां तक कहा कि भारत और पाकिस्तान को एक साथ डिनर पर जाना चाहिए ताकि

**कहा भारत-पाक साथ डिनर करें**

तनाव और कम हो सके। आपको यह भी बता दें कि भारत ने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान से पीओके और आतंकवाद पर ही सिर्फ बात होगी। और किसी की मध्यस्थता हमें स्वीकार नहीं।
सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मौजूदगी में हुए यूएस-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसी देशों के बीच संभावित परमाणु युद्ध को टालने में अहम भूमिका निभाई।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले तीनों सेना प्रमुख



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी, जिसे भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया था। राष्ट्रपति ने दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा की। राष्ट्रपति भवन ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा कि चीफ ऑफ

**सीडीएस भी रहे मौजूद, ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दी जानकारी**

डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इसके आगे लिखा गया कि राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को एक शानदार सफलता बना दिया।

## चीन ने बदले अरुणाचल प्रदेश के कई स्थानों के नाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने को व्यर्थ और बेतुका प्रयास बताते हुए आज दोहराया कि इस तरह की कोशिश से यह निर्विवाद सच नहीं बदलेगा कि यह राज्य भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। चीन की सरकार के इस कदम पर मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने देखा है कि चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नामकरण के अपने व्यर्थ और बेतुके प्रयासों को जारी रखा है। अपनी सैद्धांतिक स्थिति के अनुरूप, हम इस तरह के प्रयासों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं। रणधीर जायसवाल ने कहा, रचनात्मक नामकरण उस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदलेगा जो अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

## पाक को आईएमएफ से मिली 8400 करोड़ की दूसरी किश्त

**इस्लामाबाद।** भारत से भारी तनाव के बीच खस्ताहाल अर्थव्यवस्था से जूझ रहे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने जानकारी दी कि देश को आईएमएफ के एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी प्रोग्राम के तहत करीब 1.02 अरब डॉलर (करीब 8400 करोड़ रुपए) की दूसरी किश्त प्राप्त हुई है। पाकिस्तान पर विदेशी मुद्रा कर्ज लगभग 10.89 लाख करोड़ रुपए (दिसंबर 2024 तक) है। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया और कड़ा ऐक्शन लिया था। पहले से कर्ज के कारण गले तक डूबे पाकिस्तान पर भारत की यह स्ट्राइक इस तरह रही कि उसे आईएमएफ से लोन की गुहार लगानी पड़ी।

# मोदी गुस्से में हैं, फिर कर सकते हैं अटैक, इमरान खान ने जताया डर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान जेल में बंद हैं, लेकिन भारत से तनाव पर उनकी पूरी नजर है। इमरान खान से जेल में मुलाकात करने उनकी बहनें पहुंची थीं। उन्होंने मीटिंग के बाद बताया कि इमरान खान को डर है कि भारत ने भले ही सीजफायर स्वीकार कर लिया है, लेकिन अब भी हमला हो सकता है। इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा कि भाई को इस बात की चिंता है कि अब भी भारत अटैक कर सकता है। उन्होंने पाकिस्तान की सेना और सरकार से अलर्ट रहने को कहा है। जेल प्रशासन की तरफ से इमरान खान की बहनों को 8 सप्ताह के बाद मिलने की परमिशन दी गई थी। एक पाकिस्तानी अखबार के अनुसार अलीमा ने इमरान से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से अब भी अटैक हो सकता है। इमरान खान ने कहा कि नरेंद्र मोदी पाकिस्तान से नफरत करते हैं और गुस्से में फिर से कोई अटैक कर सकते हैं। इमरान खान के हवाले से अलीमा ने कहा कि जंग में 60 फीसदी जंग तो मानसिक ही होती है। मुझे डर है कि नरेंद्र मोदी फिर से अटैक कर सकते हैं। अलीमा ने कहा कि इमरान खान ने देश की चिंताओं पर बात की। इमरान खान की ओर से इस दौरान मिलिट्री कोर्ट में चल रहे मुकदमों को लेकर भी बात की।

## नेतन्याहू की हमास को खुली चेतावनी

# बंधकों की रिहाई के बाद भी गाजा में नहीं होगा युद्धविराम

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा है कि गाजा में चल रहे युद्ध को रोकने का कोई इरादा नहीं है, भले ही हमास के साथ बंधकों की रिहाई के लिए कोई समझौता हो जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि हमास बंधकों को रिहा करता है, तो इजरायल उन्हें स्वीकार करेगा, लेकिन इसके बाद भी सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी। नेतन्याहू ने कहा, हम बंधकों को लेंगे, और फिर हम आगे बढ़ेंगे। लेकिन युद्ध को रोकने का कोई रास्ता नहीं है। नेतन्याहू के इस बयान ने हाल के दिनों में गाजा में युद्धविराम की उम्मीदों को झटका दिया है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब हमास ने सोमवार को एक अमेरिकी-इजरायली बंधक एडन अलेक्जेंडर को रिहा किया था। इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति सद्भावना के तौर पर देखा गया। ट्रंप ने पहले उम्मीद जताई थी कि सोमवार को इजरायली-अमेरिकी सैनिक एडन अलेक्जेंडर की रिहाई 19 महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की दिशा में एक कदम होगा। इस रिहाई के बाद मिस्र, कतर, अमेरिका और हमास के बीच चार-पक्षीय वार्ता के जरिए युद्धविराम की संभावनाएं बढ़ती दिख रही थीं। हालांकि, नेतन्याहू ने साफ कर दिया कि युद्धविराम केवल सीमित समय के लिए संभव है और इजरायल का लक्ष्य हमास को पूरी तरह खत्म करना है।

### गाजा पर ताजा हमलों में 60 की मौत

देर अल बलाह (गाजा पट्टी)। इजरायल ने गाजा पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। मंगलवार रात और बुधवार सुबह इजरायल ने उत्तरी गाजा में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इस दौरान कम से कम 22 बच्चे मारे गए। जबलिया में इंडोनेशियाई अस्पताल ने बताया कि हमलों में कुल मिलाकर 60 लोगों की मौत हुई है। हमला अमेरिका की मध्यस्थता में हमास की ओर से एक इजरायली-अमेरिकी बंधक को रिहा करने के एक दिन बाद हुआ। बड़ी बात यह भी है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस वक्त सऊदी अरब का दौरा कर रहे हैं।

## मोहक मटकर को राजस्थानी माहौल में ढलना पड़ा!

नया शो 'सरू' एक मजबूत इरादों वाली लड़की की कहानी है, जो राजस्थान के खारेस गांव से निकलकर अपने बड़े सपनों की उड़ान भरना चाहती है। समाज की बंदिशों से लड़कर, वो आगे बढ़ना चाहती है और उच्च शिक्षा हासिल करने का अपना ख्वाब पूरा करना चाहती है। इस किरदार को निभा रही हैं मोहक मटकर, जो पहली बार स्क्रीन पर नजर आएंगी। मोहक मटकर ने अपने किरदार को सच्चाई से निभाने के लिए सिर्फएक्टिंग ही नहीं की बल्कि उस इलाके की संस्कृति, बोली और माहौल में भी खुद को पूरी तरह ढाल लिया। सरू के किरदार को समझने के लिए मोहक ने सिर्फ स्क्रिप्ट याद नहीं की, बल्कि राजस्थानी बोलचाल की बारीकियों को समझने के लिए दिल लगाकर मेहनत की। वो वहां के एक गांव की मिट्टी में पूरी तरह ढल गईं। उन्होंने वहां के लोगों से बात की, उनकी भाषा सीखी और उनके अंदाज़ को करीब से महसूस किया। उन्होंने एक कोच की मदद से लहजे, रफ्तार और उच्चारण को पकड़ा। लेकिन उनके लिए ये तैयारी सिर्फशब्दों तक सीमित नहीं रही। जब शूटिंग राजस्थान में चल रही थी, तब उन्होंने गांव की महिलाओं और स्कूल की बच्चियों के साथ वक्त बिताया और उनकी बातें, हावभाव और अंदाज़ को महसूस किया। इस तरह भाषा उनके लिए सिर्फ डायलॉग नहीं रही, वो एक जज़्बा बन गई। मोहक ने कहा, ''जब मैं सरू के किरदार की तैयारी कर रही थी, तो मैंने खुद तय किया था कि शूट के दौरान राजस्थान में जितने ज्यादा लोगों से बात कर सकूं, करूंगी। चूंकि मैं शहर के माहौल से आती हूं, तो ये सब मेरे लिए बिल्कुल नया था। ये देखना बहुत दिलचस्प था कि बोलचाल का तरीका हर जगह कितना अलग होता है। शुरुआत में जब मैंने अपने डायलॉग कोच के साथ काम करना शुरू किया, तो मैं अक्सर कंफ्यूज़ हो जाती थी। लेकिन अब धीरे-धीरे उस अंदाज़ को पकड़ना शुरू कर दिया है।

## टीवी की सासू मांओं का आइकॉनिक साड़ी लुक्स!



जब बात दिलों पर राज करने और स्टाइल का ट्रेंड सेट करने की हो, तो टेलीविज़न की आइकॉनिक सासुएं हमेशा आगे रही हैं - परंपरा की मिठास, रंगों की चमक और अपने दिलकश अंदाज़ के साथ! प्रसिद्ध ऐक्टर्स हिमानी शिवपुरी और सोमा राठौड़ क्रमशः 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा और 'भाबीजी घर पर हैं' में रामकली (अम्मा) की अपनी प्यारी भूमिकाओं के लिये मशहूर हैं। वह अनापेक्षित रूप से फैशन आइकन्स बनकर भी उभरी हैं। हर एपिसोड के साथ टीवी की ये सासू मांएं भारतीय कारीगरी और पारंपरिक तरीके से बनाये गये परिधानों को फिर से जीवंत करती है, जिससे देसी फैशन ना सिर्फ ट्रेंडी बल्कि गर्व और प्रेरणा का कारण बन जाता है। हिमानी शिवपुरी, जो एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''मैं हमेशा से ही साड़ियों की शौकीन रही हूं, और इस भूमिका ने मुझे भारतीय कारीगरों द्वारा बनाई गई कुछ बेहद खूबसूरत साड़ियां पहनने का मौका दिया है। मुझे बेहद खुशी होती है और संतोष मिलता है जब फैंस, खासकर महिलाएं, शो में पहनी जाने वाली साड़ियों के बारे में बात करती हैं। मुझे याद है कि हाल ही में लखनऊ यात्रा के दौरान, जब मैं एक व्यस्त बाजार में साड़ी खरीद रही थी, एक दुकानदार ने अचानक मुझे पहचान लिया और कहा, 'अम्मा जी, आपका शो तो रोज़ देखता हूं, और आपकी साड़ी का स्टाइल बहुत पसंद है, लोग कहते हैं कि कटोरी अम्मा वाली साड़ी दिखाइए!' वह पल सच में मुझे छू गया।''

## बाजार दर्पण







